* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

13 सितंबर, 2022
आश्विन, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


रांची
मंगलवार, वर्ष 07, अंक 324

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का एलान : रोहित शर्मा कप्तान, हर्षल पटेल और बुमराह की वापसी, शमी, श्रेयस, बिश्नोई और चाहर स्टैंडबाय में





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 48,000 रु./10 ग्राम
चांदी 58,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 13 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


**बड़ा सवाल :** झामुमो के गढ़ में ही लगातार क्यों हो रही हैं घटनाएं, यह संयोग है या एक सुनियोजित प्रयोग

# कहीं हेमंत सोरेन को घेरने की यह साजिश तो नहीं!

## खास तरह के पैटर्न से इन इलाकों में नैरेटिव सेट करने की हो रही कोशिश, हेमंत सोरेन को सतर्क रहने की है जरूरत

आजाद सिपाही विशेष

**झारखंड के चेहरे पर पिछले एक-डेढ़ महीने के दौरान जिन घटनाओं ने राज्यीय और राष्ट्रीय स्तर पर दाग लगाया है, उनमें एक खास तरह का पैटर्न नजर आता है। यही कारण है कि अब यह संदेह होने लगा है कि कहीं इन घटनाओं का मकसद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को घेरना तो नहीं है, कहीं उन्हें राजनीतिक और प्रशासनिक रूप से अक्षम-कमजोर साबित करना की साजिश तो नहीं है, ताकि झारखंड की सियासत की गाड़ी को अपनी मर्जी के अनुरूप हांका जा सके। झारखंड में हो रही घटनाओं का पैटर्न देखने पर सहज ही यह समझ में आ जाता है कि इन घटनाओं को एक खास मकसद के लिए अंजाम दिया जा रहा है, एक खास नैरेटिव सेट करने के लिए इन्हें सुर्खियों में लाया जा रहा है। यह अभियान पिछले डेढ़ महीने में नहीं, बल्कि 2019 के विधानसभा चुनाव के तत्काल बाद हेमंत सोरेन सरकार द्वारा सत्ता संभालने के बाद ही शुरू हो गया था, लेकिन वैश्विक महामारी कोरोना के कारण उसमें बहुत धार नहीं दी जा सकी थी। लोहरदगा से लेकर गढ़वा और संथाल परगना की घटनाएं साबित करती हैं कि इन सबके पीछे एक खास मकसद है और वह है झामुमो के गढ़ रहे या बन रहे इलाकों में झारखंड की सबसे ताकतवर क्षेत्रीय पार्टी को कमजोर करना और इसके जरिये हेमंत सोरेन को बदनाम करना। इस साजिश में किसी दल या संगठन का ही हाथ नहीं हो सकता है, बल्कि ऐसे लोग भी शामिल हो सकते हैं, जो अपने मकसद के लिए झामुमो के इर्द-गिर्द हों। झारखंड की इस साजिश के कारणों का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

पिछले 5 सितंबर को झारखंड विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के बाद राजधानी रांची के एक प्रबुद्ध व्यक्ति ने टिप्पणी की कि यह सारा प्रकरण केवल एक व्यक्ति को नकारा साबित करने के लिए हो रहा है और उस व्यक्ति का नाम है हेमंत सोरेन। इस टिप्पणी पर चौंकना स्वाभाविक था, क्योंकि वह व्यक्ति झामुमो विरोधी स्टैंड के लिए जाना जाता है। जब उनसे सवाल किया गया कि क्या वाकई हेमंत सोरेन नकारा हैं, तो उनका जवाब था: नहीं, वह नकारा नहीं हैं। इसलिए तो उनके खिलाफ यह सब साजिश रची जा रही है। काफी विस्तार से चर्चा हुई और तब कहीं न कहीं यह आभास हुआ कि उस व्यक्ति की टिप्पणी बहुत गलत नहीं थी।

झारखंड में पिछले विधानसभा चुनाव के बाद हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद की घटनाओं को याद कीजिए। एक-एक कर घटनाओं का खुली आंखों और दिमाग से विश्लेषण कीजिए, खुद-ब-खुद पता चल जायेगा कि इन सभी का एक खास पैटर्न रहा है। बहुत पीछे की घटनाओं को छोड़ भी दिया जाये, तो हाल की घटनाओं का ही उदाहरण लिया जा सकता है। कोयला से लेकर बालू और पत्थर तस्करी से लेकर मानव तस्करी की घटनाओं के केंद्र में कौन से इलाके रहे हैं। इतना ही नहीं, सांप्रदायिक टकरावों का घटनास्थल कौन सा रहा है। स्कूलों में रविवार की जगह शुक्रवार को छुट्टी की खबरें किस इलाके से आयीं और कहां एक खास समुदाय द्वारा उत्पात किये जाने के समाचार आये। कथित लव जिहाद और लड़कियों-महिलाओं के खिलाफ अपराध की सबसे अधिक वारदात किन इलाकों में हुई हैं। इन सारे सवालों का जवाब एक ही है। इन सारी घटनाओं के केंद्र में वे इलाके रहे हैं, जहां या तो झामुमो राजनीतिक रूप से मजबूत हुआ है या फिर सोरेन परिवार वहां से सीधे जुड़ा हुआ है। आखिर दूसरे इलाकों से इस तरह की किसी घटना की खबर क्यों नहीं मिल रही है। यह सोचनेवाली बात है।

तो फिर क्या वाकई झारखंड में एक नैरेटिव सेट किया जा रहा है कि एक मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन नकारा हैं और उनकी सरकार में एक खास समुदाय को



कानून का डर नहीं रह गया है। यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि हाल के दिनों में हेमंत सोरेन राजनीतिक रूप से पहले से कहीं अधिक मजबूत हुए हैं। उन्होंने दिखा दिया है कि वह इस मनोवैज्ञानिक या दिमागी खेल को अच्छे से खेल सकते हैं और अपने राजनीतिक विरोधियों को इस स्थिति में रख सकते हैं कि वे अनुमान ही लगाते रह जायें।

यह बात सही है कि झारखंड की वर्तमान राजनीतिक और प्रशासनिक परिस्थितियां करीब तीन साल पुरानी हेमंत सोरेन सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है, जिसका सामना सोरेन ने अपने अब तक के राजनीतिक जीवन में अभी तक नहीं किया था। लेकिन इन कठिन चुनौतियों और तनाव भरे समय में भी हेमंत सोरेन शांत बने हुए हैं, तो इसके पीछे के कारणों को जानना और भी दिलचस्प हो सकता है।

लेकिन हेमंत सोरेन को एक पल के लिए किनारे रखते हैं। बात करते हैं झारखंड के व्यापक हितों की। क्या झारखंड की सवा तीन करोड़ आबादी को याद है कि 2019 से पहले कभी झारखंड के हितों की बात की गयी थी। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद से ही लगातार यह बात कही जाने लगी थी कि यह एक फेल्योर स्टेट है। लेकिन हेमंत सोरेन ने बहुत सारे ऐसे फैसले लिये, जिनसे उन्हें राजनीतिक ही नहीं, प्रशासनिक ताकत भी मिली। संथाल परगना के अपने मजबूत और लगभग अभेद्य किले से निकल कर झारखंड के इस पहले राजनीतिक परिवार के उत्तराधिकारी ने आदिवासियों को जो पहचान दी, वह बहुतों से हजम नहीं हो पा रहा।

यही कारण है कि गड़बड़ियां सबसे पहले संथाल परगना से शुरू हुईं। फिर सूची में नाम जुड़ा गढ़वा का, जो आम तौर पर अभावग्रस्त इलाका माना जाता था। कम बारिश के बावजूद यह इलाका राजनीतिक नजरिये से करवट ले रहा था। झामुमो को पहली बार यहां सेबड़ी कामयाबी मिली। लेकिन पिछले करीब तीन साल के दौरान हुई वारदातों ने साफ कर दिया है कि सब कुछ सुनियोजित तरीके से हो रहा है।

अब एक नजर इन वारदातों के प्रति राजनीतिक दलों की प्रतिक्रियाओं पर डालते हैं। क्या यह बात महत्वपूर्ण नहीं है कि वारदात वाले इलाकों के लिए प्रभारी मंत्री बनाये गये हैं और उन्हें वहां जाकर पीड़ितों-प्रभावितों से मिलना चाहिए। यदि मंत्री नहीं भी हैं, तो भी संबंधित इलाके के जनप्रतिनिधियों को तो तत्काल मौके पर पहुंचना जरूरी माना जाता है। फिर क्या कारण है कि दुमका की अंकिता सिंह के घर सहयोगी दल के न तो मंत्री जाते हैं और न ही पार्टी के नेता। सहयोगी दल का कोई बयान भी सामने नहीं आता है। गढ़वा में लव जिहाद की घटना चार साल पुरानी है, लेकिन एक हफ्ते के भीतर उसे इस तरह परोसा गया, मानो अभी-अभी ऐसा हुआ है। यह सब गहन जांच का विषय हो सकता है। लेकिन इतना जरूर है कि इन सबके पीछे एक खास मकसद काम कर रहा है, जिसके निशाने पर केवल एक व्यक्ति है और वह है हेमंत सोरेन। इसलिए अब हेमंत सोरेन को न केवल अपने विरोधियों से, बल्कि अपने इर्द-गिर्द रह रहे वैसे लोगों से भी चौकस रहना होगा, जो खाते तो उनकी थाली में हैं, लेकिन बाद में उसी में छेद करने के लिए उद्यत रहते हैं। जो अपने राजनीतिक लाभ के लिए चुनाव तो उनके साथ लड़ते हैं, लेकिन जब हेमंत सोरेन के खिलाफ राजनीतिक हमला होता है, तो वे किनारा कर लेते हैं। एक खास वर्ग के लोग जब घटनाओं को अंजाम देते हैं, तो हेमंत सोरेन सरकार के सहयोगी एक बार भी घटनाओं की भर्त्सना-निंदा नहीं करते। लेकिन जब पुलिस उस पर एक्शन लेती है, तो वे मांग करने लगते हैं कि इस अधिकारी को बदलो, उस अधिकारी को बदलो। दबाव बनाने के लिए प्रतिनिधियों का रेला लग जाता है। याद कीजिए, जब रांची की घटना हुई, पुलिस को निशाना बनाया गया, तो क्या हेमंत सरकार के सहयोगी दल के किसी नेता या मंत्री का यह बयान आया कि ऐसा नहीं होना चाहिए। लेकिन जैसे ही पुलिस प्रशासन ने एक्शन लेना शुरू किया, एक खास वर्ग के लोगों ने तूफान खड़ा कर दिया। पिछले दिनों ओरमांझी के एक स्कूल में घटना घटी। इस घटना ने हेमंत सोरेन की सरकार की साख पर बट्टा लगाया है। लेकिन इसका सबसे आश्चर्यजनक पहलू यह है कि अब तक किसी भी बुद्धिजीवी या सामाजिक कार्यकर्ता ने इस घटना की भर्त्सना नहीं की है। नरकोपी से लेकर लोहरदगा, बरही से लेकर गढ़वा और कुडू तक की घटनाओं में एक समुदाय विशेष का हाथ सामने आया है, लेकिन उस समुदाय विशेष के जिम्मेदार लोगों ने एक बार भी नहीं कहा कि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगनी चाहिए। दोषियों को सजा मिले। बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों की यह चुप्पी झारखंड के लिए खतरनाक है।

---

# खेत में ट्रैक्टर जाने से रोका, तो सुलतान ने आदिवासी विधवा के साथ किया रेप

**एसपी और थानेदार के पास पहुंची पीड़िता, प्राथमिकी दर्ज आरोपी सुलतान अंसारी फरार**

आजाद सिपाही संवाददाता


सुलतान अंसारी

**कुडू।** झारखंड के लोहरदगा जिले से दबंगई और रेप की एक घटना सामने आयी है। 28 वर्षीय आदिवासी महिला के साथ सुलतान अंसारी नामक युवक ने पहले तो गाली-गलौज कर मारपीट की, फिर उसके साथ दुष्कर्म भी किया। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है और प्राथमिकी दर्ज कर ली है। केस होते ही युवक सुलतान अंसारी घर से फरार हो गया है। सुलतान अंसारी नेशनल कांग्रेस वर्कर्स कमेटी का लोहरदगा जिला अध्यक्ष है। मामला कुडू थाना क्षेत्र का है।

आदिवासी महिला के साथ सुलतान अंसारी ने उस समय घटना को अंजाम दिया था, जब महिला अपने खेत में काम करने गयी हुई थी। पीड़िता ने एसपी को आपबीती सुनाते हुए बताया कि आरोपी युवक सुलतान अंसारी पीड़ित महिला के खेत से अपना बालू लदा ट्रैक्टर लेकर जाता था, इसलिए महिला को खेत में काम करने से रोक रहा था। जब महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी युवक महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा और खेत के किनारे ले जाकर दुष्कर्म किया। रेप करने के बाद उसने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी और चला गया। पीड़ित महिला का कहना है कि डर के कारण घटना के समय केस दर्ज नहीं करा पायी लेकिन जब घर और समाज के लोगों ने साथ दिया तो महिला थाना और एसपी के पास पहुंच प्राथमिकी दर्ज करायी। पीड़ित महिला विधवा है। उसके पति की मृत्यु 5 साल पहले टीबी बीमारी से हो गयी है।

पीड़ित महिला अपने 10 साल के बेटा के साथ घर पर रहती है। पीड़ित महिला ने कुडू थाना और पुलिस अधीक्षक के पास पहुंच आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए गुहार लगायी है। इस मामले में कुडू थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। इस केस में कुडू थाना कांड संख्या 140 दुष्कर्म का धारा 376 एसटी एससी एक्ट धारा 323,341 दर्ज कर आरोपी की खोजबीन की जा रही है आरोपी फिलहाल पुलिस गिरफ्त से दूर है। कुडू थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है, साथ ही मामले की जांच की जा रही और आरोपी युवक की धर पकड़ के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही आरोपी युवक सुलतान अंसारी को गिरफ्तार कर

## आरोपी सुलतान कांग्रेस का नेता है : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि लोहरदगा जिले में आदिवासी विधवा महिला से आरोपी सुल्तान अंसारी ने मारपीट की और खेत में बलात्कार किया। आरोपी युवक नेशनल कांग्रेस वर्कर कमेटी का लोहरदगा जिलाध्यक्ष है। यह मामला कुडू थाना क्षेत्र का है। महिला विधवा है। डर के कारण महिला ने देर से प्राथमिकी दर्ज करायी। उन्होंने कहा कि आखिर कब तक राज्य में सरेआम बहन बेटियों की इज्जत लुटती रहेगी। अब तो लज्जा भी लजा जायेगी। कहा कि ऐसी सरकार झारखंड की जनता ने कभी नहीं देखी। कहा कि घटना में शामिल अपराधी को अविलंब गिरफ्तार किया जाये। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी का यह पुराना चाल चरित्र है।

---

# डीएसपी के खिलाफ मुंह खोला तो को भेज दिया जेल : मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में रहनेवाला आदिवासी चुनका टुडू पिछले तीन महीने से जेल में है। भाजपा विधायक दल क नेता बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि दुमका के अंकिता हत्याकांड में आरोपित की मदद करनेवाले डीएसपी नूर मुस्तफा की अवैध खनन में शामिल होने की शिकायत चुनका टुडू ने गृह मंत्रालय से की थी। इसके बाद केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से इस पर जवाब मांगा था। पिछले दो महीने में इसकी जांच तो नहीं ही हुई, जबकि ऐसे भ्रष्ट अधिकारी को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है।

**गृह मंत्रालय को भेजा था अवैध धंधों का काला चिट्ठा**

सबूतों के साथ शिकायत करने वाले संताल आदिवासी चुनका टुडू को तीन महीने से जेल में बंद रखा गया है। बाबूलाल मरांडी ने पूछा है कि यह झारखंड का दुर्भाग्य नहीं तो और क्या है। बाबूलाल मरांडी ने ट्विटर पर लिखा- दुमका में अंकिता और नाबालिग आदिवासी लड़की के जिहादी हत्यारों को बचाने की संदिग्ध भूमिका में रहे एसडीपीओ नूर मुस्तफा राज्य में अवैध खनन के भी प्रमुख हिस्सेदार हैं। इनके कारनामों में राजनैतिक संरक्षण भी ऐसा कि इनके अवैध धंधों की शिकायत करने वाले चुनका टुडू को ही झूठे मामले में फंसाकर जेल भेज दिया। चुनका टुडू ने साक्ष्यों के साथ केंद्रीय गृह मंत्री को इस अवैध खनन के खेल में एसडीपीओ की भूमिका के संदर्भ में शिकायत की थी, इसके आलोक में केंद्र ने राज्य सरकार भूतत्व व पर्यावरण विभाग और जिले के डीसी और एसपी से इस पर जवाब मांगा था। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से दो महीने से जांच ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है। अपराधियों का खुलकर बचाव करने वाले ऐसे पदाधिकारी सत्ता के शीर्षस्थ लोगों के संरक्षण में राज्य की नींव खोद रहे हैं और शिकायतकर्ता संताल आदिवासी तीन महीनों से जेल में बंद है। हेमंत सोरेन जी, यह झारखंड का दुर्भाग्य नहीं तो और क्या है?

---

बाबूलाल दलबदल मामला

# हाइकोर्ट का पूरक शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश

**अगली सुनवाई 14 को**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक दल की नेता बाबूलाल मरांडी की ओर से दलबदल मामले में स्पीकर के न्यायाधिकरण में फैसला सुरक्षित रखने के खिलाफ मामले की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर के अदालत में हुई। मामले में कोर्ट ने प्रार्थी बाबूलाल मरांडी को पूरक शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 14 सितंबर निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह और अधिवक्ता विनोद कुमार साहू ने पैरवी की। रिट याचिका में कहा गया है कि स्पीकर ने नियम संगत सुनवाई नहीं की है। स्पीकर के न्यायाधिकरण में संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत सुनवाई में भेदभाव हो रहा है। गवाही खत्म होने के बाद उन्हें पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया है। 30 सितंबर को सुनवाई खत्म कर ली गयी है फैसला कभी भी सुनाया जा सकता है। कहा गया है कि जिस मामले में बाबूलाल प्रतिवादी हैं उसकी सुनवाई कुछ अलग तरीके से हो रही है और जिस मामले में प्रदीप यादव प्रतिवादी है उसमें अलग तरीके से सुनवाई हो रही है। वे अपने मामले में गवाही कराना चाहते थे लेकिन अनुमति नहीं दी गयी। बता दें कि जेवीएम के टिकट पर बाबूलाल मरांडी वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में जीते थे लेकिन उन्होंने जेवीएम का विलय भाजपा में कर दिया था।

---

कांग्रेस ने आरएसएस की जलती ड्रेस पोस्ट की, लिखा, नफरत से मुक्ति में 145 दिन बाकी

# कांग्रेस की पोस्ट पर भड़की भाजपा और आरएसएस

आजाद सिपाही संवाददाता

**तिरुअनंतपुरम।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा लगातार सुर्खियों में है। इस यात्रा के दौरान कांग्रेस ने अपने ट्विटर अकाउंट से खाकी की एक निक्कर की तस्वीर शेयर की। इसमें लिखा है कि देश को नफरत से मुक्त कराने में 145 दिन बाकी हैं। इस पर आरएसएस ने कहा कि इनके बाप-दादा ने संघ का बहुत तिरस्कार किया, लेकिन संघ रुका नहीं। वहीं, भाजपा ने कांग्रेस पर सिख विरोधी दंगे भड़काने का आरोप लगाया है।

**संघ बोला, इनके बाप-दादा ने भी यही कोशिश की**

### क्या है कांग्रेस की पोस्ट में

कांग्रेस ने 7 सितंबर से भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। 150 दिन की इस यात्रा में कांग्रेस कन्याकुमारी से कश्मीर तक का सफर करेगी। फिलहाल कांग्रेस ने तमिलनाडु की यात्रा की है। अभी केरल की यात्रा पर है। इस बीच कांग्रेस ने अपने ट्विटर पर एक पोस्ट किया है। कांग्रेस की इस पोस्ट में खाकी का निक्कर एक कोने से जल रहा है। नीचे लिखा है '145 दिन बाकी हैं।' फोटो के साथ कांग्रेस ने कैप्शन दिया है कि 'देश को नफरत के चंगुल से मुक्त कराने और भाजपा-आरएसएस के डैमेज की भरपाई के हमारे लक्ष्य पर हम धीरे-धीरे पहुंच ही जायेंगे।'

**कांग्रेस लोगों को नफरत से जोड़ना चाहती है: आरएसएस**

आरएसएस के सह सरकार्यवाह डॉ. मनमोहन वैद्य ने कहा है कि वे लोगों को नफरत से जोड़ना चाहते हैं। उनके बाप-दादा ने संघ का तिरस्कार किया और अपनी पूरी ताकत के साथ संघ को रोकने का प्रयास किया, लेकिन संघ रुका नहीं, संघ लगातार बढ़ रहा है।

### भाजपा नेताओं ने सिख दंगों की याद दिलायी

इसके बाद भाजपा नेताओं ने कांग्रेस को निशाने पर ले लिया। साउथ बेंगलुरु से भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या, असम के सीएम हेमंत बिस्व सरमा, दिल्ली भाजपा प्रवक्ता तजिंदर पाल सिंह बग्गा समेत कई नेताओं ने कहा कि आखिर कांग्रेस मान ही गयी कि वही देश जलाती है। तेजस्वी सूर्या ने कहा कि कांग्रेस ने 1984 में दिल्ली को आग लगायी। कांग्रेस के इकोसिस्टम ने 2002 में गोधरा में 59 कारसेवकों को जिंदा जला दिया। आज एक बार फिर इन्होंने हिंसा का आह्वान किया है।

www.epaper.azadsipahi.com

13 सितंबर, 2022
आश्विन, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 07, अंक 324

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

गृह मंत्रालय ने दिये सोनाली फोगाट केस की सीबीआइ जांच के आदेश









### मुख्यमंत्री ने सुखाड़ को लेकर आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक की

# राज्य में एक लाख कुआं और एक लाख तालाब बनेंगे : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने मनरेगा के तहत कच्चे कार्यों पर लगी रोक हटाने का दिया निर्देश
- ग्रामीण इलाकों में रोजगार सृजन के लिए हर गांव में 5-5 नयी योजनाएं शुरू होंगी



झारखंड मंत्रालय में आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के महत्वपूर्ण निर्देश**

- गौ पालकों के लिए योजना बनायें। इसके अंतर्गत समूह बनाने वालों को गाय-भैंस उपलब्ध करायें।
- ग्रामीण कृषि उत्पादों को बढ़ावा दें। उत्पादों को बाजार उपलब्ध करायें।
- सूखे के कारण अगर पेयजल संकट पैदा होता है तो टैंकर अथवा अन्य माध्यमों से पेयजल आपूर्ति को सामान्य बनायें।
- विद्यार्थियों के बीच समय पर छात्रवृत्ति वितरित की जाये।
- सभी सरकारी और रैयती तालाबों का गहरीकरण शुरू किया जाये।
- मनरेगा के तहत मानव सृजन दिवस की गति तेज की जाये।
- लघु सिंचाई परियोजनाओं के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू करें।
- राज्य में पर्यटक स्थलों पर रोजगार की संभावनाओं को तलाशें।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि सूखे की स्थिति को देखते हुए पूरे राज्य में एक लाख नये कुआं और एक लाख तालाब बनाये जायेंगे। इसके साथ युद्ध स्तर पर चापाकल और चेक डैम की मरम्मत की जायेगी। मुख्यमंत्री सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में राज्य में सूखे की स्थिति और उससे निपटने को लेकर आपदा प्रबंधन प्राधिकार की उच्च स्तरीय बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने राज्य में वर्षापात और फसलों की बुआई की पूरी जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सूखे से किसानों, पशु पालकों, श्रमिकों-मजदूरों और ग्रामीणों को राहत देने के लिए सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उन्होंने हर गांव में कम से कम पांच-पांच नयी योजनाएं शुरू करने का निर्देश दिया, ताकि रोजगार सृजन के साथ पलायन को रोका जा सके।

**संबंधित विभाग समन्वय बना कर योजनाएं बनायें :** मुख्यमंत्री ने विभागों से कहा कि वे समन्वय बनाकर योजनाएं बनायें। उन्होंने विभागों को सुखाड़ जैसे हालात से निपटने के लिए दो हजार से लेकर ढाई हजार करोड़ रुपये तक की योजना बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी योजनाओं की जियो टैगिंग करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने सुखाड़ के मद्देनजर मनरेगा के तहत कच्चे कार्यों पर लगी रोक को हटाने का निर्देश दिया, जिससे ग्रामीण इलाकों में कच्ची सड़कों, तालाब, खेतों में मेढ़, जलकुंड और जल स्त्रोतों का गहरीकरण इत्यादि का काम शुरू किया जा सके। मुख्यमंत्री ने मनरेगा के तहत ज्यादा से ज्यादा मानव कार्य दिवस सृजित करने का भी निर्देश दिया।

**सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वितरण सुनिश्चित हो :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर कहा कि सुखाड़ जैसे हालात में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभुकों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने लाभुकों के बीच हर माह की 5 तारीख तक पेंशन वितरण को सुनिश्चित करने को कहा। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में 31 लाख पेंशनभोगी हैं और 8 लाख नये आवेदन पेंशन स्वीकृति के लिए मिले हैं।

**5 लाख नये राशन कार्ड जल्द से जल्द जारी करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सूखे जैसी स्थिति में लोगों को अनाज की किल्लत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि 5 लाख नये राशन कार्ड जल्द से जल्द स्वीकृत किया जाये। पीडीएस दुकानों से राशन का वितरण हर महीने सुनिश्चित हो। लोगों को राशन आसानी से उपलब्ध हो, इसका भी पूरा ध्यान रखा जाये।

**राज्य में सूखे की मौजूदा स्थिति:** मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि 9 सितंबर तक राज्य में जो बारिश की स्थिति है, उसके मुताबिक 7 जिलों में सामान्य, 15 जिलों में सामान्य से कम और 2 जिलों में बहुत ही कम बारिश हुई है। कम बारिश का नतीजा है कि झारखंड में धान और अन्य फसलों की बुआई लक्ष्य की तुलना में काफी कम हुई है।

### शिबू सोरेन को बड़ी राहत

# हाइकोर्ट ने लोकपाल की कार्यवाही पर लगायी रोक

- आय से अधिक संपत्ति के मामले में 13 दिसंबर को होगी दिल्ली हाइकोर्ट में अगली सुनवाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन को दिल्ली हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दिल्ली हाइकोर्ट ने सोरेन के खिलाफ लोकपाल में चल रही सुनवाई पर फिलहाल रोक लगा दी है। सोरेन से जुड़े आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में सोमवार को लोकपाल में सुनवाई होनी थी। सुनवाई से पहले दिल्ली हाइकोर्ट द्वारा उस पर रोक लगा दी गयी। दिल्ली हाइकोर्ट में सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता कपिल सिब्बल, अरुणाभ चौधरी और अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने पक्ष रखा। अब इस मामले में दिल्ली हाइकोर्ट 13 दिसंबर को सुनवाई करेगा। सोमवार को इसकी सुनवाई दिल्ली हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा की अदालत में हुई।

**सीबीआइ की प्रारंभिक जांच की कार्रवाई और आदेश को चुनौती :** सुप्रीम कोर्ट की वकील प्रज्ञा सिंह बघेल के मुताबिक दिल्ली उच्च न्यायालय ने झामुमो के राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन की याचिका पर नोटिस जारी किया और सुनवाई की अगली तारीख तक आय से अधिक संपत्ति मामले में उनके खिलाफ लोकपाल के समक्ष कार्यवाही पर रोक लगा दी है। सोरेन ने अधिकार क्षेत्र के आधार पर सीबीआइ को प्रारंभिक जांच की कार्रवाई और आदेश को चुनौती दी है।

**5 अगस्त, 2020 को सोरेन के खिलाफ दर्ज की गयी थी शिकायत :** सोरेन के खिलाफ 5 अगस्त, 2020 को शिकायत दर्ज की गयी थी कि वह और उनके परिवार के सदस्य बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में शामिल हैं। उन्होंने झारखंड राज्य में सरकारी खजाने का दुरुपयोग करके, 'आय के ज्ञात और घोषित स्त्रोतों और उनके नाम पर कई वाणिज्यिक और आवासीय संपत्तियां' के अनुपात में बड़ी संपत्ति अर्जित की है।

**29 जुलाई को लोकपाल की पूर्ण पीठ ने पारित किया था फैसला :** सीबीआइ की रिपोर्ट के आलोक में भारत के लोकपाल की पूर्ण पीठ ने 29 जुलाई, 2021 को आदेश पारित किया कि प्रतिवादियों से टिप्पणियां/दस्तावेज मांगे जाने चाहिए। लोकपाल ने अपने आदेश में कहा है कि उसने अपना जवाब दाखिल करने के लिए कई मौकों पर शिबू सोरेन को समय दिया और आवश्यक दस्तावेज भी प्रदान किये गये। अंततः इस साल 4 अप्रैल को जवाब दाखिल किया गया। लोकपाल ने सीबीआइ को जवाब की जांच करने और जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। इस बीच राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के सक्षम अधिकारी से टिप्पणियां मांगी गयीं। राज्यसभा सचिवालय के अतिरिक्त निदेशक ने सूचित किया कि शिकायत में लगाये गये आरोपों पर राज्यसभा के सभापति के पास कोई टिप्पणी नहीं है। सीबीआइ ने 29 जून 2022 को अंतिम प्रारंभिक जांच रिपोर्ट दायर की, जिसे लोकपाल ने विस्तृत पाया।

# अधिवक्ता राजीव कुमार को कैशकांड में मिली जमानत



**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** कैशकांड में झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार को जमानत मिल गई है। कोलकाता की एक निचली अदालत ने सोमवार को उनकी जमानत याचिका मंजूर कर ली। बता दें कि 50 लाख रुपये के साथ राजीव कुमार को कोलकाता पुलिस ने एक होटल से गिरफ्तार किया था। जानकारी के मुताबिक बैंकशाल कोर्ट ने अधिवक्ता राजीव कुमार की जमानत याचिका मंजूर करते हुए उन्हें जमानत दे दी। कोर्ट से जमानत मिलने के बाद राजीव कुमार अब जेल से बाहर आ सकते हैं। गौरतलब है कि बीते 31 जुलाई को झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की कोलकाता से गिरफ्तारी हुई थी।

# मुस्लिम पक्ष की दलीलें खारिज, ज्ञानवापी में श्रृंगार गौरी पूजा पर सुनवाई जारी रहेगी

### 22 सितंबर को अगली सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** वाराणसी के ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी विवाद में आगे सुनवाई जारी रहेगी। वाराणसी जिला कोर्ट ने कहा कि यह केस सुनने लायक है। कोर्ट ने इस केस को न सुनने के लिए मुस्लिम पक्ष की तरफ से दर्ज आपत्तियों को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने माना कि यह केस 1991 के वर्शिप एक्ट के तहत नहीं आता। अब वाराणसी जिला कोर्ट 22 सितंबर को इस मामले में अगली सुनवाई करेगी।

कोर्ट के फैसले के दौरान हिंदू पक्ष के वकील हरिशंकर जैन और विष्णु शंकर जैन कोर्ट में मौजूद थे। हालांकि मुख्य याचिकाकर्ता राखी सिंह मौजूद नहीं थीं। जज ने कुल 62 लोगों को कोर्ट रूम में मौजूद रहने की इजाजत दी थी। इस मामले में 24 अगस्त को हिंदू और मुस्लिम पक्ष की बहस पूरी हो गयी थी। इसके बाद वाराणसी के जिला जज एके विश्वेश ने 12 सितंबर यानी आज तक के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया था।

मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट में याचिका दायर करते हुए कहा था कि इस मामले की सुनवाई ही नहीं होनी चाहिए। इसके लिए पूजा स्थल कानून 1991 का हवाला भी दिया था। कोर्ट के सामने हिंदू पक्ष ने उस सर्वे की रिपोर्ट का हवाला भी दिया, जिसे खुद जिला अदालत के आदेश पर विशेषज्ञों की टीम ने किया था। अब आगे इस बात पर फैसला होगा कि ज्ञानवापी परिसर स्थित श्रृंगार गौरी में नियमित पूजा की जा सकती है या नहीं? ज्ञानवापी असल में मस्जिद है या मंदिर?

# अंततः नक्सलियों से मुक्त हुआ बूढ़ा पहाड़

### सबसे ऊंची चोटी पर स्थापित हुआ सुरक्षा कैंप : चौकसी में मुस्तैद हैं 1000 जवान

- बूढ़ा पहाड़ में अब तक स्थापित हो चुके हैं सात कैंप
- पुलिस ने पहाड़ काट रास्ता बनाया, नदी पर अस्थायी पुल का निर्माण
- झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा के कुशल नेतृत्व से मिली सफलता



अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** नक्सलियों के लिए सबसे सेफ जोन माने जाने वाले बूढ़ा पहाड़ को पुलिस ने उनके कब्जे से मुक्त करा लिया है। बूढ़ा पहाड़ नक्सलियों का रेड कॉरिडोर रहा है। यहीं से नक्सली पूरे झारखंड में घटनाओं की रणनीति तय करते थे और उनको अंजाम देते थे। एक समय था, जब बूढ़ा पहाड़ नक्सलियों के लिए पूरी तरह से सुरक्षित था और वहां पुलिस के जवान जाने का साहस नहीं जुटा पाते थे। एक समय ऐसा था, जब बड़ा नक्सली अरविंद कुमार उर्फ अरविंद जी घोड़ा लेकर वहां रहा करता था। कभी-कभी उसके पालकी में जाने की खबरें भी आती थीं। जब वह चलता था, तो नक्सलियों की पूरी टीम साथ चलती थी। कई श्रेणी में नक्सली बंटे होते थे। उसे चार-चार लेयर की सुरक्षा थी। नक्सलियों के कई बड़े प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन भी बूढ़ा पहाड़ में हुआ था। दक्षिण भारत के कई बड़े नक्सली बूढ़ा पहाड़ में आया-जाया करते थे, जिनमें एमसीसीआइ का सचिव गणपति भी शामिल था। अब उसी बूढ़ा पहाड़ पर पुलिस का एक सौ फीसदी कब्जा हो गया है और इसका श्रेय जाता है झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा और उनकी टीम को। साथ ही इस पूरे मामले में अभियान के आइजी अमोल वी होमकर की भूमिका भी कम नहीं है। अब बूढ़ा पहाड़ के आसपास स्थित गांवों के लोग भी खुद को पूरी तरह से सुरक्षित मान रहे हैं। सच कहा जाये तो लंबे अरसे बाद वहां के लोग अब खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

## क्या किया झारखंड पुलिस ने


झारखंड पुलिस ने एक रणनीति के तहत बूढ़ पहाड़ में सात स्थानों पर सीआरपीएफ के अस्थायी कैंप बनाये और एक हजार से अधिक जवानों को तैनात किया। इसके बाद नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इन अभियानों में सफलताएं पुलिस को लगातार मिलती चली गयीं। बंकर मिला, जिसमें हर जरूरत की सुविधा उपलब्ध थी। इस बंकर में नक्सलियों ने एक हजार क्विंटल के आसपास चावल एकत्र कर रखा था। तीन से चार मन दाल थी। खाने-पीने के और सामान यहां स्टोर करके रखे गये थे। यहां 10 केवीए का एक जनरेटर बरामद हुआ। बूढ़ा पहाड़ को जाने के क्रम में दो नदी थी। उनमें से एक में ह्यूम पाइप लगा कर पुलिस वालों ने अस्थायी पुल बना दिया। इसके बाद कई गांवों के लोग, जो पहले बाहर रहा करते थे, गांव लौट आये हैं। इनमें से एक युवक ऐसा भी है, जो 20 साल बाद गांव लौटा है। गांव के एक यादव परिवार का कहना है कि पहले उनका रोजी-रोजगार बिल्कुल ठप हो गया था। जबसे बूढ़ा पहाड़ को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है, उनका कारोबार चलने लगा है। बूढ़ा पहाड़ के आसपास के ग्रामीण अब पुलिस के कामों की सराहना करते नहीं थक रहे। पुलिस तो पहाड़ की चोटी तक जा पहुंची है। पुलिास बूढ़ा पहाड़ के पुंदाग इलाके में कैंप कर गयी है। उसके बाद छत्तीसगढ़ का इलाका शुरू होता है। बूढ़ा पहाड़ का एक रास्ता सारंडा को जोड़ता है। इस रास्ते का उपयोग भी नक्सली करते थे, लेकिन अब उस पूरे इलाके से नक्सलियों को खदेड़ दिया गया है।

## कहां है बूढ़ा पहाड़

पलामू के गढ़वा-लातेहार के दुर्गम इलाके में स्थित इस पहाड़ की सीमा छत्तीसगढ़ से लगी है। नक्सलियों पर दबाव बढ़ता था, तो वे छत्तीसगढ़ की तरफ आना-जाना करते थे। राजधानी रांची से करीब डेढ़ सौ किलोमीटर दूर लातेहार के गारू प्रखंड के सुदूर गांवों से शुरू होनेवाला यह पहाड़ इसी ज़िले के महुआडांड़, बरवाडीह होते हुए दूसरे ज़िले गढ़वा के रमकंडा, भंडरिया के इलाके में फैला है। मंडल डैम से दक्षिण-पूरब में इस पहाड़ का एक हिस्सा पलामू व्याघ्र परियोजना के कोर एरिया से भी सटा है। इस इलाके में बूढ़ा नदी है, जिसकी दो धाराएं हैं। एक धारा में कभी-कभार पानी आता है, उसमें बालू का अंबार है, तो दूसरी धारा बहुत तेज बहती है।

## कैंप कम करने पर विचार

पुलिस मुख्यालय बूढ़ा पहाड़ के आसपास बनाये गये अस्थायी पुलिस कैंप की संख्या कम करने पर विचार कर रहा है, लेकिन अस्थायी कैंप उसी स्थिति में हटाये जायेंगे, जब पुलिस यह आश्वस्त हो जायेगी कि नक्सली अब इस इलाके में नहीं हैं। अभी जहां कैंप स्थापित किया गया है, उनमें से कुछ जगहों पर पानी की उपलब्धता बिल्कुल नहीं है। भविष्य में वहां से कैंप हटाया जा सकता है। फिलहाल बूढ़ा पहाड़ पर आसानी से आने जाने के लिए पुलिस पहाड़ और जंगल के बीच से सड़क बनवाने के प्रयास में लगी है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही फारेस्ट विभाग उन क्षेत्रों में सड़क बनाने में मददगार होगा।



## एबीवीपी लगातार चला रहा सदस्यता अभियान



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान 22 अगस्त से लगातार चल रहा है। इस अभियान में हजारीबाग जिले के विश्वविद्यालय, समस्त कॉलेजों, एवम 10+2 संस्थानों, कोचिंग अन्य शैक्षणिक संस्थानों में परिषद के कार्यकर्ता विद्यार्थियों को सदस्य बना रहे हैं। जिला संयोजक सोनू राय ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ही मात्र एक ऐसा छात्र संगठन है जो छात्रों को राष्ट्र के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित करता है। विद्यार्थी परिषद छात्र हित, समाज हित, राष्ट्र हित के लिए हमेशा तत्पर रहती है। विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन का सदस्य बनना भी गर्व की बात है। छात्र सदस्य बनकर अपना व्यक्तित्व एवं बौद्धिक विकास कर सकते हैं। मौके पर प्रदेश सह मंत्री नवलेश सिंह, निजी विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख अमित चौबे, जिला संयोजक सोनू राय, जिला सह संयोजक मनदीप यादव, नगर मंत्री प्रभात कुमार, संगठन मंत्री राहुल साहू, प्रदेश जनजातीय कार्य सह प्रमुख मिलन मुंडा, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य राज प्रिंस गुप्ता, बाबूलाल मेहता, नगर सह मंत्री यशवंत कुमार, रुद्र राज, यशवंत पांडेय, हिमांशु सिंह, विनय शील, अकाश यादव, संतोष कुमार, मोहित, विवेक यादव, राजा यादव, सोनू कुमार, संकेत कुमार, अकाश यादव, संतोष यादव, पवन कुमार, लालजीत यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आगामी प्रमंडलीय सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर बड़कागांव आजसू पार्टी ने की बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के प्रखंड इकाई की बैठक पार्टी के प्रखंड आवासीय कार्यालय में पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष विकास राणा मौजूद हुए। बैठक में आगामी मुख्य रूप से आगामी 15 सितंबर को होने वाले प्रमंडलीय सम्मेलन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि सम्मेलन में भाग लेने के लिए सभी पंचायत के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और पंचायत प्रभारियों के साथ साथ प्रखंड के सभी पदाधिकारी सम्मेलन में आवश्यक रूप से भाग लेकर सम्मेलन को सफल बनाने का काम करेंगे। आगे उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी हमेशा झारखंड के जनता के हित में काम करते रहती है। बैठक में मुख्य रूप से, केंद्रीय सदस्य संदीप कुमार कुशवाहा, प्रखंड सचिव मनोज दांगी जिला सचिव, दिनेश महतो, प्रखंड प्रवक्ता तापेश्वर कुमार 'तापस', सुरेश कुमार दांगी, पंकज ठाकुर,तुलेश्वर राम, राजेश महतो, अरुण कुमार महतो, सुनील कुमार, भोला चौधरी, श्यामलाल निराला, रामेश्वर महतो, नारायण प्रसाद, सिद्धेश्वर महोत्सव, मोहम्मद ओवैस, वीरेंद्र यादव, तारकेश्वर प्रसाद, बंटी बाबू आदि लोग मौजूद थे।

## पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे सिरमा के पीड़ित परिवार से मिले



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बीते अगस्त में बड़कागांव प्रखंड के सिरमा गांव में मुस्लिमों द्वारा कान उठक बैठक एवम प्रताड़ित किये गये युवतियों एवं उसकी मां से पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे ने नापो बरवानियां स्थित फूफा हीरालाल साव के यहां रह रहे पीड़िता सुमन कुमारी एवं उसकी मां किरण देवी से मुलाकात कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी, हिंदू समाज एवं क्षेत्र आपके साथ है। जिसके लिये भाजपा कार्यकर्ताओं को समय समय पर घर पहुंच कर हाल-चाल लेने की अपील की और परेशानी होने पर हर संभव सहयोग करने को कहा गया। आगे उन्होंने कहा कि पीड़िता परिवार अपने गांव में आज भी भय के कारण नहीं रह पा रही है। जिसके चलते जीविकोपार्जन की समस्या खड़ी हो गई है। जिसको लेकर क्षेत्र की कंपनियों से बात कर पीड़िता की मां के सहमति के आधार पर रोजगार मुहैया कराने का आश्वासन दिया। वहीं दूसरी और पीड़िता की मां द्वारा सिरमा अंजुमन के सेक्रेटरी द्वारा नापो गांव पहुंचकर केस समझौता करने का प्रलोभन देने का आरोप लगाया। साथ ही साथ पीड़िता परिवार पर हुए केस को अविलंब समाप्त करने की मांग की गई। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास एवं सबके विश्वास की नीति पर चलती है लेकिन झारखंड सरकार तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है, जिसके परिणाम स्वरूप राज्य में अनेक घटनाओं को देखने के लिए मिल रहा है कहीं युवतियां जलाये जा रहे हैं। कहीं दलित घर से बेघर किये जा रहे हैं तो कहीं प्रताड़ित किये जा रहे हैं। इसका ज्वलंत उदाहरण बड़कागांव, दुमका पलामू समेत राज्य के कई जिलों में देखने को मिल रहा है राज्य सरकार आम लोगों की समस्याओं पर कम अपनी सरकार बचाने की जुगाड़ में अधिक समय बिता रही है। पूर्व सांसद पीड़ित परिवार से मिलने के बाद बड़कागांव गुरु चट्टी स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण महतो से मुलाकात की और उनकी हाल-चाल ली तथा जल्द स्वस्थ होने की कामना की वही बड़कागांव पहुंचकर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो गौतम वर्मा से भेंट किया और सभी कार्यकर्ताओं से मजबूती के साथ क्षेत्र में काम करने को कहा तथा पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के अनुभव के आधार पर संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कुमार मिश्रा, जिला कार्यसमिति सदस्य विनय भूषण महतो, राजू रंजन तिवारी, नमिता कुमारी, पूनम देवी, रीता देवी, पूरी मारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, बेचन साव, अशोक साव,अमर कुमार पांडे, विक्रम साव, विकास कुमार, प्रोफेसर गुरुदयाल प्रजापति ,रमेश पाठक, अमन कुमार, अजय कुमार दास, विनोद कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## फ्लाई ऐश लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, चालक और उपचालक गंभीर रूप से घायल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत कोडरमा घाटी सतपुलिया के पास फ्लाई ऐश लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे चालक व उप चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की पहचान सुनील यादव (उम्र 30 वर्ष, ग्राम संग्रामडीह कोडरमा) और सिकंदर तुरी (उम्र 30 वर्ष, ग्राम तिलैया बस्ती) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ट्रक मे बांझेडीह से ऐश लोड करके बिहार जाने के दौरान कोडरमा घाटी सतपुलिया के पास अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक और उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गये। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को कोडरमा सदर अस्पताल लाया जहां इलाज करके चालक सुनील यादव को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### जमीन बेचने एवं हिस्सा बंटवारा को लेकर बहू का ससुर के साथ था विवाद

# बहू ने रची थी ससुर की हत्या की साजिश, चढ़ी पुलिस के हत्थे



**सड़क दुर्घटना का नाम देने का प्रयास किया**

**साजिश के तहत दिनांक 7 अगस्त को सिलवार स्थित संत निरंकारी सतसंग जाने के क्रम में मृतक शिवटहल साव को सोनु कुमार के द्वारा सतसंग के नाम पर अमृत नगर स्थित पुनम देवी के किराये के मकान में ले जाया गया, जहां पहले से पुनम देवी और शंभु गुप्ता योजना के तहत तैयार थे। तीनों के द्वारा मिलकर शिवटहल साव की हत्या की गई और हत्या के बाद उसके शव को सोनू कुमार और शंभु गुप्ता स्कूटी के बीच में बैठाकर सिलवार पहाड़ी के पास ले गये और सड़क किनारे उनके शव को रख दिया। शिवटहल साव के स्कूटी गाड़ी को वही खड़ा कर दिया तथा घटना को एक सड़क दुर्घटना का नाम देने का प्रयास किया गया था। छापामारी दल में पुअनि बजरंग महतो (थाना प्रभारी), पुअनि अरविंद कुमार कुशवाहा, पुअनि सुमन मिंज, सअनि लालबहादुर सिंह एवं मुफ्फसील थाना के सशस्त्र बल।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** मुफ्फसील थाना अंतर्गत सिलवार पहाड़ी के पास एक 70 वर्ष के बुजुर्ग व्यक्ति का शव पाया गया था। जिसका पहचान शिवटहल साव पिता स्व. चेतलाल महतो ग्राम ओरिया थाना मुफ्फसिल जिला हजारीबाग के रूप में हुई थी। इस संबंध में हत्या आरोप लगाते हुए मुफ्फसील थाना कांड सं-183/22 दर्ज किया गया था। इस मामले को लेकर सोमवार को सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति ने अपने कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर मीडिया को जानकारी दी। बताया की इस कांड के अनुसंधान के क्रम मे घटनाकारित करने वाले अभियुक्तों पुनम देवी पति कंहाई लाल साव, सा- ओरिया थाना मुफ्फसील जिला हजारीबाग, शंभु गुप्ता पिता तुलसी साव सा. रामनगर पेट्रोल पम्प के पास थाना कटकमदाग, जिला हजारीबाग एवं सोनू कुमार उर्फ जितेंद्र कुमार, उम्र 20 वर्ष पिता नकुल साव दोनों सा- ओरिया, थाना मुफ्फसिल जिला हजारीबाग को विधिवत गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश मे आयी कि मृतक शिवटहल साव की बहु पुनम देवी के द्वारा जमीन बेचने एवं हिस्सा बटवारा को लेकर उनके ससुर के साथ विवाद होते रहता था और इसी को लेकर पुनम देवी के द्वारा अपने परिचित शंभु गुप्ता और सोनू कुमार उर्फ जितेंद्र कुमार के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम देने की साजिश रची गई।

# बस और ट्रेलर की टक्कर में तीन लोगों की मौत, तीस लोग घायल

### पिंडदान के लिए बंगाल मिदनापुर से गया (बिहार) जा रहे थे लोग





आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र स्थित जीटी रोड पर हुई सड़क दुघर्टना में तीन लोगों की मौत एवं तीस लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना सोमवार की सुबह लगभग पांच बजे की है। जब लोकनाथ नामक बस नंबर डब्ल्यू बी 33 डी 8555 मेदनीपुर बंगाल से गया बिहार जा रही थी। उसी दौरान गोरहर नदी के पुल पर आगे चल रही वाहन जिसका नंबर आरजे 02 जीबी 5851 को बस ने पीछे से जोरदार टक्कर मारी। दुर्घटना के बाद बस के चालक असदुल मौला पिता एक्रामुल मौला उम्र 52 साल ग्राम निचितपुर बर्धमान, बंगाल निवासी, उपचालक नुरे जमाल पिता अबु बकर 46 साल ग्राम रसुल पुर बांकुड़ा बंगाल निवासी एवं बस सवार गुरू पदो मंडल पिता गोबिंदो मंडल 55 साल ग्राम बृंदावन पूर्वी मेदनीपुर बंगाल निवासी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। साथ ही लगभग तीस लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में बारवी मंडल 59 वर्ष, गीता देवी 50 वर्ष, जगदीश मंडल 70 वर्ष,अंतराजन विरा 59 वर्ष, बुलैयचंद देव 61 वर्ष,गौरी महती 61 वर्ष,रामपदो 56 वर्ष, पुष्पा रानी 57 वर्ष,भवनम 28 वर्ष, दुर्गा पदोजन 59 वर्ष, मेघनाथ 53 वर्ष, शिवकुमार सिंह 65 वर्ष,चक्रधन दास 50 वर्ष, बसंती मंडल 52 वर्ष, स्टोनी दास 50 वर्ष,सुशीला विरा 50 वर्ष, विमल गिरी 65 वर्ष, शुमाली मंडल 41 वर्ष, शक्तिपदो मंडल 50 वर्ष, नामोकृष्णा दास 62 वर्ष, आशालता गिरी 62 वर्ष, सीता दास 60 वर्ष, नारायण मंडल 80 वर्ष, कावेरी विरा 45 वर्ष, अशोक कोरा 65 वर्ष, पुष्पा रानी 62 वर्ष, सुधाकरन बेग 75 वर्ष, आशालता गिरी 63 वर्ष, अनुप कुमार महती 67 वर्ष, सोना कुमार 28 वर्ष सभी मेदनीपुर बंगाल निवासी शामिल हैं। सूचना मिलते ही गोरहर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार शाह दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा इलाज करने के बाद गंभीर रूप से घायल को बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल हजारीबाग भेजा। विदित हो कि बस पर सवार लगभग 50 लोग सभी मेदनीपुर बंगाल से पिंडदान करने गया बिहार जा रहे थे।

## जयनगर के कारपेंटर अनिल राणा की हत्या की आशंका

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कटिया पंचायत निवासी अनिल राणा, उर्फ छोटू राणा (उम्र लगभग 40 वर्ष, पिता रामचंद्र राणा) की हत्या की आशंका व्यक्त की गयी है। वह हैदराबाद के तेलंगाना में कारपेंटर की ठेकेदारी का काम करता था। उसकी हत्या की सूचना उनके परिजनों को मिली। सूचना मिलते ही ग्रामीणों में मातम छा गया। बताते चलें कि अनिल राणा वर्षों से कारपेंटर ठेकेदारी का काम तेलंगाना में करते थे। उनके साथी ने घर वालों को सूचना दिया, कि इसकी मौत हो गई है। घरवालों का कहना है कि कुछ दिन से अनिल राणा परेशान था। मृतक के पिता ने हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। घटना की जानकारी पाकर मुखिया प्रतिनिधि हिंद किशोर राम एवं अन्य ग्रामीण मृतक के आवास पर पहुंचे।

## युवती ने लगाया छेड़खानी का आरोप, मामला दर्ज

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** नवलशाही थाना क्षेत्र के ग्राम धरगांव निवासी 17 वर्षीया युवती ने 10 अगस्त को नवलशाही थाना में जबरन छेड़खानी करने को लेकर आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में बताया है कि 5 अगस्त को मैं अपने घर से कोचिंग जाने के क्रम में डोमचांच स्थित गौरी कॉम्प्लेक्स के पास थी।मेरे घर के बगल के कृष्णा यादव उम्र 26 वर्ष ग्राम धरगांव अपना मोटरसाइकिल से आया और मुझे जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाने लगा। मै किसी तरह से छुटकारा पाकर अपना घर आई और पूरी घटना की जानकारी घर वालो को दी। तब मेरे परिजन कृष्णा के घरवालों को इसकी जानकारी देने गए तो उल्टा उसके घर वाले मेरे घरवालों को धमकी देते हुए बोले कि जो करना होगा कर लेना।

# सीआरपीएफ कैंप हटाये जाने के विरोध में सड़क जाम



**इन्होंने किया विरोध**

**इसका नेतृत्व जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी के प्रतिनिधि धनंजय यादव के अलावा कई समाजसेवी, मुखिया प्रतिनिधि नंदलाल साव, पूर्व मुखिया परमेश्वर शर्मा, सीताराम रॉय, अखिलेश गुप्ता, पूर्व सांसद प्रतिनिधि बालमुकुंद सिंह पंचायत समिति सदस्य नईमुद्दीन, प्रमुख प्रतिनिधि रामवतार चौधरी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रामवचन यादव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष व्यास यादव, दीपेश अग्रवाल, अखिलेश गुप्ता, विनोद रॉय, केदार रॉय के अलावा अन्य लोग कर रहे थे।**

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित पंचायत राजाबर एवं गांगडीह के डाकबंगला में अवस्थित सीआरपीएफ 22 एफ एवं जी को हटाये जाने पर ग्रामीणों ने रविवार की देर शाम से सड़क जाम कर दिया। सतगावां थाना क्षेत्र के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र पंचायत राजावर में सीआरपीएफ कैंप हटाए जाने पर राजावर की जनता ने आक्रोश व्यक्त करते हुए सड़क जाम किया। लोगों का कहना है कि राजावर से सीआरपीएफ कैंप हट जाने पर यहां उग्रवादियों के डर का माहौल होगा और ग्रामीण हमेशा दहशत में रहेंगे। सीआरपीएफ के जवानों को यहां रहने से आम जनता सुरक्षा महसूस करती है और सीआरपीएफ कैंप जिस समय यहां नहीं था उस समय उग्रवादियों का चहल कदमी हमेशा होता था। उग्रवादियों के द्वारा राजावर पंचायत भवन को लैंड माइंस एवं जेसीबी के द्वारा दिन दहाड़े पंचायत भवन को ध्वस्त कर दिया गया था। जब से सीआरपीएफ कैंप राजावर में आया है तब से अमन चैन शांति की नींद लोग सो रहे हैं। लेकिन अचानक सीआरपीएफ कैंप को स्थानांतरण करने के बाद इसकी सूचना ग्रामीणों को मिलते ही लोगों ने रोड जाम कर दिया।

## राष्ट्रीय स्वर्ण महासभा के सदस्यों ने बड़कागांव में चलाया जनसंपर्क



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय दहेज उन्मूलन सह समाज उत्थान राष्ट्रीय स्वर्ण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीडी सिंह के नेतृत्व में महामंत्री कन्हैया शर्मा, उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह, मुकुल कुमार तिवारी, सचिव जीत नाथ सिंह ने बड़कागांव प्रखंड के कांडेबर स्थित मां अष्टभुजी मंदिर जाकर पूजा अर्चना किया। इसके उपरांत प्रखंड के कई गांव जाकर जनसंपर्क चलाया। इस दौरान अजय सिंह सहित दर्जनों स्वर्ण समाज के लोगों से मिल कर महासभा के उद्देश्यों बताया। इस पर सवर्ण समाज के लोगों ने महासभा से जुड़ संगठन को मजबूत करने की बात कही।

## प्रतिनिधियों की भूमिका पर महिला मुक्ति संस्था ने किया प्रशिक्षण का आयोजन

**इचाक (आजाद सिपाही)।** त्रि स्तरीय पंचायत व्यवस्था में चयनित पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका पर महिला मुक्ति संस्था के द्वारा प्रशिक्षण का आयोजन गोबरबंदा पंचायत भवन में किया गया। मंथन संस्था रांची से आयी प्रशिक्षिका अनु एवं ऋतिका ने पंचायत की ढांचा, पंचायत की विभिन्न समितियां, चयनित पंचायत प्रतिनिधि की भूमिका एवं दायित्व तथा समाज में नारीवादी नजरिये से पंचायत का विकास पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में गोबरबंदा मुखिया रंजीत कुमार मेहता, बोंगा मुखिया उमेश मेहता, उप प्रमुख सतेंद्र कुमार, संगीता देवी, पंसस बीणा देवी, उर्मिला देवी, मालती देवी एवं वार्ड सदस्य सहित 49 प्रतिनिधि ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण को सफल बनाने में महिला मुक्ति संस्था से मोना कुमारी, अनिता देवी, पिंकी देवी, रिंकी देवी, एवं मनोज कुमार अकेला ने मुख्य भूमिका निभायी। इस अवसर पर संस्था के रवि कुमार, सत्येंद्र कुमार यादव एवं जरीना खातुन शामिल रहे।

## ईट भट्ठा संचालकों की जिला स्तरीय बैठक संपन्न



**चरही (आजाद सिपाही)।** सारदा स्वीट हजारीबाग मे रविवार को ईंट निर्माता संघ हजारीबाग कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसमें ईट भट्ठा संघ चुरचू प्रखंड अध्यक्ष मुरारी सिंह सहित अन्य लोगों ने शामिल हुआ इस बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि केंद्रीय एवं राज्य समिति ईट निमार्ता संघ के निदेर्शानुसार 12 सितंबर सुबह से 17 सितंबर शाम तक ईद की बिक्री पूर्ण रूप से बंद रहेगी यदि किसी भट्ठा मालिक एवं सप्लायर के द्वारा ईट की बिक्री की जाती है तो उस पर ईंट निर्माता संघ के द्वारा कार्रवाई की जायेगी कोई भी भट्ठे मालिक ईंट जब्त करने के लिए स्वतंत्र होगा। ईंट जब्त करने पर संगठन को सूचना दिया जना अनिवार्य है। बिक्री बंदी का पालन किया जायेगा एवं भविष्य में हड़ताल के सभी नियमों का पालन करना अनिवार्य है।

## उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यालय हजारीबाग में धूमधाम से मनेगा हिंदी दिवस समारोह

**इचाक (आजाद सिपाही)।** आगामी 14 सितंबर (बुधवार) को प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में अपराहन 3 बजे हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह का आयोजन हिंदी के विकास के लिये बनाये गये उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय राजभाषा कार्यालय, हजारीबाग के तत्वाधान में किया जायेगा। समारोह का उद्घाटन एवं अध्यक्षता उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त चंद्र किशोर उरांव के द्वारा की जायेगी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप मार्खम महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर शिवदयाल सिंह उपस्थित होकर अपने अनुभव साझा कर कार्यकर्म को सफल बनायेंगे।

## पंचायत भवन से बैटरी-इन्वर्टर की चोरी

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** पंचायत भवन टाटीझरिया से दो बैटरी, एक 24 वोल्ट का इंवर्टर, स्विच बोर्ड का पूरा सेट चोरी हो गया है। इससे संबंधित आवेदन मुखिया सुरेश यादव ने टाटीझरिया थाना में आवेदन दिया है। चोरों ने लोहे की खिडकी और ग्रिल को तोड़कर इस चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

## केरेडारी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने बैजनाथ महतो

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** केरेडारी मुख्य चौक स्थित दुर्गा मंडप में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर एक बैठक आयोजित की गई इस बैठक में ग्रामीणों ने हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लियो बैठक की अध्यक्षता रामसेवक सिंह ने किया। इस बैठक में सर्वसम्मति से पूजा महासमिति का पुनर्गठन भी किया गया। जिसमें वैद्यनाथ महतो अध्यक्ष,तापेश्वर साहू महासचिव,सरजू महतो कोषाध्यक्ष,बीरेंद्र सिंह उपाध्यक्ष, भोला साव उपाध्यक्ष, उदय कुशवाहा सचिव, प्रभु साव सचिव मनोनीत किये गये। वहीं प्रभु महतो, उमेश्वर महतो, टेकन महतो, कृष्ण कुमार वर्मा, नागेश्वर महतो को पूजा प्रभारी, प्रभु देवा को चंदा प्रभारी वहीं मनोज कुमार, महाबीर महतो, ह्रषिकेश राणा, विकास कुमार, प्रकाश कुमार, गौतम सिंह, सतीश कुमार, सूरज कुमार, विजय कुमार, संजय माली, अनिल महतो, गोविंद महतो, दिलावर अंसारी, प्रमोद कुमार, रौशन कुमार को चंदा का सह प्रभारी बनाया गया है। वहीं बालेश्वर कुमार, प्रीतम सिंह, अमेरिका महतो, मनोज वर्मा, रामसेवक सिंह, पंकज साहा, सुरेश साव, उपेंद्र सिंह, बजरंगी प्रसाद गुप्ता, बैजनाथ तिवारी, सीताराम महतो को संरक्षक मनोनीत किया गया है। बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया है कि पूजा में लगातार कलश स्थापना से विजयादशमी तक आकर्षक विद्युत सजा एवं साउंड की व्यवस्था की जायेगी, पंडाल का भी निर्माण होगा तथा नवमी की रात रंगा-रंग कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी।

## प्रमुख ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रमुख अंजू देवी ने सोमवार को विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया। जयनगर प्रखंड अंतर्गत कटिया माहुरी टोला आंगनबाड़ी कोड संख्या 96 मे सुबह 10 बजे जयनगर प्रमुख अंजू देवी जांच करने पहुंची तो देखा कि एक भी बच्चे उपस्थित नहीं थे। एक घंटा तक इंतजार करने के बावजूद भी एक भी बच्चे नहीं आए। सेविका एवं सहायिका को प्रमुख अंजू देवी के द्वारा पूछे जाने पर मौन रही। तो इन्होंने कटिया पंचायत के पूर्व मुखिया एवं वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि हिंद किशोर राम को बुलाया। इन्होंने नाराजगी जताते हुए आंगनबाड़ी की रसोई, कक्षा, शौचालय आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि रसोई कक्षा एवं बाथरूम की गंदगी देखने से प्रतीत होता है कि कई वर्षो से बाथरूम एवं रसोई कक्ष प्रयोग नहीं किया गया है।साफ-सफाई का कोई ख्याल नहीं, कचरे के ढेर के समान बाथरूम और शौचालय दिखा। इस आंगनबाड़ी में बच्चे आते ही नहीं है। केवल कागजी प्रक्रिया सेविका और सहायिका के द्वारा कर दी जाती है। सरकार के द्वारा बच्चों दी जा रही पोषण आहार का गबन किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक कटिया परसाबाद माहुरी कोड केंद्र 96 में एक भी बच्चे उपस्थित नहीं थे इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 91 परसाबाद उत्तरी टोला एवं 94 लपसियाडीह आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया इन दोनों में बच्चे उपस्थित थे।

## रामगढ़ कॉलेज की लिस्ट में नाम नहीं आने पर युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** एक और युवा वर्ग पढ़ाई से कोसों दूर भाग रहे हैं तो, वहीं दूसरी ओर पढ़ाई को लेकर रामगढ़ कॉलेज के लिस्ट पर नाम नहीं आने पर युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह मामला महतो टोला मरार का है। इस मामले में मृतिका के पिता प्रेम पुजारी पिता हरेंद्र राम कश्यप ने रामगढ़ थाना में शिकायत दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि मेरी पुत्री अंशिका कुमारी (18 वर्ष) ने गांधी स्मारक टेन प्लस टू उच्च विद्यालय से पढ़ाई कंप्लीट कर आगे की पढ़ाई के लिए रामगढ़ कॉलेज में नाम लिखवाई थी। लेकिन लिस्ट में नाम नहीं आने के कारण दो-चार दिनों से काफी तनाव में थी। इधर, पुलिस ने यूडी केश दर्ज कर ली है।

## कोर्ट फीस में हुई वृद्धि के खिलाफ आंदोलन के मूड में है अधिवक्ता



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के द्वारा कोर्ट फीस में की गई अप्रत्याशित वृद्धि के खिलाफ अधिवक्ता संघ आंदोलन करने के मूड में है। सोमवार को जिला अधिवक्ता संघ परिसर में स्टेट बार काउंसिल रांची के सदस्य परमेश्वर मंडल के समक्ष अधिवक्ताओं ने इस मुद्दे को मजबूती के साथ रखा। सबसे पहले अधिवक्ता परमेश्वर मंडल का अधिवक्ताओं ने बुके एवम डायरी देकर स्वागत किया। उनके समझ यह बात रखी गई कि राज्य सरकार द्वारा कोर्ट फीस में जो अप्रत्याशित वृद्धि की गई है। उसके खिलाफ राज्य स्तरीय आंदोलन किया जाये। जिला अधिवक्ता संघ एवं राज्य के सभी अधिवक्ता संघ आंदोलन में स्टेट बार काउंसिल का साथ देंगे। जब तक सरकार के खिलाफ अत्यधिक कोर्ट फीस बढ़ोतरी के खिलाफ राज्य स्तर पर न्यायिक कार्यों का अनिश्चितकालीन बहिष्कार नहीं किया जायेगा, तब तक राज्य सरकार के कान में जूं नहीं रेंगेगी। उस पर परमेश्वर मंडल ने स्पष्ट किया कि शुक्रवार को स्टेट बार काउंसिल के बैठक में जोरदार ढंग से इस बात को रखा जायेगा। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष झलक देव महतो, कोषाध्यक्ष हरख नाथ महतो, कार्यकारिणी सदस्य सुबोध पांडे, राजेंद्र महतो, प्रकाश रंजन, ज्योति कुमारी, योगेश पांडे, सतीश पाठक, शंभू नाथ प्रसाद, अनुज कुमार गुप्ता, मोहम्मद अरशद, अभिषेक आदि उपस्थित थे।

## दोतल्ला पंचायत मुखिया ने जन्म प्रमाण-पत्र में अनियमितता को लेकर बीडीओ को सौंपा पत्र



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी ने बीडीओ को पत्र सौंप पंचायत क्षेत्र में जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने में अनियमितता बरतने की शिकायत की है। पत्र में मुखिया ने कहा है कि कुछ लोगों द्वारा ग्रामीणों से बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने के एवज में 2 से 3 हजार रूपया लिया जा रहा है। साथ ही आवेदन पर अनुशंसा स्थानीय मुखिया से न कराकर पूर्व उपमुखिया एवं वर्तनान उपमुखिया से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुखिया के होने के बावजूद दूसरों से अनुशंसा करवाना गलत है। वैसे बच्चे जिनका यहां एवं इस जिले में जन्म नहीं हुआ है। वैसे बच्चों का भी अवैध रूप से जन्म प्रमाण-पत्र बना दिया जा रहा है। पत्र में मुखिया ने बीडीओ से मुखिया एवं पंचायत सचिव के अनुशंसा पर ही आवेदन स्वीकृत करने की मांग की है।

## ग्रामसभा का आयोजन, शांति देवी चुनी गयी सहायिका



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पंचायत के वार्ड नंबर दो आंगनबाड़ी केंद्र टेलिमान धौड़ा में सोमवार को पंचायत के मुखिया अजय पासवान के नेतृत्व ग्रामसभा का आयोजन हुआ। इसमें मुखिया अजय पासवान, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ग्लोरिया एक्का, महिला पर्यवेक्षका कृति सरिता मिंज, एएनएम रश्मि मिंज, वार्ड सदस्य रोशन पासवान, सेविका पुष्पा पासवान मुख्य रूप से उपस्थित थें। बैठक में रिक्त पद को भरने के लिए सहायिका का चयन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से दो महिला मनीषा देवी व शांति देवी का नाम नॉमिनेशन के लिए रखा गया। लेकिन मनीषा देवी ने अपना नाम चयन पद से वापस ले लिया। जिसके बाद शांति देवी को निर्विरोध साहियका चुनी गई। मौके पर सावित्री देवी, भरती देवी, रेशमा, कबूतरी देवी, शांति देवी, बबीता देवी, मंजू देवी, बेबी देवी, मनीषा देवी, तारा थापा, काजल, उर्मिला देवी, कैला देवी, मुस्कान, रूपा, नीलम देवी, रंजू, चंपा देवी, सोना देवी, रिंकू देवी, चांदनी देवी, चिंता देवी, झालो देवी, श्याम, परी देवी, लीला देवी, अनीता देवी, हेमा देवी, चंदा, शीतल देवी, जयमाती देवी, संतु देवी, मनोज पासवान, मोहित पासवान, कौशल पासवान, सुनील पासवान, अनिल पासवान, संजय पासवान, मनोहर पासवान, श्याम कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### रामगढ़ कोर्ट ने पोस्को एक्ट में सुनाया फैसला, भुरकुंडा का है मामला

# अभियुक्त को 22 साल की सजा, 50 हजार जुर्माना

बीरू कुमार

**रामगढ़।** पाकुड़ में फैमिली कोर्ट में ट्रांसफर होने के बाद अपने अंतिम दिन सोमवार को सुनवाई करते हुए रामगढ़ कोर्ट के एडीजे-1 न्यायाधीश राधाकृष्ण ने पोस्को एक्ट में बड़ा फैसला सुनाया है। अभियुक्त को विभिन्न धाराओं में लगभग 24 साल की सजा सुनाई गई है। साथ ही हजारों रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि पीड़िता को देने का फैसला सुनाया है।



### क्या है मामला

बताया जाता है कि पतरातू(भुरकुंडा) थाना कांड संख्या 54/2021, स्पेशल पोस्को केश नंबर 19/2021 के तहत एडीजे-1 के यंहा सुनवाई हो रही थी। जिसमें बताया गया था कि आरोपी निर्मल कुमार बगल के ही बच्ची को 23 मार्च 2021 की सुबह करीब 10 बजे बहला फुसलाकर कर एक कमरा में शाम 4 बजे तक बंद रखा था। शाम में बच्ची घर लौटी तो परिजनों ने दिनभर कंहा रहने की बात पूछी तो पीड़िता ने पूरी आपबीती बतायी और कहा कि निर्मल कुमार कमरे में बंद पर मेरे साथ गलत किया। जिसके बाद पीड़िता के पिता ने भुरकुंडा ओपी में आवेदन देकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाई की मांग किया था। जिसके बाद केश अनुसंधानकर्ता सुमित पांडेय ने मामले की जांच पड़ताल कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया।

### 10 गवाहों ने दी कोर्ट में गवाही

कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान 10 गवाहों ने गवाही दी। साथ ही पीपी आरबी राय ने पूरी गंभीरता से पक्ष रखा। जिसके बाद न्यायधीश राधाकृष्ण ने मामले में सोमवार को अपना फैसला सुनाया।

### 6 पोस्को एक्ट में अभियुक्त को 22 साल की सजा, 50 हजार जुर्माना

कोर्ट ने 6 पॉस्को एक्ट में अभियुक्त निर्मल कुमार को 22 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर 5 साल की अतरिक्त सजा सुनाया है। इसके अलावे आइपीसी की धारा 506 में 2 साल 6 माह की सजा और 1 हजार जुर्माना लगाया है। राशि नहीं देने पर 6 माह की अतिरिक्त सजा सुनायी है। जबकि धारा 341 में 1 माह की सजा और 5 सौ रुपये जुर्माना लगाया है। राशि नहीं देने पर 7 दिन अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि पीड़िता को देने का भी फैसला सुनाया है।

## खेल वह माध्यम है, जिससे स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है: यदुनाथ

### राधा गोविंद यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** राधा गोविंद यूनिवर्सिटी में एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के तहत आयोजित राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन सोमवार को हुआ। प्रकृति की गोद में बसे इस परिसर में कार्यक्रम का उद्घाटन यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति बीएन साह और मुख्य अतिथि डॉ यदुनाथ पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग के पूर्व सांसद और भाजपा झारखंड प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष डॉ यदुनाथ पांडेय ने खिलाड़ियों और उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि खेल वह माध्यम है, जिससे स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है। सभी जानते हैं कि, स्वस्थ मस्तिष्क के लिए स्वस्थ शरीर की बहुत अहमियत है। इस अवसर पर एकल अभियान रामगढ़ अंचल के अध्यक्ष डॉ सुधीर आर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, पूर्व जिला अध्यक्ष रंजीत सिन्हा, अनमोल सिंह और दिनेश पाठक ने भी अपने संबोधन कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उसे निखारने और सही दिशा देने की जरूरत है। एकल अभियान ग्राम स्वराज मंच के दक्षिण झारखंड प्रांत के प्रमुख करम सिंह मुंडा ने सबको संबोधित किया। मंच का संचालन आयोजक समिति के सचिव प्रो डा. सजंय सिंह ने किया तथा एकल ग्राम स्वराज योजना रांची भाग और रामगढ़ अंचल के प्रभारी डॉ नारायण सिंह ने सभी संचो का परिचय कराया। कार्यक्रम को विधिवत संपन्न कराने में यूनिवर्सिटी के खेल कूद विभाग के नेतृत्व में पूरे खेल विभाग के 35 से ज्यादा कोच की भूमिका रही। इवेंट्स में बालक बालिका के दो ग्रुप थे और दोनों ग्रुप में 6 से 9 वर्ष तथा 10 से 14 वर्ष के दो ग्रुप थे। इन्होंनें 50,100,200 और 400 मीटर की दौड़, लम्बी कूद, ऊंची कूद, कुश्ती और कबड्डी के खेलों में अपनी भागीदारी निभायी। इवेंट्स के पश्चात सभी विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल से तथा सभी खिलाड़ियों और बच्चों को कॉपी कलम और बिस्किट देकर उत्साह वर्धन किया गया।

### गोला-सिल्ली सीमावर्ती इलाके में हो रहा कोयला का अवैध कारोबार

## प्रतिदिन लगभग बीस ट्रक कोयला भेजा जा रहा देश की बड़ी मंडियों में



अंजनी कुमार

**गोला।** गोला सिल्ली सीमावर्ती इलाके में कोयला का अवैध कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है। गोला प्रखंड के बरलंगा-सिल्ली थाना सीमावर्ती क्षेत्र के तलहा (सिल्ली) नामक जगह पर अवैध कोयले का कारोबार कर कोयला चोर पुलिस को ललकार रहे हैं। यह डिपो बरलंगा थाना सीमा क्षेत्र से लगभग 50 फीट की दूरी पर है, जिसमें प्रतिदिन करीब तीन सौ टन स्टीम अवैध कोयले की खरीदारी की जाती है। अवैध कोयला रजरप्पा की खुली एवं बंद खदानों से अवैध रूप से बाइक एवं साइकिल के माध्यम से गोला, बरियातू, साड़म, कोरांबे के रास्ते सीधे सिल्ली के लोवादाग नामक जगह पर पहुंचाया जा रहा है। डिपो में कोयला पहुंचने का सिलसिला शाम सात बजे से अहले सुबह तीन बजे तक होता है। कोयले को भारी मात्रा में डिपो में जमा किया जाता है। रात भर के अंदर कई ट्रैक्टर के माध्यम से भी कोयला डिपो में गिराया जाता है।

### हजारीबाग का तस्कर सक्रिय

बताया गया कि इस अवैध कार्य को हजारीबाग का एक बड़ा कोयला कारोबारी कर रहा है। बताया जाता है कि कोयले को हार्डकोक बनाकर फर्जी कागजात के सहारे जमशेदपुर, बंगाल की मंडियों में भेजा जाता है। अवैध कार्य के लिए कुछ स्थानीय लोगों को कोयला खरीदने के लिए लगाया है। सफेदपोश नेताओं का भी इन्हें संरक्षण प्राप्त है। इस अवैध कोयला कारोबार से सरकार को प्रतिदिन राजस्व में लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। जब कोयले को हार्डकोक बनाकर बड़े-बड़े ट्रकों के माध्यम से जमशेदपुर भेजने की तैयारी करते हैं, तो इससे पूर्व कोयला माफियाओं के द्वारा पुलिस की पकड़ से बचने के लिए प्रत्येक ट्रक की रेकी की जाती है और इसे गंतव्य स्थान पर पहुंचाया जाता है।

### लाभुकों के बीच नियुक्ति पत्र और परिसंपत्तियों का किया वितरण

# सरकार गरीब पिछड़ों के उत्थान के लिए कृत संकल्पित है: मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में मंत्री सत्यानंद भोक्ता के अध्यक्षता में नियुक्ति पत्र एवं परिसंपत्तियों का वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मंत्री के आगमन को लेकर उपायुक्त अबु इमरान ने आभार व्यक्त करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साथ ही जिला के वरीय पदाधिकारियों ने विधायक किशुन कुमार दास, सांसद प्रतिनिधि, निर्भय ठाकुर को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंत्री श्रम झारखंड सरकार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार गरीबों, पिछड़ों के उत्थान के लिए कृत संकल्पित है। प्रत्येक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है। इसके साथ ही जिला के वरीय अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं को त्वरित गति से पहुंचाये। विकास कार्यों में गति लायें जिला के समुचित विकास हम सब की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में उपायुक्त अबु इमरान ने गणमान्य अतिथियों, पदाधिकारियों, पत्रकार बधुओं एवं सभी लाभुकों को कार्यक्रम में शामिल होने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं से आम जनों को लाभांवित करने के लिये जिला प्रशासन प्रयासरत है।

### योग्य लाभुकों का शत प्रतिशत करे चयन: डीसी

उपायुक्त ने योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने को लेकर सभी पदाधिकारियों को कहा कि अपने दायित्वों का निर्वह्न करते हुए क्षेत्रों का भ्रमण कर योग्य लाभुकों का चयन कर शत प्रतिशत संचालित योजनाओं से लाभांवित करें। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि लाभुकों को लाभांवित करने के लिये निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध शत प्रतिशत योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नियुक्ति पत्र एवं अनुग्रह अनुदान राशि का वितरण उग्रवादी हिंसा में स्व चंदन तिवारी पत्रकार के आश्रित पत्नी नेहा शुक्ला को तृतीय वर्ग के लिये नियुक्ति पत्र दिया गया। साथ ही उग्रवादी हिंसा में मृत स्व. विशुन महतो, तोड़ार, चतरा की आश्रित मुंद्रि देवी को एक लाख का चेक प्रदान किया गया। कल्याण विभाग अन्तर्गत बिरसा आवास योजना वितीय वर्ष 2022-23 में आवास निबंधन के लिये कान्हाचट्टी प्रखंड अन्तर्गत बकचुंबा पंचायत के बिरेखाप गांव के लाभुकों के बीच चालिस-चालिस हजार राशि का चेक वितरण किया गया। मुख्यमंत्री स्वास्थ सहायता योजना अंतर्गत आजाद नगर चतरा के मो तमशील को तीन हजार एवं अव्वल मुहल्ला चतरा के लक्ष्मण साव को पांच हजार की राशि का चेक प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री रोजगार श्रृजन योजना अन्तर्गत कुल पांच लाभुकों के बीच प्रथम किस्त की राशि पच्चीस-पच्चीस हजार प्रत्येक लाभुक को डमी चेक प्रदान किया गया। श्रम विभाग द्वारा मृत प्रवासी श्रमिकों के आश्रितों को एक-एक लाख राशि का चेक सात लाभुकों के बीच दिया गया। जेएसएलपीएस द्वारा आत्मनिर्भर बनाने को लेकर बैंक क्रेडिट लिंकेज के तहत स्वयं सहायता समूहों के कुल 10 आजीविका सखी मंडल के दीदीयों के बीच एक लाख पचास हजार प्रत्येक लाभुक को चेक प्रदान किया गया। समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित मुख्यमंत्री कन्यादान एवं सुकन्या योजना के तहत कुल पांच लाभुकों यथा निंकु कुमारी, संकूल कुमारी को कन्यादान योजना के तहत तीस-तीस हजार एवं परी रानी सुकन्या योजना के तहत पांच हजार, काजल कुमारी, चंचल कुमारी को सुकन्या योजना के तहत दस-दस हजार की राशि का चेक प्रदान किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का, अनुमण्डल पदाधिकारी, चतरा, मुमताज अंसारी अनुमंडल पदाधिकारी, सिमरिया सुधीर कुमार दास, संबंधित पदाधिकारी, पत्रकार बंधु, लाभुक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## अफीम मामले में एक गिरफ्तार

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने एनडीपीएस (अफीम) मामले में टंडवा थाना क्षेत्र के इस्लाम मियाँ, पिता असीम मियां ग्राम पोकला थाना टंडवा निवासी को स्थानीय टंडवा थाना के सहयोग से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया है। टंडवा पुलिस के अनुसार अभियुक्त मो. इस्लाम को चतरा कोर्ट में दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ लेकर जायेगी।

## खधैया दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने पीयूष सिन्हा

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** खधैया में दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुयी। जिसकी अध्यक्षता रामदास राणा ने किया। बैठक में पूजा के सफल संचालन को लेकर सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी के पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पीयूष सिन्हा,उपाध्यक्ष संजय दास, सचिव शुभम आदित्य सिन्हा,उपसचिव मोहन कुमार,कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार साव, उप कोषाध्यक्ष बबलू राम, पूजा संचालक, उत्तम सिन्हा तथा उप संचालक योगेंद्र कुमार बनाये गये। इस मौके पर देवनाथ महतो, विजय सिन्हा, बंशी राणा, राजेंद्र महतो, सुबोध महतो और अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

## कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को करायें अवगत: डीसी



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में सोमवार को आधारभूत संरचना एवं विभिन्न परियोजनाओं को लेकर डीसी माधवी मिश्रा ने समीक्षा बैठक की। इस दौरान बैठक में डीसी ने जुडको, पथ निर्माण विभाग, रेलवे, पीवीयूएनएल, टिस्को, सीसीएल, एनएचएआई सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीसी ने विभिन्न परियोजनाओं में अधिग्रहित किये गये जमीन के लंबित मुआवजा भुगतान की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया। चितरपुर से मां छिन्नमस्तिका सिद्ध पीठ रजरप्पा मंदिर तक फोरलेन सड़क के निर्माण कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने पथ प्रमंडल रामगढ़ के सहायक अभियंता को बाकी बचे कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने बरलंगा कसमार पथ निर्माण कार्यों की समीक्षा के क्रम में संबंधित एजेंसियों को तीव्र गति से कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीसी ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों को तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में डीसी ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किये जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीसी ने झारखंड फसल राहत योजना के तहत हो रहे कार्यों की भी अंचलवार समीक्षा की। मौके पर उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को उनके उनके अंचलों में बैठक कर विभिन्न स्तरों पर पेंडिंग आवेदनों को निष्पादित करते हुए जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने ज्यादा से ज्यादा योग्य किसानों को झारखंड फसल राहत योजना का लाभ देने के लिये आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। 4 एच के तहत विभिन्न मामलों की समीक्षा के क्रम में उपयोग में सभी अंचल अधिकारियों को मामलों को जल्द निष्पादित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, भू अर्जन पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## बैठक में दुगार्पूजा महासमिति का गठन, धूमधाम से पूजा मनाने का निर्णय



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले के विभिन्न दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों की बैठक सोमवार की शाम शहर के गोला रोड स्थित साहू धर्मशाला में रामगढ़ कैंट दशहरा समिति के अध्यक्ष अनमोल सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मंच संचालन बिजुलिया दुर्गा पूजा समिति के सचिव अजीत गुप्ता ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से रामगढ़ जिला के सभी दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों द्वारा रामगढ़ ज़िला दुर्गा पूजा महासमिति का गठन किया गया। जिसके माध्यम से सभी दुर्गा पूजा समिति को मदद और सहयोग किया जाएगा। किसी भी समस्या में सभी पूजा समिति का सहयोग किया जायेगा। बैठक में सर्वसम्मति से जिला दुर्गा पूजा महासमिति का संरक्षक नंद किशोर गुप्ता, अनमोल सिंह, सरोज सिंह, छोटन बनर्जी, प्रदीप सिंह, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, रोबिन गुप्ता, रविंद्र साहू, संयोजक राजीव जायसवाल, सह संयोजक हरेंद्र राय, राजीव गुप्ता, अजित गुप्ता, अभिषेक चौधरी, राहुल मजूमदार को बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से गणेश प्रसाद स्वर्णकार, राहुल मजूमदार, अंकित सिंह, राहुल पासवान, बिक्की महतो, पवन कुमार पटेल, संजीत कुमार, रोबिन गुप्ता, रवि कुमार सिंह सहित कई पूजा समिति के पदाधिकारी शामिल थे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के बनाये मॉडल की हुई सराहना



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर स्थित भुरकुंडा उच्च विद्यालय भुरकुंडा में सोमवार को कक्षा 9 एवं कक्षा 10 के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के बनाए गए मॉडलो का प्रदर्शन किया गया। विज्ञान-प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रधानाध्यापक सहित शिक्षकों ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा। मौके पर प्रधानाध्याक मुकुल प्रसाद ने कहा कि ऐसे आयोजनो से विद्यार्थियों की छुपी प्रतिभा निखरती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। श्री प्रसाद ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ हर क्षेत्र में बच्चों को अव्वल बनाना ही विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। मौके पर सहायक शिक्षक सदरूल हक अंसारी, कृष्णा प्रसाद, सीताराम साव, हीरालाल महतो, गीता महतो, रोज श्वेता बेदिया, मनराखन सिंह मुंडा, उमेश प्रसाद साहू, राकेश कुमार साह, एकरामुल हक, कल्पना कुमारी, राजन सांगा, तुषार कुमार मौजूद थे। विज्ञान-प्रदर्शनी को सफल बनाने में किन्नी, तनिषा, श्रृष्टि, अंजू, अक्षरा, प्रीति, नेहा, मुक्ति, रजनी, गायत्री, दिया, जिसान, रोहित, सोनू, धीरज, प्रिंस, आरजू, विवेक, कमलेश प्रसाद आदि विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

# गलती कर रहा अमेरिका

भारत ने पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के नवीकरण के लिए 450 मिलियन डॉलर देने के अमेरिकी फैसले पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। ध्यान रहे, 2018 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान को 2 अरब डॉलर की सुरक्षा सहायता स्थगित कर दी थी। उन्होंने कहा था कि वह अफगान तालिबान और हक्कानी नेटवर्क जैसे आतंकवादी समूहों पर कारगर कार्रवाई नहीं कर पाया है। ना ही, पाकिस्तान अपने यहां उनके सुरक्षित ठिकाने नष्ट कर पाया है। दिलचस्प है कि उसी पाकिस्तान को अब बाइडेन सरकार आतंकवाद पर अंकुश लगाने की उसकी क्षमता बढ़ाने के मकसद से यह सहायता देने जा रही है। पाकिस्तान जिहादी आतंकवाद का गढ़ रहा है। उसने ओसामा बिन लादेन जैसे आतंकवादी को शरण दी थी। उसने अफगानिस्तान पर काबिज होने में तालिबान की मदद भी की। अजीब बात है कि बाइडेन सरकार उसी पाकिस्तान से आज आतंकवाद की नकेल कसने की उम्मीद कर रही है। उसे आर्थिक मदद दे रही है। इससे अमेरिका की सोच और प्राथमिकता पर भी प्रश्नचिह्न लग जाता है। वैसे, अमेरिका ने कहा है कि इस मदद से एफ-16 लड़ाकू विमानों की क्षमता में अतिरिक्त बढ़ोतरी नहीं होगी, लेकिन साथ ही यह भी बताया है कि आतंकवाद विरोधी अभियानों में इन विमानों की हवा से जमीन पर मार करने की क्षमता से मदद मिलेगी। है ना अजीब बात। बहरहाल, अमेरिका के इस फैसले ने भारत को ही नहीं, स्वतंत्र प्रेक्षकों को भी चौंकाया है। यह सच है कि हाल के वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच नजदीकियां काफी बढ़ी हैं। फिर भी आपसी रिश्तों को लेकर दोनों देशों के नजरिये में बुनियादी अंतर है। अमेरिका इस साझेदारी को गठबंधन के संदर्भ में लेता है, जबकि भारत इसे खास क्षेत्रों में साझा हितों पर आधारित ऐसे समझौते के रूप में देखता है, जिससे अन्य क्षेत्रों में अन्य देशों के साथ साझेदारी बनाने के अधिकार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। अमेरिका किसी भी देश के साथ रिश्तों में अपने हितों को तवज्जो देता है, लेकिन जब उसका कोई करीबी देश ऐसा करता है, तो अमेरिका को वह पसंद नहीं आता। इससे आपसी रिश्तों में तनाव आने लगता है। ऐसे में यह संभव है कि हावी होने की अमेरिकी आदत और स्वतंत्र नीति पर बने रहने की भारत की जिद के चलते कभी भी बात बिगड़ने का खतरा पैदा हो जाये। जाहिर है, दोनों देशों को अपने रिश्तों की नजाकत समझते हुए सोच-समझ कर आगे बढ़ना होगा। मगर फिलहाल पहली जरूरत एफ-16 विमानों के लिए पाकिस्तान को मदद देने के फैसले से उबरने की है। यह समझना होगा कि एफ-16 लड़ाकू विमान हमेशा भारत के खिलाफ इस्तेमाल किए जाते रहे हैं। अगर इतने अहम मसले पर भारत के सुरक्षा हितों को लेकर संवेदनशीलता नहीं दिखायी गयी तो सामरिक साझेदारी के औचित्य पर सवाल उठना कैसे रोका जा सकेगा।

**अमेरिका किसी भी देश के साथ रिश्तों में अपने हितों को तवज्जो देता है, लेकिन जब उसका कोई करीबी देश ऐसा करता है, तो अमेरिका को वह पसंद नहीं आता। इससे आपसी रिश्तों में तनाव आने लगता है।**

**भारतीय हमेशा से चिकित्सा के क्षेत्र में बहुलतावादी को अपनाते आये है। अर्थात अलग-अलग बीमारियों में अलग-अलग आवश्यकताओं के लिए अलग-अलग चिकित्सा प्रणालियों का उपयोग करते आये है। स्वास्थ्य सेवा शिक्षा को यह सुनिशित करना चाहिए कि कुशल चिकित्सक, नये और अन्य चिकित्सा सहयोगी कर्मियों को इस तरह से प्रशिक्षित किया जाये कि वे विशिष्ट की प्रणाली में विशेषता के साथ-साथ एकीकृत चिकित्सा प्रणाली के दृष्टिकोण का ज्ञान भी प्राप्त करे।**

# नयी शिक्षा नीति में स्वास्थ्य शिक्षा



माधवी लता

आज वैश्विक स्वर पपर स्वास्थ सेवा में एक बड़ा बदलाव हो रहा है, जिसमें चिकित्सा को केवल उपचारात्मक अभ्यास मानने से हट कर इससे व्यावक रूप में स्वस्थ्य सेवा के रूप में देखा जा रहा है, जो तंदुरूस्ती बीमारियों से बचाव और उपचार को संतुलि करती है। इसके लिए भारत में चिकित्सा शिक्षा के लिए गहरे निहितार्थ है। भारतीय हमेशा से चिकित्सा के क्षेत्र में बहुलतावादी को अपनाते आये है। अर्थात अलग-अलग बीमारियों में अलग-अलग आवश्यकताओं के लिए अलग-अलग चिकित्सा प्रणालियों का उपयोग करते आये है। स्वास्थ्य सेवा शिक्षा को यह सुनिशित करना चाहिए कि कुशल चिकित्सक, नये और अन्य चिकित्सा सहयोगी कर्मियों को इस तरह से प्रशिक्षित किया जाये कि वे विशिष्ट की प्रणाली में विशेषता के साथ-साथ एकीकृत चिकित्सा प्रणाली के दृष्टिकोण का ज्ञान भी प्राप्त करे। चिकित्सा शिक्षा में सुधार का प्रभाव देश में स्वाश्थ्य सेवाओं पर आवश्यक रूप से दिखायी देना चाहिए। चिकित्सा शिक्षा के लक्ष्य और मानव सभी के लिए स्टेट ऑफ आर्ट गुणवतापूर्ण और वाहन करने योग्य स्वास्थ्य सेवा के दृष्टिकोण से तय की जानी चाहिए। चिकित्सा शिक्षा मे सुधार देश भर में विशेषता ग्रामीण क्षेखों में प्राथमिक और द्वितीय स्वास्थ्य सेवा की गुणवता को बताने के उद्देश्य को ही लक्षित करके होने चाहिए। आज हम एक ऐसे युग में जी रहे है, जब लोग आराम से ज्यादा तनाव में रहते है। जीवन के हर पहलू मे अत्याधिक प्रतिस्पर्धा के कारण हमेशा समय की कमी रहती है। इसके बाद उच्च स्तर की चिंता, मानसिक तनाव और निश्चित रूप से असंतोष की भावना पैदा होती है।

**छात्र उच्चतम अंक तो प्राप्त कर लेते है, लेकिन यह इस बात की गांरटी नहीं देता है कि यह उनकी वांछित नौकरियों को प्राप्त करेगा।**



**तनाव का व्यक्ति पर नकारात्मक और सकारात्मक दोनों प्रकार का प्रभाव पड़ता है। इसका अर्थ यह होता है कि तनाव एक सामान्य अवस्था में भी हो सकता है, जिसमें व्यक्ति चुनौती को परिस्थिति के अनुसार अनुकुलित कर लेता है। जैसे - किसी चीज का तनाव व्यक्ति को उस परिस्थिति का सामना कराता है या परिस्थिति से दूर हटा देता है।**

विभिन्न आंतरिक और बाहरी अपेक्षाओं के कारण तनाव छात्रों के शैक्षणिक जीवन का हिस्सा बन गया है। कई बार यह तनाव परिवार, भाई- बहन और समाज के कारण होता है। इसलिए , पर्याप्त और कुश हस्ताक्षेप रणनीतियों को प्राप्त करने के लिए शैक्षणिक तनाव के स्त्रोतो और प्रभाव को समझना अनिवार्य हो जाता है। स्कूल स्तर पर एक कड़ी प्रतियोगिता शुरू होती जा रह है, जिसमें माता-पिता बच्चों पर अतिरिक्त मेहनत करने और सभी विषयों में उच्च अंक प्राप्त करने के लिए दबाव डालते है। छात्र भी बाकियों से बेहतर प्रदर्शन करने का दबाव महसूस करते हैं। इसलिए जब वे अपेक्षा के अनुसार प्रदर्शन करने में असमर्थ होते है, तो वे तनाव में आ जाते है। यह तनाव जब तक बना रहता है, जब तक कि यह स्वास्थ्य के लिए खतरा न बन जाये, जो हमेशा बना रहता है।

तनाव एक नकारात्मक भावना, व्यावहारिक एवं मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है, जो किसी भी व्यक्ति में होता हैं और वह व्यक्ति तनाव में समायोजन करने का प्रयास करता है। यह एक दुखदायी भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक अवस्था है, जो किसी भी अच्छे व्यक्ति को खतरनाक अवस्था में ले जाता है, जो एक स्वस्थ व्यक्ति को शारीरिक रूप से मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित करता है। कोहेन (1997) शोधाध्यनोपरांत पाया कि तनाव में दो प्रकार के तत्व पाये जाते है। पहला, दबाव मनोवैज्ञानिक अनुभूति जिस पर शरीर प्रभावित होता है। दूसरी तरह मांसपेशियां काम नहीं करे लगती है, जिसके कारण हृदय की गाति बढ़ जाती है और मसल में तनाव उत्पन्न हो जाता है।

तनाव का व्यक्ति पर नकारात्मक और सकारात्मक दोनों प्रकार का प्रभाव पड़ता है। इसका अर्थ यह होता है कि तनाव एक सामान्य अवस्था में भी हो सकता है, जिसमें व्यक्ति चुनौती को परिस्थिति के अनुसार अनुकुलित कर लेता है। जैसे - किसी चीज का तनाव व्यक्ति को उस परिस्थिति का सामना कराता है या परिस्थिति से दूर हटा देता है।

तनाव का स्तर और समय विभिन्न व्यक्ति और परिस्थिति के अनुसार अलग होता है। उदाहरण के लिए प्रथम वर्ष के स्नातक स्तर के विद्यार्थी के लिए कुछ व्याख्यान का छूट जाना तनावपूर्ण हो सकता है और कुछ विद्यार्थियों के लिए तनाव का कारण नहीं भी हो सकता है। प्रत्येक दिन के परेशानियों से चिड़चिड़ाहट दबाव से अनाश्वक खींच उत्पन्न होता हे। जो स्वंय में तनाव नहीं है, लेकिन इन सभी तत्वों का समायोजन हो जाता है, तो तनाव बढ़ जाता है। जब पढ़ने के लिए विद्यालय जाता हे तो उसे शिक्षा से संबंधित जो तनाव या चिंता उत्पन्न होता है, उसे शैक्षिक तनाव कहते हैं। जब कोई विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करता है, तो उस पर बहुत तरह का दबाव रहता है। जैसे - पढ़ना है, टेस्ट की तैयारी करना है, लैब जाना है, क्विज की तैयारी करना है इत्यादि। निश्चित समय पर इन सभी कार्यो को करने का तनाव रहता है और उनमें से भी पाठ्य सामग्री क्रियाकलापों के लिए अलग से समय निकालना पड़ता है।

मैनुअल (1998) ने अध्ययन में पाया कि बहुत सारे तत्वों से घटना के कारण शैक्षणिक तनाव अत्पन्न होता हैं जैसे - अपने पढ़ाई में कमी होना तथा उचित समय पर अपने कार्यो को पूरा न कर पाना।

छात्र उच्चतम अंक तो प्राप्त कर लेते है, लेकिन यह इस बात की गांरटी नहीं देता है कि यह उनकी वांछित नौकरियों को प्राप्त करेगा। वांछित वेतन, समय पर पदोन्नति, भौतिक वृद्धि जैसे अपना घर और कार, विवाह आदि अवसर चिंता तनाव और जीवन शैली की बीमारियों के साथ आते है।

इसलिए इतना ही कहना काफी है कि आज का युवा काफी तनाव में है और इसके लिए कुछ हद तक उपभोक्तावादी संस्कृति को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। सौभाग्य से हर समय तनाव से बचने का एक उपाय है, नियमित व्यायाम और योग एकाग्रता में सुधार करता है और मन को स्वस्थ रखता है। यह शारीरिक बीमारियों को कम करता है, व्यवहार संबंधी समस्याओं को कम करता है, अवसाद, तनाव को कम करता है, इस प्रकार म को शांत करता है।

इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि तनाव को कम करने के लिए अपने परिवार, दोस्तों और प्रियजनों के साथ कुछ गुणवतापूर्ण समय बिताना चाहिए, सामुदायिक सेवा करनी चाहिए, सैर पर जाना चाहिए। इन सभी उपायों को अपना कर विद्यार्थी अपने शैक्षणिक जीवन के तनाव को कम करके एक अच्छा जीवन जी सकते है और अपने जीवन में सफलता को प्राप्त कर सकेगें।

**(लेखिका : सहायक प्रध्यापिका, जसपुरिया बीएड कॉलेज बीसा, गेतलसूद, अनगड़ा हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# चाकुलिया में 14 किलोमीटर सड़क का सांसद और विधायक ने किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**चाकुलिया।** पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया प्रखंड से पश्चिम बंगाल सीमा को जोड़ने वाली जर्जर सड़क का निर्माण के लिए ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहे थे। सोमवार को ग्रामीणों को मांग पर चाकुलिया प्रखंड के लोधाशोली चौक से सरडीहा पश्चिम बंगाल सीमा तक 14 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण का शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद विद्युत वरण महतो और बहरागोड़ा के विधायक समीर महंती शामिल हुए। ग्रामीणों ने सांसद एवं विधायक का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। मौके पर दोनों अतिथियों के द्वारा नारियल फोड़ कर 14 किलोमीटर सड़क निर्माण का शिलान्यास किया गया। इस दौरान सांसद विद्युत वरण महतो ने बताया कि 14 किलोमीटर सड़क निर्माण होने से ग्रामीणों को आने जाने में काफी सहूलियत होगी।

विधायक समीर मोहंती ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र की ग्रामीणों का सड़क निर्माण की मांग रही। जिसे आज पूरा किया गया। सड़क बनने से क्षेत्र की जनता को आने जाने में सुविधा मिलेगी।

मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख धनंजय करुणामय, जिला सचिव घनश्याम महतो, सचिव बलराम महतो, कालापाथर के मुखिया शिवचरण हांसदा, लोधाशोली मुखिया मंजू टुडू, सरडीहा मुखिया दांगी सोरेन, बड़ामारा मुखिया दसरथ मुर्मू, राकेश मोहंती, राजा बारीक, निर्मल महतो, दुर्गा हांसदा, सहदेव गोप, मनोज गोप, राजा गोप, धनीराम सिंह, मिथुन के अलावा सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

# विधायक मंगल कालिंदी ने विकास योजनाओं का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में जनता की मांग पर विधायक मंगल कालिंदी ने कई योजनाओं का उद्घाटन किया। रविवार को विधायक ने घोड़ा बांदा पंचायत के पुष्पा अपार्टमेंट से घोड़ाबांदा मेन रोड, गुरु कृपा अपार्टमेंट से घोड़ाबांदा मेन रोड तक, लीला अपार्टमेंट से घोड़ाबांदा मेन रोड तक पेवर्स ब्लॉक निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। वहीं राधिका नगर में फेवर ब्लॉक सड़क और हुरलुंग पंचायत के माझी डी में एक जल मीनार का विधायक ने उद्घाटन किया। वहीं आजादी के बाद से अब तक घोड़ाबांदा गोयला डेरा के शुरू बस्ती में विद्युत संबंधित समस्याओं का जानकारी मिलते ही विधायक मंगल कालिंदी ने विभाग के पदाधिकारियों बिजली का खंभा लगाने का निर्देश दिया।



विधायक मंगल कालिंदी ने बताया कि बस्ती में आजादी के बाद से आज तक बिजली के खंभे नहीं लगे। स्थानीय लोगों को लकड़ी के खंभों से काम चलाना पड़ता था। बारिश के दौरान कभी भी दुर्घटना घट सकती है। संज्ञान में लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया गया। रविवार को विद्युत विभाग के द्वारा खंभे और अन्य विद्युत संबंधित समस्याओं का समाधान निकाला गया। रविवार को खुश होकर स्थानीय लोगों ने विधायक मंगल कालिंदी का भव्य स्वागत किया। क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार प्रकट किया।

मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड प्रगति के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री के पहल पर आज जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में विकास को गति मिल रही है। उन्होंने ने बताया आजादी के बाद से इस क्षेत्र में जनता की परेशानियों के लिए किसी भी सरकार ने पहल नहीं की। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अब तक विकास नहीं पहुंचा था। लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 2 वर्ष की कार्यकाल में उन सभी गलियों मोहल्लों में भी विकास को गति मिल रही है। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा झारखंड सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को लागू कर राज्य के कर्मचारियों को उनकी सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा वापस दिलाने का काम किया है। पारा शिक्षकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं तथा सहायिकाओं को उनका वह अधिकार मिला, जिसे मांगने पर पिछली सरकारों में लाठियां मिलती थीं। अब आंगनबाड़ी दीदीओं को 9500 रुपिया एवं सहायिकाओं को 4750 रुपया मानदेय के रूप में दिया जायेगा। पुलिसकर्मियों को भी हेमंत सरकार में 13 महीने का वेतन मिलेगा। शिक्षकों की बहाली, 20 लाख लोगों को राशन, गरीबों को 100 यूनिट तक बिजली मुफ्त जैसे कई ऐतिहासिक निर्णय लेकर चुनावी वादा को पूरा कर जनता को साबित कर दिया। राज्य में हेमंत सरकार जनता के समर्थित सरकार है। हमेशा के लिए जनता के साथ खड़े उतरने का काम करती है। यह सरकार जनता के द्वारा बनायी गयी जनता के लिए ही है, लेकिन भाजपा को यह पच नहीं रहा, क्योंकि भाजपा झारखंड की तरक्की को देख नहीं सकती।

# सीबीआइ अधिकारी बता अपराधियों ने लाखों की लूट की घटना को दिया अंजाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** कदमा थाना अंतर्गत डीबीएमएस स्कूल के पास सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे बाइक सवार दो अपराधियों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर लाखो की लूट के घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। घटना के बाद भुक्तभोगी ठेकेदार रश्मि रंजन राय ने तत्काल इसकी सूचना कदमा थाने में दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की।कदमा रामजनम नगर केशव माधव पथ शिव मंदिर निवासी भुक्तभोगी ठेकेदार रश्मि रंजन राय ने बताया सोमवार सुबह स्कूटी में सवार होकर बाजार जा रहे थे। उसी दौरान डीबीएमएस स्कूल के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से बाइक सवार हेलमेट पहने दो आरोपी ने आवाज लगाकर उन्हें रुकने का इशारा किया। उस दौरान हौंडा शाइन बाइक पर सवार दो आरोपियो ने अपनी बाइक कैंची मार कर स्कूटी के आगे लगा दी। जिसके बाद बाइक के पीछे हरा टीशर्ट पहन कर बैठा आरोपी नीचे उतरा और काफी देर से उन्हें आवाज देकर रोकने की बात कही।



रश्मि रंजन राय ने कहा उनकी आवाज उन्होंने नहीं सुनी। इसके बाद पीछे बैठे आरोपी ने भुक्तभोगी से कहा आगे चाकू मारकर छिनतई की घटना घटी है और आप शरीर पर इतना सारा सोना पहनकर घूम रहे हैं। इस दौरान दोनों खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया। साथ ही बाइक चला रहे सफारी सूट पहने हुए आरोपी को पीछे बैठा आरोपी सर कहकर संबोधित भी कर रहा था। वहीं दोनों आरोपी ने भुक्तभोगी रश्मि रंजन राय को गले से सोने का चेन, हाथ का सोने का ब्रेसलेट और उंगली से सोने की अंगूठी उतार कर रुमाल में रखने के लिए कहा। चूंकि उनके पास रुमाल नहीं था तो उन्होंने सारा सोना उतारकर अपनी पैंट की जेब में रख लिया। आरोपियों ने उन्हें जेब से निकालकर सोना कपड़े में ही रखने की बात कही। साथ ही उन्हें सोना निकालकर देने को भी कहा। भुक्तभोगी ने सारा सोना जेब से निकालकर उन्हें दे दिया। इस दौरान पीछे बैठे आरोपी ने हथियार भी निकाल लिया था, जिसके कारण भुक्तभोगी को उनपर शक नहीं हुआ। उन्होंने डिक्की से निकालकर गाड़ी साफ करने वाला कपड़ा आरोपियों को दिया। इसमें आरोपियों ने सारा सोना अपने पास ही रख लिया और उन्हें थाने चलने की बात कही। अभी वे स्कूल गेट से स्कूटी लेकर कुछ मीटर आगे बढ़े ही थे कि दोनों आरोपी बाइक घुमा कर वापस कदमा बाजार की तरफ से फरार हो गया। भुक्तभोगी रश्मि रंजन राय के अनुसार आरोपियों ने उनके पास से लगभग 4 लाख की गहने का लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गयी है। फिलहाल पुलिस मानले की जांच में जुट गयी है।

# जमशेदपुर में फिर शुरू होगा सिटी बसों का संचालन, नगर विकास विभाग ने दी मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता


**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति शहर में एक बार फिर से सिटी बस चलाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए जेएनएसी के अधिकारी इन बसों को चलाने की दिशा तय करने में लगे हुए है। बसों को चलाने की दिशा (रूट) तय होने के बाद अधिकारी बैठक कर यह तय करेंगे कि किस-किस दिशा में कितनी बसों का परिचालन किया जायेगा और सभी दिशाओं को मिला कर शहर में कितने बसों की आवश्यकता होगी।

नगर विकास विभाग ने 100 सिटी बसों के संचालन की अनुमति जेएनएसी को दी है। इस माह के अंत तक इन बसों के रुटों और बसों के किराये पर फैसला हो जाने की उम्मीद हैं।

ज्ञात हो कि 2009 में भी नेहरु अर्बन रिन्यूअल मिशन के तहत जेएनएसी को 50 बसें महैय्या करायी गयी थी। आज की स्थिति में लगभग सभी बसें कबाड़ में तब्दील हो चुकी है। जेएनएसी ने इन बसों के आने के बाद कभी इन्हें सड़कों पर उतारने की जहमत नहीं उठा पायी। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि जब भी जेएनएसी इन बसों को सड़क पर उतारने की कोशिश करती प्राइवेट बसों के मालिक अपनी राजनीतक धौंस दिखाते हुए इनके सड़क पर उतारने की योजना पर अड़ंगा लगा देते और तो और कई बार सिटी बस के ड्राइवरों से भी मारपीट भी की गयी। अंत में सभी बसों को सिदगोड़ा में खड़ा कर दिया गया है, जहां वे बसें अब कबाड़ में तब्दील हो गयी है। इन कबाड़ हो चुकी बसों की जानकारी एमवीआइ को पत्र लिख कर मांगी गयी है, जिससे उन बसों में जो बसें चलाने लायक होगी उन बसों का संचालन किया जायेगा और जो बसें खराब हो गयी है उनके स्थान पर सरकार से नयी बसों की मांग किए जाने का प्रस्ताव तैयार करने की भी तैयारी है। इस बार नये सिरे से शुरू की जा रही सिटी बसों की भी पहले जैसे ही न हो जाये, इन बातों को ध्यान बसों के संचालन और खरीदी से पहले जेएनएसी को रखना होगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफरल में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन जिला के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर ज्वाला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी नंद कुमार गुप्ता, कंचन साहू, चिकित्सक मुरली प्रसाद, विनोद कमलापुरी ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर रंका के समाजसेवी दिनेश कुमार चंद्रवंशी, दीनानाथ प्रसाद, किशोर कुमार सॉण्डिक, सुल्पानी सिंह, उपेंद्र कुमार, आलोक कुमार आदि लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर उपस्थित रक्तदाताओं को जानकारी देते हुए वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर ज्वाला प्रसाद सिंह ने कहा कि रक्तदाता को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी प्रमाण पत्र मुहैया कराती है। रक्तदाता 18 वर्ष आयु से ऊपर एवं 55 वर्ष से नीचे आयु के होने चाहिए। पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने कहा कि संसार के समस्त कार्यों में सबसे पुनीत कार्य रक्तदान होता है। रक्तदान से असहाय लाचार लोगों की जान को बचाया जा सकता है। मौके पर विनोद कमलापुरी, कंचन साहू, डॉक्टर मुरली प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी नंद कुमार गुप्ता, चिकित्सक गौरी शंकर प्रसाद आदि लोगों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कार्यक्रम प्रबंधक सुधीर कुमार सहित स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी उपस्थित थे।

### मां दुर्गा पूजा समिति नवादा गांव के अध्यक्ष बने गोविंद जयसवाल



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय स्थित नवादा गांव में मां दुर्गा पूजा समिति नवादा के सक्रिय सदस्यों की बैठक में अजीत जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से मां दुर्गा पूजा समिति नवादा के अध्यक्ष गोविंद जयसवाल को नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल सह पुजारी, कोषाध्यक्ष रजनीश जायसवाल, उप कोषाध्यक्ष अंकित जयसवाल, सचिव पुनीत जयसवाल, उपसचिव अभिमन्यु प्रजापति, मीडिया प्रभारी विकास जयसवाल, संरक्षक अजीत प्रसाद, नागेंद्र विश्वकर्मा एवं कार्यकारिणी सदस्यों में आकाश जयसवाल, संजीव, सुनील, सुधीर विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, लड्डू विश्वकर्मा, शशि कुमार, संजीत जयसवाल, आकाश विश्वकर्मा, बिहान शर्मा के नाम शामिल हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि मां दुर्गा पूजा समिति नवादा इस वर्ष भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कराएगी एवं मां दुर्गा की प्रतिमा निर्माण कर पूजा करेगी। मौके पर अध्यक्ष गोविंद जयसवाल ने कहा कि इस वर्ष दुर्गा पूजा भव्य तरीके से मनाया जाएगा। इस मौके पर बिहान शर्मा, पंकज विश्वकर्मा, रंजन जयसवाल, सुधीर विश्वकर्मा, सुनील कुमार, अनिकेत जयसवाल, पिंटू कुमार, कुणाल कुमार, राजू विश्वकर्मा, उपाध्याय विश्वकर्मा, आकाश विश्वकर्मा, सुधांशु जयसवाल, वीरेंद्र राम, दीपक जयसवाल, बृजेश जयसवाल, धर्मेंद्र प्रजापति, राजा कुमार एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### धर्म रक्षा वाहिनी सदस्यों ने हिंदुओं पर हो रहे हमले के खिलाफ जताया विरोध



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** धर्म रक्षा वाहिनी के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अभय तिवारी ने एवं संचालन सत्यनारायण सिंह ने किया। बैठक में श्री कृष्ण गोशाला के कार्यकारिणी सदस्य बनाने में भाई भतीजाबाद करने योग्य व्यक्तियों को किनारे कर अपने लोगों को भरने, माफिया को कमेटी में रखने की निंदा की गई। याद दिलाया गया कि गोशाला के निर्विघ्न चुनाव कराने में धर्म रक्षा वाहिनी की ही भूमिका प्रारंभ से रही है। गोशाला के हित में कार्य नहीं करने पर जिम्मेदार पदाधिकारी को कमेटी से किनारे करवाने का कार्य भी धर्म रक्षा वाहिनी करेगी। बैठक में दुमका में युवती एवं गढ़वा में युवक दीपक सोनी को मुस्लिमों द्वारा पेट्रोल छिड़ककर जलाये जाने की घटना पर चिंता व्यक्त की गई तथा प्रशासन से ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की गई। ऐसा नहीं करने पर सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी गई। प्रस्ताव पारित कर अंचल अधिकारी गढ़वा को मुस्लिम तुष्टिकरण करने एवं झामुमो कार्यकर्ता की तरह कार्य करने का आरोप लगाया गया। यही कारण है कि गोशाला जाने का अवरुद्ध रास्ता एसडीओ के लिखित आदेश देने के बाद भी साफ नहीं कराया गया। अतिक्रमण हटाने में केवल गरीब हिंदुओं का मकान तोड़ा गया और तिलैया नदी में बने एवं अन्य जगहों पर मुस्लिमों के मकानों को छोड़ दिया गया है। बैठक में रमेश कुमार दीपक, सुरेश अग्रवाल, विशाल श्रीवास्तव, सुनील चंद्रवंशी, भोला गुप्ता, मनोज पटनायक, प्रेम माली, अनूप कुमार रामनारायण मेहता, मनोज कुशवाहा सहित अन्य मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** पुलिस ने अनराज घाटी में लूट की घटना को अंजाम देनेवाले गिरोह का किया पर्दाफाश

# लूटपाट करनेवाले गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार

- 21 अगस्त को लूटकांड की घटना को दिया था अंजाम
- रोहित व सोनु पर पूर्व में हैं कई मामले दर्ज : एसडीपीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में लगातार लूटपाट एवं चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इसी बीच गत 21 अगस्त को गढ़वा रंका मार्ग एनएच 343 पर अनराज घाटी में एक गिरोह के द्वारा मोटरसाइकिल, मोबाइल एवं पैसे की लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के बाद सदर प्रखंड के छतरपुर पंचायत स्थित झलुआ गांव निवासी जसवीर अंसारी द्वारा लूटपाट की घटना की थाने में लिखित आवेदन देकर मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। मामले की तत्परता से निष्पादन करने हेतु पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देशानुसार अनराज घाटी के पास मोटरसाइकिल, मोबाइल एवं पैसे की लूट से संबंधित उद्भेदन के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की देखरेख में एक टीम गठित कर छापेमारी की गई। इस दौरान लूटपाट करने वाले गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी कर ली गई। मौके पर एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने इस बारे में जानकारी देते हुए प्रेस वार्ता में बताया कि जिले में लूट की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह का पदार्फाश कर लिया गया है। सभी अपराधियों की गिरफ्तारी रंका थाना क्षेत्र से की गयी है। जबकि लूटी गई मोटरसाइकिल बिहार के कोच से बरामद की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने अपराध स्वीकार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में रंका थाना क्षेत्र के ललन किशोर सिन्हा के पुत्र रोहित सिन्हा, एस कुमार सोनी के पुत्र अभिषेक सोनी, धर्मेंद्र चंद्रवंशी के पुत्र रोहन कुमार, सोनू प्रसाद के पुत्र मुकुल कुमार, विनय चंद्रवंशी के पुत्र गोलू कुमार एवं ओम प्रकाश सिन्हा के पुत्र सोनू कुमार उर्फ बिट्टू के नाम शामिल हैं। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार रोहित कुमार व सोनू कुमार पर लूटपाट का पुराना अपराधिक इतिहास रहा है। एसडीपीओ ने बताया कि लूटी गयी ब्लू रंग की बिना रजिस्ट्रेशन नंबर की अपाचे मोटरसाइकिल, एक सिल्वर रंग का सैमसंग मोबाइल बरामद किया गया है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

छापेमारी टीम में सदर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, पुलिस अवर निरीक्षक राजू उरांव, संतोष कुमार एवं सशस्त्र बल के कई पुलिस कर्मी शामिल थे।

## फर्जी हस्ताक्षर से आदिवासियों की जमीन लूटना चाहता है जिला प्रशासन : सत्येंद्रनाथ तिवारी

- अल्पसंख्यक स्कूल खोलने से रोकने के लिए डीडीसी से मिले भाजपा के पूर्व विधायक



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर प्रखंड के फरटिया पंचायत के उरांव टोला में प्रस्तावित अल्पसंख्यक स्कूल खोलने के प्रस्ताव का आदिवासी समुदाय के लोगों ने विरोध किया है। जिसके समर्थन में उतरे गढ़वा के पूर्व भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने गढ़वा डीडीसी से मिलकर आदिवासी जमीन पर बन रहे अल्पसंख्यक स्कूल को दूसरे जगह बनाने की बात कही। अधिकारियों से मिलकर पूर्व विधायक ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ये जो जमीन है गैरमजरूआ जमीन है। सभी जमीन को छोड़कर जिला प्रशासन आदिम जनजाति की जमीन को ही क्यों अपनाना चाह रहा है। उन्होंने कहा कि पहले ही डेंटल कॉलेज बनाने के नाम पर कई एकड़ जमीन उनकी लूट ली गयी है। लोगों ने कहा कि खाता संख्या 160 और प्लॉट संख्या 700 में अधिकाश उरांव और चौधरी की जमीन है। उक्त जमीन से ही उरांव और चौधरी दोनों का परिवार चलता है। उन्होंने बताया कि किसी को एक डिसमिल तो किसी को दो डिसमिल हिस्से में जमीन मिली हुई है। उन्होंने बताया कि वर्षों से उनके दादा-परदादा उस जमीन पर खेती बाड़ी करते आ रहे हैं। 1980 में किये गये सर्वे में उक्त जमीन को उनके परदादा के नाम भी किया गया, पर आज अचानक एक साजिश के तहत अल्पसंख्यकों के बच्चों को पढ़ने के लिए यहां स्कूल खोलना बहुत बड़ी साजिश है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन अमीरों की जमीन छोड़कर गरीबों की जमीन हड़पना चाहता है। कई ऐसे उरांव और चौधरी परिवार हैं जिनके पास इसके अलावा और कोई जमीन नहीं है। इसे हर हाल में नहीं बनने दिया जाएगा। पूर्व विधायक ने अधिकारियों पर फर्जी तरीके से हस्ताक्षर करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने अंचल अधिकारियों को चेतावनी देते हुए उन पर प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही।

### अज्ञात व्यक्ति ने बच्ची को चाकू मारा

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के नवादा गांव अंतर्गत धिक्कार टोला निवासी ज्ञानचंद की तीन वर्षीया पुत्री को एक अज्ञात व्यक्ति ने चाकू मार दिया। बच्ची अपने घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रही थी। उसी दौरान एक व्यक्ति वहां आता है और कुछ ही पलों में वह चाकू से उक्त बच्ची पर हमला कर देता है। उस हमले में उसके माथे के पीछे गहरा घाव हो गया है। साथ में खेल रहे बच्चों द्वारा शोर मचाने के बाद घर के अंदर से परिजन दौड़ कर बाहर आये और बच्ची की हालात को देख सकते में आ गए। आनन फानन में बच्ची को ले कर सदर अस्पताल पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के विषय में जानकारी दिये जाने के बाद एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि पुलिस अधिकारी को स्थल पर भेजा जा रहा है। मालूम चला है कि ग्रामीणों द्वारा उक्त हमलावर को पकड़ कर रखा गया है। उसे हिरासत में लेते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## थाना प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी सदर थाना पुलिस के थाना प्रभारी सदानंद कुमार के द्वारा क्राइम कंट्रोल व सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वहीं वाहन जांच के दौरान मेन रोड से आवागमन करने वाले बिना हेल्मेट व बिना कागजात के चलने वाले चालकों को हिदायत देकर छोड़ा गया। बिना हेल्मेट वाहन का परिचालन कर रहे लोगों से यातायात नियमों का पालन करते हुए हेल्मेट का अवश्य प्रयोग का निर्देश दिया गया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में क्राइम को कंट्रोल रखने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। इस तरह के अभियान सुरक्षा के दृष्टिकोण से चलाया जाता है, जिससे असामाजिक तत्वों में डर पैदा बना रहे। इस दौरान वाहन जांच अभियान में पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## विधायक भानु प्रताप ने अनाज गोदाम का किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर विधायक ने प्रखंड कार्यालय परिसर में एक करोड़ 20 लाख की लागत से बनने वाले गोदाम का शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भानु ने कहा के भवनाथपुर में गोदाम नहीं होने की वजह से किसानों का धान क्रय नहीं हो पा रहा था, लेकिन अब एक हजार मैट्रिक टन का गोदाम बनने जा रहा है। जिससे भवनाथपुर, खरौंधी एवं केतार के किसानों का धान घरों में नहीं रहेगा। हमारी केंद्र सरकार किसानों के प्रति जवाबदेह है। दिल्ली की सरकार ने किसानों पर ध्यान देते हुए एक साल में छह हजार देने का काम किया। यह काम किसी सरकार ने सोचा भी नहीं था। हेमंत सरकार में गरीबों का प्रधानमंत्री आवास भी नहीं बन पा रहा है, लेकिन पंडा, सोन, कोयल का बालू से अरबपतियों का अपार्टमेंट, फ्लैट बन रहा है। दुमका में एक बहन का पेट्रोल छिड़क कर कर हत्या करना, नगर उंटारी में युवक पर पेट्रोल छिड़क कर हत्या का प्रयास करना, इसके साथ ही विश्रामपुर में सैकड़ों मुसहर परिवारों का घर उजाड़ने के बाद भी सरकार मौन है। विधायक भानु ने कहा पंचायत चुनाव के बाद वर्तमान सरकार में अधिकारी पंचायत प्रतिनिधियों के मान सम्मान की परवाह नहीं कर रहे हैं, जो बर्दाश्त करने योग्य नहीं है।

मौके पर मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, सुनील सिंह, मनोज सिंह, अशोक गुप्ता, भानु गुप्ता, सुनील पांडे, निरंजन पाठक, प्रदीप यादव, इंद्रदेव प्रसाद यादव, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ व रमाशंकर श्रीवास्तव सहित अधिकारी कर्मचारी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail— eercdapfsdran-jhr@nic.in

e-Procurement Very Short Notice (1st Call)
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/12/22-23 Dated 12.09.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for construction of Flyover from Karamtoli to RIMS Hospital with complete Land Acquisition Plan including ownership details, Resettlement and Rehabilitation Plan etc as required all complete as per latest guidelines, in Ranchi district in the state of Jharkhand. from Consultant's empanelled in Category-II with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 3.5 Km |
| 3 | Work completion time | 60 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 13.09.2022, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 20.09.2022, 03.00 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 21.09.2022, 03.30 PM |
| 7- | Type of Bid | Two Envelope mode (Technical and Financial Bid) |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-9431591027 |
| 9- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 10- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi

PR 277596 Road (22-23)_D

कार्यालय, जिला सहकारिता पदाधिकारी, हजारीबाग

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–01/2022–23

जिला सहकारिता पदाधिकारी हजारीबाग द्वारा सहकारिता प्रक्षेत्र की विभिन्न गतिविधियों के प्रचार–प्रसार, अभिलेखन, कौशल विकास हेतु आयोजित प्रशिक्षण/सेमिनार कार्यक्रम मे प्रतिभागियों हेतु प्रिंटिंग एंव स्टेशनरी से संबंधित सामग्री आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद एक बडे लिफाफे मे निविदा दिनांक 27.09.2022 के अपराहन 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। लिफाफा के अंदर Technical Bid तथा Finacial Bid अलग–अलग लिफाफे मे सील बंद कर देय होगा। दोनो लिफाफा पर निविदा आमंत्रण सूचना 01/2022–23 लिखा रहना अनिवार्य होगा। निविदा दिनांक 27.09.2022 के अपराहन 03.30 बजे खोली जाएगी।
नोट :– निविदा की नियम एंव शर्ते, सामग्री आपूर्ति की सूची https://hazaribag.nic.in अथवा जिला सहकारिता पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला सहकारिता पदाधिकारी
हजारीबाग

PR 277557 Co-opretive(22-23).D

**बैठक :** रंका प्रखंड झामुमो ने सरकार की योजनाओं को गांव के गरीबों तक पहुंचाने का लिया निर्णय

# जनता की समस्याओं के समाधान के लिए किया कमेटी का गठन

- सोमवार से शनिवार तक के लिए किया गया दिनचर्या का निर्धारण, मामलों का निष्पादन कराने के लिए कमेटी के सदस्य रहेंगे उपस्थित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के रंका प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में एक बैठक की गयी। बैठक में गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं झारखंड सरकार के द्वारा चलायी जा रही सरकारी योजनाओं को गांव के गरीब व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में कार्य दिवस सोमवार से लेकर शनिवार तक के लिए दिनचर्या का निर्धारण भी किया गया है। जिसमें सोमवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी से संबंधित मामले का निपटारा संबंधित कार्यालय में आम जनता के हित में किया जाएगा। मंगलवार को अंचल से संबंधित मामलों का निपटारा अंचल कार्यालय में होगा। बुधवार को थाना से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा। गुरुवार को वन विभाग से संबंधित, शुक्रवार को प्रखंड का विभागीय कार्य पेंशन, बिजली से संबंधित मामलों का, शनिवार को मनरेगा एवं स्वास्थ्य से संबंधित मामलों का निष्पादन प्रखंड कार्यालय में किया जाएगा। वहीं जिला से संबंधित कार्य रविवार को प्रखंड कार्यालय में किया जाएगा। प्रखंड कार्यालय में सभी पदाधिकारी दिन के 11:00 बजे से 2:00 बजे तक उपस्थित रहेंगे।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सोमवार को प्रखंड कार्यालय में आशीष गुप्ता, शंभू यादव, रतन सिंह, मुकेश तिवारी, मुमताज रंगसाज, हाशिम अंसारी, संजय सिन्हा एवं बिश्रामपुर के छोटू सिंह बैठेंगे। मंगलवार को इरफान अंसारी, कार्तिक पांडेय, अनिल चंद्रवंशी, राजेश मद्धेशिया, ओम प्रकाश यादव बाहाहारा, मोबिन अंसारी, जोगिंदर यादव एवं मदन खान उपस्थित रहेंगे। बुधवार को दीपक सोनी, अजय गुप्ता, अनीमा देवी, देवेंद्र तिवारी, ज्योति लकड़ा, इजहार अंसारी, अंबिका सोनी, शंकर राम उपस्थित रहेंगे। गुरुवार को संजय सिंह छोटू, पप्पू यादव, परशु ठाकुर, डा. रहबर अंसारी, रविंद्र पासवान, शंभू गुप्ता, जगदीश टोप्पो, सरजू सिंह उपस्थित रहेंगे। शुक्रवार को अहमद अली अंसारी, हेमंत पासवान, शत्रुघ्न चंद्रवंशी, आफताब आलम, द्वारिका मेहता, अरविंद सोनी एवं विनय सोनी उपस्थित रहेंगे। शनिवार को प्रमुख हेमंत लकड़ा, जनेश्वर साहू, मालती देवी, युसूफ अंसारी, खालिद अंसारी, श्याम सुंदर यादव उपस्थित रहेंगे। रविवार को आशीष गुप्ता, हेमंत लकड़ा, अहमद अली अंसारी, कार्तिक पांडेय, दीपक सोनी, संजय सिंह छोटू, इरफान अंसारी, पप्पू यादव, रतन सिंह, देवेंद्र तिवारी आदि उपस्थित रहेंगे और जनता की समस्याओं को सुनेंगे तथा उसे ससमय समाधान कराने का कार्य करेंगे। इस बैठक में काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्

!! आम सूचना !!
(प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी))

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झुमरी तिलैया नगर परिषद् क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक – चतुर्थ "लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण" पूर्व से संचालित है। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक – चतुर्थ अंतर्गत सभी वार्डो मे यदि कोई योग्य, इच्छुक एवं पात्र लाभार्थी आवास से वंचित रह गये है, तो झुमरी तिलैया नगर परिषद् कार्यालय मे दिनांक 27.09.2022 तक निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ पूर्ण आवेदन जमा कर सकते है।

1. फोटो, पासपोर्ट साइज (स्वंय एवं परिवारिक)
2. आवेदन पत्र (कार्यालय से प्रपत्र प्राप्त कर सकते है)
3. आधार कार्ड – परिवार के सभी सदस्यों का
4. मतदाता पहचान पत्र / अन्य
5. बैंक पासबुक
6. शपथ पत्र (कार्यालय से प्राप्त प्रारूप)
7. 15 दिनों मे कार्य प्रारंभ करने का शपथ पत्र
8. जमीन संबंधित कागजात – खतियान / केवाला
9. मालगुजारी रसीद (अद्यतन)
10. मोबाईल नंबर

नोटः– 1. अपुर्ण आवेदन एवं विलंब से आवेदन जमा होने की स्थिति में आवेदन निरस्त किया जा सकता है।
2. सम्पूर्ण भारत के किसी भी राज्य में लाभुक के पास पक्का मकान नहीं होना चाहिए।

ह0/–, प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्

PR 277611 Urban Development(22-23)#D

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक

**लातेहार।** झालसा के निदेर्शानुसार अगामी 12 नवम्बर 2022 में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष-जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के अध्यक्षता में न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार ने बैठक में उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों को दिनांक 12.11.2022 को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निपटारा सुलह/समझौते के आधार पर कराने हेतु निर्देश दिया। न्यायिक पदाधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि लंबित वादों में पक्षकारों को नोटिस निर्गत कर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध सूचित एवं प्रेरित करे। इस वर्ष की अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 12.11.2022 को आयोजित की जा रही है। यह पक्षकारों के लिए सुनहरा अवसर है कि वे सुलभ एवं सरल तरीके से मामलों का निष्पादन करवा सके एवं राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।

### आयुष रूरल चैरिटेबल ट्रस्ट ने दिया लोहरदगा और गुमला के युवाओं को प्रशिक्षण

# प्रशिक्षित युवाओं से आयेगी ग्रामीणों में स्वास्थ्य जागरूकता : प्रसाद साहू

**सर्पदंश की घटना होने पर झाड़-फूंक से बचने के लिए कहा गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** शहर के गुदरी बाजार स्थित खेमराज स्मृति भवन में सोमवार को आयुष रूरल चैरिटेबल ट्रस्ट की अगुवाई में सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों के युवाओं को स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित तीन दिनी प्रशिक्षण का समापन किया गया। स्वास्थ्य जागरूकता लाने और दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में बीमारी से बचने, रोगी होने पर तत्काल इलाज करने और निकट के अस्पताल की सेवा लेने के संदर्भ में प्रशिक्षण दिया गया। लोहरदगा और गुमला के दर्जनों सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में युवक-युवती प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीण युवाओं को स्वास्थ्य जागरूकता लाने के लिए प्रेरित किया गया। दुर्घटना होने पर फर्स्ट एड देने की तकनीक बताई गयी। ट्रेडिशनल साइंस से परिचय कराया गया। सर्पदंश की घटना होने पर झाड़-फूंक से बचने के लिए कहा गया। ग्रामीणों को सर्पदंश की घटना होने पर अस्पताल से इलाज कराने के लिए जागरूकता ग्रामीणों में लाने को कहा गया। प्रशिक्षण के दौरान ऐसीपीलियस के एडवाइजर जावेद अंसारी, डॉ आर सी कुमार उपरोक्त के संदर्भ पर विस्तृत प्रशिक्षण युवाओं को दिया। ग्रामीण चिकित्सक संघ के अध्यक्ष प्रसाद साहू ने कहा कि प्रशिक्षण का लाभ लेकर ग्रामीण युवा गांव में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाएं। इस मौके पर लोहरदगा ग्रामीण चिकित्सक संघ के अध्यक्ष प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष भगवान गिरी, प्रदेश अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव सुनील सिंह, ट्रस्ट कोऑर्डिनेटर सुनीता कुमारी, विवेक कुमार, इनामुल लकड़ा, समेत लोहरदगा और गुमला के सुदूरवर्ती इलाके के प्रशिक्षणार्थी युवक-युवती मौजूद थे।

## पीएम नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन



**लोहरदगा।** उप निदेशक, प्रशिक्षण (मु.), निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, राँची के निदेश के आलोक में सोमवार को जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कॅरियर सेन्टर, लोहरदगा परिसर में पीएम नेशनल अप्रेंटिशिप मेला का आयोजन किया गया। इस मेला में आईटीआई उर्त्तीण प्रषिक्षणार्थी, 5वीं से स्नातक पास अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों शामिल हुए। इसमें 50 युवक-युवतियां शामिल हुए। मेले में स्टार हेल्थ एन्ड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मेडिकेयर, विजन इंडिया सर्विस प्राइवेट लिमिटेड और परम स्किल ट्रेनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के पदाधिकारी व प्रतिनिधिगण शामिल हुए। जिला नियोजनालय लोहरदगा को ओर से जिला समन्वयक (स्किल) अवनीश कुमार, लिपिक रमित मिंज व अन्य उपस्थित थे।

## कोर्ट के आदेश पर फरार अपराधी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तहार



**सेन्हा-लोहरदगा।** व्यवहार न्यायालय गुमला के निर्देश पर सेन्हा में फरार आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया गया। गुमला जिला के घाघरा थाना कांड संख्या 36/19 के आरोपी लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा निवासी देवधान उर्फ देवनाथ यादव का पुत्र राजेश यादव के घर मे व्यवहार न्यायालय के निर्देश पर घाघरा थाना पुलिस ने सेन्हा पुलिस के सहयोग इश्तेहार चिपका कर न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया। जानकारी देते हुए घाघरा थाना के एस आई मुकेश कुमार ने बताया कि राजेश यादव 2019 में पुलिस पर फायरिंग का आरोपी है। जिसे पुलिस को काफी दिनों से उसका तलाश है। मौके पर सेन्हा थाना एस आई सन्तोष कुमार और घघरा थाना एसआई मुकेश कुमार दल बल के साथ मौजूद थे।

## घर से बाइक चोरी का मामला दर्ज



**चंदवा।** चंदवा के आलो दिया निवासी सुधीर कुमार पिता अशोक साव की अपाची बाइक चोरी हो गयी बाइक चोरी चोर के द्वारा साथी रे अंदाज में किया गया। सुधीर कुमार ने चंदवा थाना में मामला दर्ज कराते हुए कहा कि चोर हमारे छत पर चढ़कर आया रूम में प्रवेश कर गया। रूम में खड़ी बाइक को चोरी कर लिया परंतु चोर के द्वारा बाहर से बंद कर देने के कारण हम तुरंत नहीं निकल पाया पड़ोसी को फोन किया तो पड़ोसी भी नहीं निकल पाया क्योंकि उसके भी बाहर से दरवाजे को बंद कर दिया था बड़ी मशक्कत के बाद हम लोग निकले और पीछा किया। तो कुछ लोगों ने बतलाया की इधर गया है उधर गया है। परंतु चोर को हम लोग पकड़ने में असफल रहे उसके बाद सुबह होकर चंदवा थाना में मामला दर्ज कराया घटना रात्रि रविवार को 2:00 बजे की है।

## बरवाडीह में विधायक आवास पर कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन



**बरवाडीह।** बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन के निर्देश पर सोमवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के आवास पर विशेष कोरोना की टीकाकरण अभियान के तहत शिविर का किया गया। जहां इस दौरान मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह उनकी पत्नी पूर्व जिला परिषद सदस्य इंदु देवी पुत्र यूथ कांग्रेस स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह समेत मंगरा पंचायत के 60 से अधिक लोगों ने कोरोना का टीका लगवाया। जहां इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के संगीता कुमारी एएनएम पूनम कुमारी सहिया एमपीडब्ल्यू गुलाम सरवर युवराज विक्रम सिंह समेत स्वास्थ्य विभाग के आल्हा अधिकारी और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। इस दौरान मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के तमाम लोगों से अपील किया है। की कोरोना का टीका अवश्य लगवाएं और महामारी से बचे 1 कोरोना से बचने का एकमात्र उपाय कोरोना टीकाकरण है।

## बरवाडीह में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के हरातू पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मुंडू ग्राम में स्व. पूरन सिंह की याद में खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट का सोमवार को शुभारंभ हुआ। फुटबॉल मैच का उद्घाटन मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के पुत्र यूथ कांग्रेस स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह एवं हरातू मुखिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पश्चात विधायक रामचंद्र सिंह के पुत्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फुटबॉल को किक मारकर टूर्नामेंट प्रारंभ करने की औपचारिकता निभाई।टूर्नामेंट का पहला प्रदर्शनी मैच मुंडू एवं हरातू पुरूष टीम के बीच खेला गया।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू, समाजसेवी अनिल कु सिंह जनेश्वर सिंह, रामबालक सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुनील सिंह, सत्येंद्र सिंह, संजय राज। आलोक कुमार सिंह, विकेश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह। प्रेम कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह, सुजीत गुप्ता पंकज पासवान मुन्ना सिंह संतोष सिंह चेरो अमित कुमार सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## दो कार की आमने-सामने हुई टक्कर में मां-बेटा सहित तीन घायल, दो रेफर



**कुडू-लोहरदगा।** दो कार में हुई आमने सामने की सीधी भिड़ंत में कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। कुडू चंदवा मुख्य पथ एनएच 75 केडवारी मोड़ के समीप सोमवार शाम करीब 3 बजे हुए इस हादसे में घायल लोगों की पहचान बिहार के गया जिला अंतर्गत डुमरिया थाना क्षेत्र के मैगरा निवासी केसानी कुंवर 65 पति जनार्दन सिंह और उनके पुत्र बबलू सिंह 40 के रूप में हुई हैं। दोनों को सर में गंभीर चोट आई है कुडू अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया। वहीं दूसरी कार में सवार हंटरगंज निवासी छोटू कुमार 25 को भी चोट आई है जिसका इलाज कुडू में किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार हुंडाई औरा कार संख्या बीआर 02बीडी - 8108 में सवार शुभाष कुमार, छोटू कुमार और सिंटू कुमार रांची से अपने घर हंटरगंज जा रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कार के आगे हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये।

## आठ किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार



**बालूमाथ (लातेहार)।** सोमवार की अहले सुबह बालुमाथ पुलिस को वाहन चेकिंग के दौरान एक बड़ी सफलता हाथ लगी। पांकी मोड़ के पास चलाये जा रहे इस वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल में ढोये आठ किलो गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि अवर निरीक्षक धीरज कुमार के नेतृत्व में पांकी मोड़ में वाहन चेकिंग चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस को देख कर एक मोटरसाइकिल (जेएच 08 जी- 1829) में सवार दो युवक पीछे की ओर तेजी से भागने लगे। सशस्त्र बल के जवानो ने पीछा कर मोटरसाइकिल सवारों को पकड़ा। तलाशी के क्रम में उनके पास से एक सफेद बोरे में तकरीबन आठ किलो गांजा बरामद किया गया. पुलिस ने दोनो मोटरसाइकिल सवार नरेश प्रसाद (बारियातु) एवं गुलाबी गंझु (सेमरसोत, बालूमाथ) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में बालूमाथ थाना में कांड संख्या 172/2022 भादवि की धारा 20 (बी)(दो) व एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत दर्ज किया गया है।

### डायनासोर का लाइव शो होगा मुख्य आकर्षण का केंद्र

# विज्ञान और योगा पर आधारित कला है जादू : जादूगर शंकर सम्राट

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा में दस सालों बाद जादूगर शंकर सम्राट का शो नगर भवन में 13 सितंबर से शुरू होगा। इस दौरान जादू के विभिन्न कलाओ का प्रदर्शन किया जायेगा। इसमें डायनोसोर की लाइव शो होगा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। उक्त जानकारी सोमवार को जादूगर शंकर सम्राट ने प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि 13 सितंबर को जादू का शो का उद्घाटन होगा। प्रतिदिन दो शो का प्रसारण होगा जबकि रविवार को तीन शो दिखाया जायेगा। शो का उदघाटन जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, एसडीओ समेत अन्य पदाधिकारी और गणमान्य लोग करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन नये-नये जादू का खेल दिखाया जायेगा। सबसे आकर्षक होगा करोड़ो साल पहले लुप्त हो चुके डायनोसोर जानवर का लाइव शो। वही पलक झपकते स्टैचू ऑफ लिबर्टी गायब, एक चलती पंखे से इंसार आर-पार, एक आरा मशीन से लड़के को दो टुकड़ा, मिश्र देश की प्रेम कहानी, जापान के भूत और भूतो का डांस, इन्छाधारी नागीन मार्डन आर्ट, हवा में तैरता हुआ बक्सा जिससे लड़की का प्रकट होना, जलते हुए आग के बीच से लड़की का प्रकट होना, चाईना वाल-स्केप, ट्यू जैक एंड टूसूटिंग लेडी और ऐसे अनेक छत्तीस बड़े आईटम समेत सैकड़ों तरह के जादू का रोमांच शो दिखलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि समाज में आज भी अंधविश्वास व्याप्त है और जादू के माध्यम से तरह-तरह के कलाओं को प्रदर्शित कर अंधविश्वास को समाज से दूर करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि जादू एक कला है, जो 90 प्रतिशत विज्ञान और 10 प्रतिशत सम्मोहन पर आधारित खेल है। कहा कि जादू हमारे देश की है लेकिन यह धीरे-धीरे हमारे देश में ही लुप्त होता जा रहा है।

# नुक्कड़-नाटक के जरिये कलाकारों ने दी योजनाओं की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा के द्वारा सूचीबद्ध कला दल झारखंड का नवा मंजर के कलाकारों द्वारा गणेश लोहरा के नेतृत्व में आज किस्को प्रखंड के पाखर पंचायत में सरकार की योजनाओं यथा, नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना, केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी चिकित्सा योजना के अतिरिक्त सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी, गुड सैमरिटन, सर्पदंश से बचाव, वज्रपात से बचाव पर स्थानीय भाषा मे विस्तृत जानकारी दी गयी। **मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना:** कलाकारों द्वारा इस योजना की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ एसटी, एससी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और दिव्यांग श्रेणी के युवाओं को स्वरोजगार हेतु दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त सखी मंडल, 5 लाख से कम आय वाले परिवार को यह लाभ मिल सकता है। इसके लिए झारखंड राज्य का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।

### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना

**मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग हेतु इस योजना का लाभ दिया जाता है। इस योजना का उद्देश्य बीमारी के बाद लोगों को स्वास्थ्य की क्षतिपूर्ति और अपने परिवार की दैनिक जरूरतों के पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। यदि लाभुक व्यस्क हो तो किसी भी तरह की बीमारी या सर्जरी के कारण पीड़ित हो (गर्भावस्था एवं प्रसव को छोड़कर) उसे 3 से 5 हजार रुपये, कोविड-19 से संक्रमित हो तो 5 से 10 हजार रुपये और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो तो उसे 25 हजार रुपये तक का लाभ दिया जाता है। यदि लाभुक अव्यस्क हो तो किसी तरह की बीमारी अथवा सर्जरी के बाद 1500 से 2500 रुपये, कोविड-19 से संक्रमित होने पर 2500 से 5000 रुपये और कैंसर की बीमारी होने पर 15000 रुपये दिया जाता है।**

### कार्यक्रम : लोहरदगा में लव कुश जयंती समारोह का आयोजन

# आरक्षण में वादाखिलाफी कर रही है सरकार : लंबोदर

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** स्थानीय नगर भवन में रविवार को लव कुश जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हाकिम महतो, विधायक लंबोदर महतो, मुकुटधारी महतो, अजय कुशवाहा, चूड़ामणि महतो, अर्जुन कुमार दांगी, राजेश महतो, अभय महतो ,राजकिशोर महतो, दिलीप दांगी, लक्ष्मण महतो राजेश खन्ना लक्ष्मण ओहदार आदि अतिथियों ने लव कुश की आरती कर सामूहिक दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरूआत किया। बरही चौक से शोभा यात्रा और मोटरसाइकिल जुलूस निकाल कर शहर का परिभ्रमण किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत गर्मजोशी से पुष्पगुच्छ से किया गया। कार्यक्रम में लव कुश समाज के संगठित, शिक्षित और जागरूक होकर राजनीतिक भागीदारी निभाने के लिए ऊर्जा भरा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हाकिम महतो ने कहा कि लव कुश समाज की पृष्ठभूमि गौरवशाली रही है। पुरुषोत्तम राम के वंशज लव कुश समाज वर्तमान में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से पिछड़ गये हैं। समाज के उत्थान और विकास के लिए शिक्षा के साथ राजनीतिक चेतना लाने की जरूरत है। संगठित होकर लव कुश समाज अपने गौरवशाली इतिहास को दोहरा सकता है।

## पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो: रवि डे

**चंदवा।** चंदवा समाजसेवी रवि कुमार डे ने झारखंड विकास समिति के बैनर तले एक प्रेस वार्ता की और झारखंड के मुख्यमंत्री से मांग किया है कि झारखंड में अभिलंब पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराया जाए स्वीटी ने कहा कि पत्रकार देश के चौथे स्तंभ के रूप में जाने जाते हैं और देशभर में इनकी ही सुरक्षा नहीं होती है कई जगह तो पत्रकारों पर हमला कर उनकी हत्या की जाती है ऐसे भी पत्रकार कई जगह बिना सुरक्षा के बीच जाने आने के लिए मुस्तैद रहते हैं रामयस पाठक ने कहा कि पत्रकारों को सुरक्षा के साथ-साथ मानदेय भी बहुत जरूरी है सरकार को इस पर ध्यान देने की जरूरत है सत्येंद्र प्रसाद यादव और विजय कुमार दुबे ने कहा कि पत्रकार सुरक्षा देश के चौथे स्तंभ को मजबूत करने के लिए बहुत ही जरूरी है।

## अवैध कोयला लदा दो ट्रक जब्त

**बालूमाथ (लातेहार)।** थाना क्षेत्र के अमरवाडीह पुलिस पिकेट प्रभारी प्रेम कुमार निषाद के नेतृत्व में चलाये गये वाहन चेकिंग अभियान में अवैध कोयला लदा दो ट्रक जब्त किया गया है। पुलिस ने मौके पर दोनो ट्रकों के मालिक सह चालक को भी गिरफ्तार करने में सफल रही है। बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि टंडवा थाना क्षेत्र के डहु गांव की ओर से दो ट्रकों मे अवैध कोयला ले कर बालूमाथ की ओर आने की सूचना मिली थी। इसी सूचना पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। मांगे जाने पर वाहन चालक वांछित दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके. ट्रकों के मालिक सह चालक सुजीत कुमार सिंह (कड़गु पटेर, चतरा) तथा अरविंद कुमार (पोखरिया खागा, देवघर) को गिरफ्तार किया गया है। थानेदार ने बताया कि दोनों ट्रकों में 20 टन अवैध कोयले लदे थे। जब्त कोयले की बाजार मूल्य चार लाख रुपए बतायी जा रही है। उक्त कोयले को बालूमाथ के रास्ते बड़ी मंडियों मे खपाने की योजना थी।

## मवेशियों के साथ 5 तस्करों को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया

लातेहार। लातेहार व लोहरदगा जिले के सिवाना पर स्थित पेशरार पंचायत में आठ तस्कर एक दर्जन से अधिक मवेशियों को लोहरदगा ले जा रहे थे कि ग्रामीणों को इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीणों के द्वारा पशु तस्कर को पकड़ कर बंधक बना लिया। इसके बाद सभी मवेशियों को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को तस्करों द्वारा एक दर्जन से अधिक मवेशियों को ले जाने की सूचना पर ग्रामीणों ने मवेशियों को छुड़ाया साथ ही आठ तस्करों में से पांच तस्करों को पकड़ लिया जबकि तीन तस्कर फरार हो गये।ग्रामीणों ने इसकी जानकारी लातेहार इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को दी। सूचना के बाद पुलिस अधिकारी पेशरार पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

# हंगामा व विरोध के बीच राजद जिलाध्यक्ष चुने गये

**इसके बाद दोनों पक्षों के बीच हंगामा शुरू हो गया और नारेबाजी की जाने लगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** सोमवार को हंगामा व विरोध के बीच रामप्रवेश यादव एक बार फिर राजद जिला अध्यक्ष चुन लिये गये हैं। हालांकि इस बीच दो पक्षों के बीच कई बार हाथापायी की नौबत आ गयी और काफी देर तक शोर शराबा होता रहा। चुनाव में निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में सैयद शमी अहमद व सह निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में देवंश मांझी उपिस्थत थे. निर्वतमान जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव एवं श्याम सुंदर प्रसाद यादव ने जिला अध्यक्ष पद के लिए अपना-अपना नामांकन दाखिल किया। कागजातों की स्क्रूटनी के दौरान श्याम सुंदर प्रसाद यादव के आवेदन को अस्वीकृत कर दिया गया। आरोप यह था कि श्याम सुदंर यादव ने प्रदेश से जारी नो ड्यूज का कागज अपने आवेदन में समर्पित नहीं किया है। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच हंगामा शुरू हो गया और नारेबाजी की जाने लगी। दोनों पक्षों के समर्थकों के आपस में भीड़ने लगे। एक के पक्ष के लोगो ने पक्षपात करने का आरोप निवार्चन पदाधिकारियों पर लगाया। बाद में राजद के वरीय नेताओं ने किसी प्रकार दोनो पक्षों को शांत किया। इसके बाद राम प्रवेश यादव निर्विरोध राजद जिला अध्यक्ष चुन लिय गये. चुनाव जीतने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जिला अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि संगठन को मजबूत करने को लेकर जिला से ले कर बूथ लेबल तक कार्य करने एवं सदस्यता अभियान चला कर अधिक से अधिक लोगों को राजद में जोड़ने की बात कही. उन्होने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में लातेहार विधानसभा क्षेत्र के दोनो सीटों पर राजद अपना प्रत्याशी खड़ा करेगी और चुनाव जीतेगी। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, प्रदेश सचिव मोहर सिंह यादव, लाल दीपक नाथ शाहदेव, पलामू जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद मेहता, लातेहार जिला उपाध्यक्ष रंजीत यादव, दीपक चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी, सुरेश राम, गिरजानंदन सिंह, अजय चौधरी, प्रीतलाल यादव, व्यास यादव, सत्येंद्र यादव, देवेंद्र यादव, नेजाम अंसारी, अली हसन अंसारी, जीतेंद्र यादव, रामसेवक उरांव, विश्वनाथ उरांव व संतोष यादव समेंत कई राजद नेता और कार्यकर्ता उपिस्थत थे।

### निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा

**निर्वाचन पदाधिकारी सैयद शमी अहमद ने बताया कि लातेहार जिला अध्यक्ष पद के लिए रामप्रवेश यादव (चंदवा ) व श्याम सुंदर प्रसाद यादव (बालूमाथ) ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया था।उन्होने बताया कि बालुमाथ के श्याम सुंदर प्रसाद यादव ने रांची प्रदेश कार्यालय से जारी नो ड्यूज का कागज जमा नहीं किया था और चंदवा प्रखंड का प्रभारी होने के कारण उनके आवेदन को अस्वीकृत कर दिया गया। उन्होने बताया कि रामप्रवेश यादव को निर्विरोध चुना गया है।**

# तेज रफ्तार बाइक सवार ने महिलाओं को रौंदा

**हादसे में करम डाल काट कर आ रही तीन महिलाओं सहित चार हुए घायल, दो रिम्स रेफर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कार्तिक उरांव महाविद्यालय के समीप रास्ते में मवेशी आ जाने के कारण एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गयी और करम डाल काटकर पैदल लौट रही बूटाटोली गांव की महिलाओं को रौंद डाला। घटना रविवार देर रात्रि करीब 10 बजे की बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार कुछ ग्रामीण महिलाएं करम डाल काटने के लिए जंगल की तरफ गयी थीं। वहां से करम डाल काटकर लौट रही थीं। जैसे ही वे कार्तिक उरांव महाविद्यालय के समीप पहुंची सामने से आती हुई तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें रौंद डाला। क्योंकि मोटरसाइकिल की तेज रफ्तार के बीच सड़क में एक मवेशी आ गया, जिसे बचाने के दौरान मोटरसाइकिल सवार मोटरसाइकिल से अपना नियंत्रण खो बैठा और वह करम डाल काट कर आ रही महिलाओं को रौंदते हुए खुद भी जा गिरा। इस हादसे में तीन महिलाएं और मोटर साइकिल सवार को गंभीर चोट पहुंची है। सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय लोगों के सहयोग से मजदूर संगठन सीएफटीआई के कार्यकर्ता आनंद पप्पू ने अपने वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया। घायल महिलाओं में सुकरो देवी, रांथी देवी, शांति देवी के साथ मोटरसाइकिल सवार संजय कुमार के नाम शामिल हैं।

घटना की सूचना पर थाना प्रभारी मनोज कुमार एवं एसआई दबंग पांडे मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। इधर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मोटर साइकिल सवार संजय और एक महिला शांति देवी को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। जबकि दो अन्य महिलाओं का इलाज स्थानीय सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना पर मजदूर नेता जुम्मन खान भी शनिवार को रात्रि अपनी टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों के इलाज और उन्हें रिम्स भेजने में घायलों के परिजनों की मदद की।

## हत्या के आरोपी पर दोष तय, सजा निर्धारण पर सुनवाई 19 सितंबर को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बरिसा गांव की रहने वाली वृद्ध महिला बंधईन उरांव की हत्या का आरोपी पुग्गू खोपाटोली गांव निवासी ललित कुजूर को अदालत ने हत्या का दोषी करार दिया है। इस हत्या के मामले में सजा 19 सितंबर को सुनायी जाएगी। एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने आरोपी ललित कुजूर के विरुद्ध सोमवार को दोषी होने का फैसला सुनाया। साथ ही सजा की बिंदु पर सुनवाई हेतु 19 सितंबर की तिथि मुकर्रर की। इस मामले में सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक मोहम्मद जावेद हुसैन ने पैरवी की। इस संबंध में मृतका की बहू रंजीता कुजूर ने अपने भाई आरोपी ललित कुजूर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया था कि 20 फरवरी 2019 को मेरी सास शाम 4:30 बजे ग्राम बरिसा से मेरे गांव खोपाटोली आयी थी और खाना खा कर लेटी हुई थी। तभी इसी दौरान मेरा भाई ललित कुजूर एक बड़ा सा पत्थर लेकर आया और मेरे सास के सिर पर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई थी। अब हत्या के अभियुक्त की किस्मत का फैसला 19 सितंबर को होगा।

## सिसई में मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना शिविर का आयोजन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के तहत सोमवार को ओल्मुण्डा पंचायत में चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस दौरान विभिन्न रोगों से ग्रसित 54 लोगों का आवेदन लिया गया। वहीं मेडिकल टीम के द्वारा 65 लोगों को कोरोना बूस्टर डोज दिया गया। मौके पर बीडीओ सुनीला खलखो ने लंबित आवास लाभुकों को जल्द से जल्द आवास पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर मुखिया शांति लकड़ा, पंचायत सचिव सुमराय किण्डो, रोजगार सेवक योगेन्द्र साहू, प्रभारी लिपिक शीला व ग्रामीण उपस्थित थे।

## बसिया में स्वास्थ्य चिकित्सा अनुदान शिविर में 15 आवेदन किये गये स्वीकृत



**बसिया (आजाद सिपाही)।** कुम्हारी पंचायत भवन में सोमवार को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत स्वास्थ्य चिकित्सा अनुदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में कुल 30 आवेदन प्राप्त किए गए जिसमें से 15 आवेदन को ऑन द स्पॉट स्वीकृत कर दिया गया एवं लगभग 70 आवेदन लाभुकों से लेकर सभी को निर्देश दिया गया कि सभी आवश्यक कागजात लगाकर कार्यालय में जमा कर दें। कुम्हारी स्थित कैम्प का निरीक्षण एसडीओ संजय पीएम कुजूर के द्वारा भी किया गया। उक्त कैम्प में उपप्रमुख इंदुमति देवी, बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, डॉक्टर रूची, अंचल निरीक्षक ओमप्रकाश, कल्याण पदाधिकारी, बनई मुखिया अमलेन कुल्लू, पंथा के सेतेंग हेमरोम के साथ पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कर्मचारी के अलावे लुंगटू, कुम्हारी ओकबा के मुखिया भी उपस्थित थे।

**तैयारी : एसपी ने टोटो थाना के लिए चयनित भूमि और पहुंच पथ का किया निरीक्षण**

# गुमला सदर थाने का बोझ होगा कम, टोटो में बनेगा नया थाना

**एक वर्ष के अंदर थाना बनाये जाने के लिए विभागीय प्रक्रिया कर ली जाएगी पूरी : एसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** अब महज एक वर्ष के अंदर अंदर टोटो के निवासी अपने पते में थाना गुमला के स्थान पर थाना टोटो लिखना शुरू कर देंगे। क्योंकि केवल एक वर्ष के इंतजार के बाद टोटो पंचायत मुख्यालय मे एक नया थाना नजर आयेगा। एसपी डॉक्टर एहतेशाम वकारीब के प्रयास से टोटो में थाना बनाने की सारी कागजी कार्रवाई अंतिम पायदान पर है। यहां तक कि थाना भवन बनाये जाने के लिए स्थल निरीक्षण भी हो चुका है।

पुलिस अधीक्षक बताते हैं कि थाना भवन बनाये जाने वाली चयनित भूमि मुख्य मार्ग से लगभग ढाई सौ मीटर अंदर है। इस भूमि तक फिलहाल कोई पहुंच मार्ग नहीं है। इस भूमि के पहुंच मार्ग के लिए बीच में कुछ रैयती भूमि आ रही है। रैयतों की भूमि का उपयोग करके थाना भवन बनाये जाने वाली चयनित भूमि तक पहुंचा जा सकता है। भूमि दान के लिए उन रैयतों से बात की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा है कि जल्द ही थाना बनाये जाने के लिए विभागीय प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। पहुंच मार्ग के मामले का निपटारा होते ही लगभग एक वर्ष में नया थाना भवन टोटो गांव निवासियों के लिए सौगात के रूप में दिखाई देगा। फिलहाल गुमला सदर थाने में 27 पंचायतों के मामले दर्ज किये जाते हैं। टोटो थाना के अमल में आ जाने के बाद नौ पंचायत के मामले टोटो थाना के सपुर्द किये जाएंगे। इससे जहां एक ओर गुमला सदर थाने का बोझ कम होगा वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में दूरदराज से आने वाले लोगों के लिए थाने की दूरी कम हो जायेगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में फलने-फूलने वाले विभिन्न उग्रवादी व नक्सली संगठन पर भी निगरानी रखने में पुलिस को आसानी होगी।

टोटो थाना बनने के बाद कोटाम, खरका, टोटो, टोटंबी, बसुआ आदि पंचायत के मामले टोटो थाना के अंतर्गत आयेंगे। कार्य को प्रगति देने के लिए सोमवार को एसपी डॉक्टर एहतेशाम ने उक्त चयनित भूमि का निरीक्षण किया और एप्रोच रोड के लिए भू-दाताओं से बातचीत करने के लिए अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी को दिशा-निर्देश भी दिये। एसपी के अनुसार अगर सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो एक वर्ष के अंदर अंदर टोटो के निवासी अपने पते में थाना गुमला के स्थान पर थाना टोटो लिखना शुरू कर देंगे।

# गुमला जिले में बहाल किये जायेंगे 370 गृह रक्षक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बहाली की प्रक्रिया शुरू, आवेदन लेकर दफ्तर पहुंचा अभ्यर्थियों का जत्था**

**गुमला।** गुमला जिला में गृह रक्षकों के रिक्त 370 पदों के लिए अब बहाली प्रक्रिया शुरू हो गई है। अपनी बहाली के लिए बेरोजगारों की भीड़ करम टोली स्थित कार्यालय में सोमवार को उमड़ पड़ी। अपनी बहाली का आवेदन जमा करने के लिए महिला और पुरुष अभ्यर्थियों का हुजूम देखा गया। बताया गया कि आगामी 23 सितंबर तक बहाली के लिए आवेदन पत्र जमा लिये जायेंगे।

गुमला जिला में ग्रामीण क्षेत्र के लिए 346 और शहरी क्षेत्र के लिए 24 को 370 पद रिक्त हैं। ग्रामीण क्षेत्र के गृह रक्षक बहाली के लिए सातवीं पास और शहरी क्षेत्र में बहाली के लिए 10वीं पास होने की अहर्ता को अनिवार्य करार दिया गया है।

अभ्यर्थियों को शारीरिक जांच परीक्षा के तहत एक मील की दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, शॉट पुट सहित अन्य जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा। वहीं शारीरिक जांच परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को हिंदी लेखन क्षमता की परीक्षा में भी शामिल होना पड़ेगा। ग्रामीण क्षेत्र अभ्यर्थियों के लिए सातवीं कक्षा और शहरी क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए दसवीं कक्षा स्तर के प्रश्न पूछे जाएंगे। आवेदन जमा करने के बाद पावती रसीद भी दी जा रही है। बहाली को लेकर शारीरिक जांच और लिखित परीक्षा की तिथि निर्धारण आदि की सूचना अखबारों में प्रकाशित की जाएगी।

## विहिप-बजरंग दल घाघरा प्रखंड कमेटी की बैठक 14 को

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल घाघरा प्रखंड कमेटी का विस्तार हेतु बैठक आहूत की गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए बजरंग दल के प्रखंड मंत्री अजय गुप्ता ने घाघरा प्रखंड के सभी सरना सनातनी हिंदुओं को बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है। साथ ही बताया कि प्रखंड मुख्यालय स्थित सिया धर्मशाला में आगामी 14 सितंबर की दोपहर 2 बजे बैठक आहूत की गई है। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड स्तरीय समिति का विस्तार किया जाना है।

## ट्रक के धक्के से तीन बाइक सवार घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के गम्हरिया चौक में सोमवार की शाम बॉक्साइट ट्रक की टक्कर में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा भेजवाया गया। घायलों में बरपाट सेरेंगदाग निवासी राजमुनि कुमारी, सुमित कुमार, वीरेंद्र असुर के नाम शामिल हैं। सभी घायलों का चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद राजमुनि कुमारी और सुमित कुमार को बेहतर इलाज हेतु गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन को लेकर भाग निकला। ग्रामीणों द्वारा ट्रक वाहन का पीछा करने पर ट्रक चालक ट्रक को करंज टोली के समीप मुख्य पथ पर खड़ा करके भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच मामले की छानबीन की और बॉक्साइट ट्रक को कब्जे में लेकर थाना चली आयी।

# घाघरा में मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना शिविर में 30 आवेदन किये गये स्वीकृत

**शिविर में जो लोग आवेदन जमा नहीं कर पाये हैं, वे प्रखंड कार्यालय में आकर कल्याण पदाधिकारी के पास आवेदन जमा करें : सीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाका रुकी पंचायत में मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के तहत सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीडिओ विष्णु देव कच्छप, सीओ प्रणव ऋतुराज व चिकित्सा प्रभारी एके एक्का सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के तहत मिलने वाले लाभ की जानकारी लोगों को दी गयी।

सीओ प्रणव ऋतुराज ने बताया कि शिविर में कुल 60 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें तत्काल ही 30 आवेदन को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के तहत ग्रामीण इलाका के लोग जो अपना इलाज कराये हैं। उन्हें बीमारी के अनुसार धन राशि निर्धारित कर योजना के तहत पीड़ित को देना है। शिविर में जिन्हें चिकित्सा सहायता लेना है वैसे लोगों ने भी आवेदन जमा किया है। साथ ही सीओ ने यह भी बताया कि शिविर में जो लोग आवेदन जमा नहीं कर पाये हैं। वह प्रखंड कार्यालय में आकर कल्याण पदाधिकारी के समक्ष डॉक्टरी चिकित्सा से संबंधित दस्तावेज के साथ आवेदन जमा करें, ताकि उन्हें योजना का लाभ दिया जा सके। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडिओ विष्णु देव कच्छप, प्रणव ऋतुराज, चिकित्सा प्रभारी एके एक्का व मुखिया भीम उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।वर प्रसाद, विरेन्द्र राम, धीरज गुप्ता एवं अन्य मौजूद थे।

**कार्यक्रम : बसिया इंटर कॉलेज में खाद्य सुरक्षा और तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन**

# नशापान के कुप्रभावों व मुक्ति के मनोवैज्ञानिक उपचार की दी गयी जानकारी

**पूरे गुमला जिले में पहली बार बसिया इंटर कॉलेज का खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के तहत ईट राईट कैम्पस के रूप में किया गया है चयन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** बसिया इंटर कॉलेज के सभागार में सोमवार को खाद्य सुरक्षा और तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान कार्यक्रम के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को नशापान के कुप्रभावों व इससे मुक्त होने के लिए मनोवैज्ञानिक उपचार की जानकारी देते हुए खाद्य सुरक्षा के विभिन्न आयामों की गहन जानकारी दी गई।

मिली जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम में उपस्थित एनटीपीसी, गुमला की जिला परामर्शी वंदना और नशा विमुक्ति केन्द्र की मनोवैज्ञानिक सुमन कुल्लू के द्वारा अलग-अलग सत्रों में नशापान के विभिन्न आयामों की चर्चा करते हुए बताया गया कि हम मजे के लिए अनजाने में नशा की ओर कदम बढ़ा लेते हैं, परन्तु हमें पता भी नहीं चल पाता और हम सर्वनाश के आगोश में चले जाते हैं। इस दौरान नशीले पदार्थों के फार्माकोलॉजी की विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने इनमें उपलब्ध जहरीले तत्वों से बच्चों को अवगत कराने का काम किया। इस कार्यक्रम के दौरान बसिया के थाना प्रभारी छोटू उरांव ने नशा सेवन व इसके व्यापार को अपराध बताते हुए इसके कानूनी पहलुओं की विस्तृत जानकारी देने का काम किया। जबकि दूसरे सत्र में जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने खाद्य सुरक्षा की गहन जानकारी देते हुए बताया कि स्वस्थ खानपान को लेकर आज चुनौतियां बढ़ गई हैं और इसके लिए हमें कहीं अधिक जागरूकता के प्रदर्शन की जरूरत है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बसिया के अनुमंडल पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर ने नशा के लिए कुसंगति को एक बड़ा कारण बताते हुए कहा कि ऐसे माहौल से बचने की आवश्यकता है।

इस दौरान एसडीओ ने यह जानकारी भी दी कि पूरे गुमला जिले में पहली बार बसिया इंटर कॉलेज का चयन खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के तहत ईट राईट कैम्पस के रूप में किया गया है। इसके लिए महाविद्यालय प्रबंधन और छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र की तमाम बाधाओं के बाद भी एक ऐसे कैम्पस के निर्धारण के लिए भागीदारी प्राप्त करना अपने आप में एक गौरव की बात है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## सिसई में जिला ई.सी.सी.ई संसाधन केंद्र गुमला का उद्घाटन सह लोकार्पण



**सिसई (आजाद सिपाही)।** सेव द चिल्ड्रन, बाल विकास व सुरक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को जिला ई.सी.सी.ई संसाधन केंद्र, गुमला का उद्घाटन सह लोकार्पण जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, प्रमुख मीना देवी, बीडीओ सुनीला खलखो एवं सीडीपीओ ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सेव द चिल्ड्रन के राज्य प्रमुख महादेव हांसदा ने बताया कि ई.सी.सी.ई संसाधन केंद्र का मुख्य उद्देश्य उपलब्ध शिक्षण-अधिगम सामग्रियों को देख-समझ कर सेविकाएं अपने केंद्र में गतिविधियों के प्रदर्शन के दौरान इस्तेमाल कर सकें और बच्चों के चहुंमुखी विकास के आयाम को विकसित करने में सहयोग प्रदान कर सकें। यह केन्द्र जिला ही नहीं पूरे राज्य में पहला इस तरह का केन्द्र है। सेव द चिल्ड्रेन प्रखंड के 75 विद्यालय और 170 आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रत्यक्ष रूप में सहयोग कर रही है। मौके पर प्रखंड समन्वयक विवेक आनंद, परोमिता, सुब्रत, धीरज ओहदार, शिव, संजीत, आलिस, सीमा, अंजली, सहित सेव द चिल्ड्रन के कई कार्यकर्त्ता व सेविकाएं शामिल थे।

## बिशुनपुर पुलिस ने देसी कट्टा के साथ एक अपराधी को किया गिरफ्तार



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने रविवार को देसी लोडेड कट्टा के साथ झारखंड जनसंघर्ष मुक्ति मोर्चा संगठन के सदस्य कर्मपाल उरांव उर्फ ढेला को गिफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के संबंध में गुमला एसडीपीओ मनिशचन्द्र लाल ने सोमवार को बिशुनपुर थाना में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पत्रकारों को बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि झारखंड जन संघर्ष मुक्ति मोर्चा का एक सदस्य कर्मपाल उरांव चंपाटोली गांव में घूम रहा है। जिसके आधार पर थाना के एसआई घनश्याम कुमार रवि दल बल के साथ उक्त गांव पहुंचे तो कर्मपाल पुलिस को आता देख भागने लगा। जिसको जवानों के द्वारा घेर कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम कर्मपाल उरांव उर्फ ढेला बताया। साथ ही तलाशी के दौरान उसके कमर से एक देसी लोडेड कट्टा एवं पॉकेट से दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस के द्वारा उसे गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जहां पर पूछताछ में उसने बताया कि वह झारखंड जन संघर्ष मुक्ति मोर्चा का सक्रिय सदस्य है और वह 2015 से संगठन में सक्रिय रूप से काम कर रहा था। कर्मपाल को पुलिस ने सोमवार को पूछताछ के उपरांत जेल भेज दिया।

## सिसई में आठवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बसिया थाना क्षेत्र के ओकबा गांव निवासी बंधा उरांव की 15 वर्षीय पुत्री अंजू कुमारी ने रविवार रात को छठ तालाब रोड सिसई स्थित किराये के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार की सुबह पुलिस को सूचना मिलने पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। अंजू ने जिस कमरे में आत्महत्या की है उस कमरे की दीवार पर एक युवक के नाम के बाद सॉरी व मां सॉरी लिखा हुआ है वहीं उसी युवक का नाम लिखने के बाद मैं उसकी नहीं तो किसी की नहीं, दीवार पर लिखे मिलने से पुलिस मृतका की आत्महत्या को प्रेमप्रसंग से भी जोड़कर मामले की छानबीन कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका आठवीं की छात्रा थी। पिता राज मिस्त्री का काम करता है। बीते रविवार को बंधा उरांव अपनी पत्नी सुखमनी उरांव व एक बेटी को लेकर अपने घर ओकबा गया हुआ था। किराये के घर में अंजू व उसका छोटा भाई रोहित (10) था। करीब नौ बजे खाना खाकर दोनों भाई-बहन एक ही कमरे में सो गये। सुबह उसका छोटा भाई सोकर उठा तो देखा अंजू गले में दुपट्टे से फांसी लगाकर लटकी हुई है। उसने पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी।

## अति गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान एवं जांच के लिए शिविर का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बाल विकास परियोजना कार्यालय घाघरा में पोषण माह के अंतर्गत अति गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान एवं जांच हेतु शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अनुपमा मिंज द्वारा अति गंभीर कुपोषित बच्चे की पहचान कैसे करें इसकी जानकारी दी गई। साथ ही सेविकाओं को उनकी वृद्धि निगरानी चार्ट भरने का निर्देश दिया गया और आगे जानकारी देते हुए कहा कि हमें इस तरह के बच्चों की विशेष निगरानी करनी होगी। उनका खान पान, सही रखरखाव हो इस पर विशेष ध्यान देना होगा एवं अभिभावक अपने बच्चों को कुपोषण उपचार केंद्र लेकर जायें। इसके लिए प्रेरित करना होगा। तब ही बच्चे इस कुपोषण से निकल पायेंगे और स्वस्थ होंगे एवं एक हजार दिन के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। इस शिविर में मुख्य रूप से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अनुपमा मिंज, लेडी सुपरवाईजार राजेश्वरी देवी, सेन्टर फॉर नालेज डेवलपमेंट की प्रखंड समन्वयक माया मिश्रा, सेविका, अभिभावक सहित कई लोग मौजूद थे।

## घाघरा पुलिस ने फरार अभियुक्त दिलीप लोहरा के घर पर इश्तिहार चिपकाया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना के कांड संख्या 36/2019 के फरार चल रहे अभियुक्त दिलीप लोहरा उर्फ दीपक बेलागाढ़ा गांव निवासी के घर में घाघरा पुलिस ने इश्तिहार चिपकाया। इस संबंध में घाघरा थाना के सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2019 में लप्सर गांव के पास पुलिस पार्टी पर फायरिंग की घटना को अपराधियों द्वारा अंजाम दिया गया था। इस घटना के अभियुक्त दिलीप फरार चल रहा है। जिसे लगातार पकड़ने के लिए छापेमारी की गयी, लेकिन वह इलाका छोड़कर कहीं और भाग गया है। जिसके बाद उसके गांव स्थित घर में जाकर इश्तिहार चिपकाया गया है। सब इंस्पेक्टर मुकेश ने आगे कहा कि एक महीना के अंदर अगर वह थाना या फिर न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण नहीं करता है तो फिर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्राथमिकता के आधार पर होगा पंचायत का सर्वांगीण विकास : सरिता कुमारी

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत महुअरी पंचायत के ग्राम झरहा टोला बालपर देवी मंदिर के प्रांगण में महुअरी पंचायत के मुखिया सरिता कुमारी की अध्यक्षता में एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से देवी मंदिर के पास चबूतरा बनवाने एवं मध्य विद्यालय के पास नल जल योजना के तहत जल मीनार लगवाने के लिये अपना सहमति जतायी। ग्राम सभा को संबोधित करते हुए मुखिया सरिता कुमारी ने कहा कि जिस प्रकार पंचायत के जनता ने हमारे ऊपर भरोसा करते हुए मुझे काम करने का अवसर दिया है उसको पूरा करने के लिए हम दृढ़ संकल्पित हैं। सरकार द्वारा पंचायत के लिए जो भी योजना दिया जाएगा उसे आम जनता से सहमति लेते हुए धरातल पर उतारा जाएगा। जल्द ही इन दोनों योजनाओं का निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा। हमारा मुख्य उद्देश्य विकास की गति को तेज करते हुए महुअरी पंचायत को एक नये मुकाम पर पहुंचाना है। ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए कार्य की सराहना की। युवा समाजसेवी सह मुखिया पति विमलेश पासवान ने कहा कि मंदिर के प्रांगण में चबूतरा का निर्माण हो जाने से लोगों को नीम के शीतल छांव में बैठने का एक अलग आनंद महसूस होगा। बरसात के दिनों में मंदिर के सामने कीचड़ हो जाता था जिससे ग्रामीण बैठ नहीं पाते थे। अब उससे छुटकारा मिल जाएगा जबकि स्कूल के पास जल मीनार लग जाने से स्कूली बच्चों के साथ साथ ग्रामीणों को भी स्वच्छ जल पीने को मिलेगा। इस नेक काम के लिए सभी ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया सरिता कुमारी एवं मुखिया पति विमलेश पासवान को धन्यवाद दिया। मौके पर बुधन बैठा, कंहाई पासवान, सकलदीप पासवान, घूरन राम; शिवनाथ राम, सुभाष कुमार, मुकेश कुमार, राजू पासवान, मिथिलेश कुमार, मनोज राम,फुलवा देवी, कलावती कुंअर, यशोदा देवी समेत कई ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### उपायुक्त के निर्देश पर हुई कार्रवाई

## रॉयल लाइन होटल में अवैध शराब जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर एसडीओ राजेश कुमार शाह एवं उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा ने सोमवार शाम संयुक्त रुप से दुबिया खाड़ी स्थित रॉयल लाइन होटल,अपना ढाबा एवं बाबा ढाबा में औचक रूप से छापेमारी की। इस दौरान रॉयल लाइन होटल में अवैध ढंग से शराब पी रहे लोगों से शराब जब्त किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि शराब जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



**उपायुक्त का निर्देश पर दो घंटे के भीतर हुई कार्रवाई**

लाइन होटलों में छापेमारी पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने सोमवार को सड़क सुरक्षा की बैठक में जिले के तीनों एसडीओ सड़कों के किनारे स्थित होटलों का औचक निरीक्षण करने एवं अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिये निर्देश दिया था। उपायुक्त का निर्देश मिलते ही सदर एसडीओ ने सक्रियता दिखाते हुए दुबियाखाड़ पहुंच कर जांच की जिसके पश्चात यह कार्रवाई की गयी।

## बैठक में डीसी ने दिया अवैध खनन के खिलाफ लगातार छापेमारी करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय के सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई,जिसमें जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन,भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वहीं बैठक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने जुलाई से 10 सितंबर में अवैध खनन पर कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस तिथि तक अवैध खनन, परिवहन, भंडारणकताओं की संख्या 60 है जिसमें खनन से संबंधित 6 में प्राथमिकी दर्ज की गयी है तथा 60 वाहन जब्त किये गये हैं। उपायुक्त श्री दोड्डे द्वारा खनन टास्क फोर्स के सदस्यों को आपस में समन्वय स्थापित कर विशेषकर बालू के अवैध उत्खनन,परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ छापेमारी कार्रवाई करने एवं इसके रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश दिया गया। उपायुक्त श्री दोड्डे ने स्पष्ट निर्देश दिये कि जिले में जितने भी जगहों पर अवैध खनन स्थल हैं, उन्हें चिह्नित करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बिना डीलर लाइसेंस के संचालित क्रशरों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावे उपायुक्त ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी को नियमित रूप से बालू का स्टॉक वेरीफिकेशन करने के लिये निर्देशित किया।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे के अलावा अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, छतरपुर एसडीओ एनके गुप्ता, सदर एसडीओ राजेश साह, वन प्रमंडल पदाधिकारी, खनन पदाधिकारी आनंद कुमार वन एवं प्रदूषण विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

### एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल के पांच छात्रों ने पायी नीट में सफलता

## नीट में विद्यार्थियों और शिक्षकों के संयुक्त प्रयास का परिणाम है यह सफलता : डा. जीएन खान

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी स्कूल के पांच छात्रों ने नीट सफलता प्राप्त की है। जिसमें 601अंक प्राप्त कर शुभम सौरभ ने बढ़ाई स्कूल की शान। 7 सितंबर को देश के प्रतिष्ठित परीक्षा नीट का परिणाम घोषित हुआ । इसके साथ ही एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डाल्टनगंज में उत्सव का माहौल बन गया है। विद्यालय के पांच छात्रों ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर एमबीबीएस में प्रवेश प्राप्त करने की अहर्ता प्राप्त कर ली। यह परीक्षा कुल 720 अंकों की हुई थी, जिसमें शुभम सौरव ने 601, रुचि ने 555,स्वर्णा ने 580,उत्कर्ष ने 520 प्रवीण देव गुप्ता ने 565 अंक प्राप्त किया है। समाचार प्राप्त होते ही विद्यालय प्रांगण में खुशी की लहर दौड़ गई। 601 अंक प्राप्त करने वाले छात्र शुभम सौरभ के पिता श्याम किशोर पांडे ने बताया कि वह शुरू से ही इस विद्यालय का छात्र रहा है। शुभम ने बताया कि मुझे दसवीं में 8.6 सीजीपीए एवं द्वादश में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। मैंने इस परीक्षा के लिए 12 से 13 घंटे और परीक्षा के समय में 15 घंटे अध्ययन किया है। विद्यार्थी भौतिकी और रसायन में कांसेप्ट आधारित प्रश्न एवं संख्यात्मक प्रश्नों की तैयारी करें, तथा जीव विज्ञान में एनसीईआरटी की पुस्तकें पढ़ले तो उन्हें सफलता अवश्य प्राप्त होगी। शुभम को विद्यालय के प्राचार्य डां जीएन खान ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इनके साथ शुभम के पिता श्याम किशोर पांडे तथा विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएन खान ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के संयुक्त प्रयास का परिणाम है। यह हमारे लिए गौरव की बात है कि पलामू से भी बच्चों ने राष्ट्रीय परीक्षा में पहचान बनाई है। अन्य छात्र इन छात्रों से प्रेरणा लेते हुए अभी से प्रयास करें तो अगले वर्ष यह संख्या और बढ़ सकती है। विद्यालय प्रबंधन भी अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था कर पूरा प्रयास कर रहा है। प्राचार्य ने इन छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है।



## पूर्व सरपंच युगेश्वर सिंह का निधन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखण्ड के दरुआ बेनी पंचायत के पूर्व सरपंच एवं शिक्षक पंचम सिंह एवम सेवानिवृत्त शिक्षक रंजीत सिंह के पिता 95 वर्षीय युगेश्वर सिंह का निधन उनके पैतृक आवास बेनी खुर्द गांव में हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के श्मशान घाट पर किया गया। उनके 5 पुत्र एवं 2 पुत्री से भरा पूरा परिवार है। उनके निधन पर भाजपा के वरीय नेता विनोद कुमार सिंह डॉ कर्नल संजय सिंह, ललन कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, लवकुश सिंह,भुनेश सिंह, उदय सोनी,कृष्ण मुरारी अग्रवाल मुखिया, एवं सभी पंचायत प्रतिनिधियों व आमलोगों ने शोक गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।

## राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष बने सोनू मिश्रा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में सोनू मिश्रा को प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सोनू मिश्रा ने किया। बैठक के प्रारंभ में सोनू मिश्रा ने पूरे कार्यकाल की रुपरेखा को सामने रखते हुए प्रदेश अध्यक्ष से इस्तीफा दिया। जिसे सदस्यों ने सर्वसम्मति से नामंजूर करते हुए सोनू मिश्रा को एक वर्ष का विस्तार दिया। बैठक में लिये गये निर्णयानुसार नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश की सभी कमेटी को तत्काल प्रभाव से भंग करते हुए अगले एक माह के अंदर नयी कमेटी बनाने की बात कही। वहीं वर्तमान कमेटी को कार्यवाहक के तौर पर कार्य करने का निर्देश दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों को सोशल मिडिया पर संयमित व सार्थक पोस्ट करने का निर्देश देते हुए कहा परशुराम सेना सभी वर्गों का सम्मान करती है इसलिए वैमनस्य बढाऩे वाली बात किसी भी सदस्य अपने सोशल मीडिया साईट पर नहीं लिखें नहीं तो उन पर दंडात्मक कारवाई की जायेगी। बैठक में संतोष तिवारी 'पिंकू' को नवीन तिवारी द्वारा विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। इस क्रम में नवीन तिवारी ने बताया की संगठन और समाज के लिए पिंकू तिवारी समयानुसार एक आदर्श के रुप में सामने आते रहे हैं ऐसे शख्सियत से समाज के सभी लोगों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। बैठक के प्रारंभ में संतोष तिवारी ने संगठन के समर्पित सदस्यों को विशेष तौर पर सम्मानित किया। सममानित होने वालों में मुकेश तिवारी, सीपी शुक्ला, ज्ञानेश तिवारी, नवीन पांडेय, विपिन पांडेय, अरविंद पांडेय आदि शामिल थे। बैठक में पलामू के पूर्व जिलाध्यक्ष पंडित चंदन तिवारी, चतरा जिला प्रभारी संजय मिश्रा, रांची जिला प्रभारी गुडडू तिवारी,गढ़वा जिला प्रभारी संजीत तिवारी,आशीष भारद्वाज,विकास दूबे,फोटू दूबे,शिशू दूबे, राधा कृष्ण दूबे, पलामू के संगठन मंत्री सीपी शुक्ला, मधुकर शुक्ला, वेदप्रकाश तिवारी, साकेत शुक्ला, ब्रजेश तिवारी, आशुतोष तिवारी, राजन तिवारी सहित कई सदस्य शामिल थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे क्रॉसिंग पार करने के क्रम में कामत गांव निवासी दशरथ सिंह 60 वर्ष ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक ओर से माल गाड़ी गुजरने के बाद वह बिना देखे क्रॉसिंग पार कर रहा था। तभी वह तेज रफ्तार मालगाड़ी की गार्ड बोगी की चपेट में आ गया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। आस पास के लोगों ने बताया कि उसका शव तत्काल परिजन लेकर चले गए। लोगों ने बताया कि दसरथ की मौत सावधानी हटी दुर्घटना घटी की वजह से हुई है।

## डीसी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की, दुर्घटनाओं की ली जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी अंजनेयुलू की अध्यक्षता में सोमवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन से बीते महीनों में हुए सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी ली। डीटीओ ने बताया कि जून से लेकर अगस्त तक जिला में कुल 57 सड़क दुर्घटना हुई है। जिसमें 46 लोगों की मृत्यु हुई है वहीं 40 लोग घायल हैं। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कैसे कमी लाया जाये इस पर चर्चा की। बैठक में उन्होंने ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध लगातार अभियान चलाने पर बल दिया इस के लिये उन्होंने परिवहन पदाधिकारी को एनएच पर पड़ने वाले थाना क्षेत्रों में पुलिस पदाधिकारियों को ब्रेथ एनालाइजर उपलब्ध करवाने के लिये निर्देशित किया। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधितों को शहर में ट्रिपल राइडिंग एवं एनएच पर हेलमेट चेकिंग अभियान चलाने की बात कही। इसके अलावे सभी स्कूलों में छात्र-छात्राओं के बीच सड़क दुर्घटना के प्रति जागरूकता अभियान चलाने के लिये प्रत्येक स्कूल में एक नोडल शिक्षक बनाने पर भी बल दिया। वहीं उत्पाद अधीक्षक को सभी अनुमंडल पदाधिकारियों से समंवय स्थापित कर सड़कों के किनारे स्थित होटलों का औचक निरीक्षण करने एवं अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की बात कही।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में उपरोक्त के अलावा अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह, तीनों एसडीओ, उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा, विश्रामपुर सह सदर डीएसपी सुरजीत कुमार, आइरेड की प्रतिनिधि, राष्ट्रीय राज्य मार्ग एवं निर्माण विभाग के प्रतिनिधि,सड़क सुरक्षा मैनेजर विनीत कुमार एवं आइटी असिस्टेंट डब्लू, उपस्थित थे।

### पर्यावरणविद ने उंटारी के मुरमा कला में श्राद्ध कार्यक्रम में किया पौधरोपण

## पौधरोपण से पर्यावरण को संतुलित रखने में तो मदद होगी ही, पितरों के साथ देवता भी होंगे प्रसन्न : कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता

**उंटारी रोड/पलामू।** उंटारी रोड प्रखंड के मुरमा कला गांव निवासी अजय प्रताप सिंह एवं पुरुषोत्तम प्रताप सिंह उर्फ ददन सिंह की मां बेसर देवी के श्राद्ध में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु एवं वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ कई प्रजाति के पौधे लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पर्यावरणविद ने मृतक बेसर देवी के नाम पर गांव स्थित देवी मंदिर परिसर में आम, भूटानी सिंदूर और हिमाचल के कपूर का पौधा लगाया। उन्होंने उक्त मौके पर उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रों की शपथ दिलाने के उपरांत एक सौ आम,अमरूद के पौधे भी निःशुल्क वितरित किया। पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार पितृपक्ष में अपने पितरों के नाम पौधे लगाने से न सिर्फ पर्यावरण संतुलित रहता है बल्कि पितरों के साथ देवता भी प्रसन्न होते हैं। पितरों के तर्पण के लिये गया जा रहे लोगों से उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मृतक के आत्मा की शांति के लिए हिंदू संस्कृति में पिंड पानी देने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है उसी प्रकार प्रदुषण से धधकती धरती मां की आत्मा की शांति के लिए उक्त अवसर पर लोग पौधे लगाकर पानी दें ताकि धरती मां की ज्वाला को कम किया जा सके। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा है कि लोगों को माता- पिता की सेवा से यदि मुक्ति मिल जाती हैं तो दुनियां के हरेक पुत्रों को उनके नाम पर पौधा लगाकर उसकी सेवा करें तो फल उससे कम नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारी हिन्दू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसे पूजा किया जाता है। क्योंकि एक वृक्ष से समस्त धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले जीवो को 10 तरह के लाभ मिलता है। जिसका उपभोग लोग सदियों से करते आ रहे हैं। जिसका प्रमाण हमारे धर्म ग्रंथों में उल्लेखित है।



### इनकी रही मौजूदगी

मौके पर प्रमुख लोगों में पप्पू सिंह, सोनित कुमार सिंह उर्फ बोल बम, संस्कार सिंह, नरेश सिंह, मनोज सिंह, शंभू सिंह, जितेंद्र सिंह, छोटू सिंह, रिद्धि सिंह, यशवान सिंह, बदन सिंह, सत्येंद्र सिंह,कृष्णा सिंह, भिरगुनाथ सिंह, डॉ महेंद्र दुबे, संजय चंद्रवंशी, अरविंद पाठक समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स



सांसद खेल स्पर्धा फुटबॉल टूर्नामेंट के जोन-3 का प्रखंड वार सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबला सोमवार को हुसैनाबाद के कर्पूरी मैदान में किया गया।

### सांसद खेल स्पर्धा फुटबॉल टूर्नामेंट में मोहम्मदगंज को हराकर हुसैनाबाद बना चैंपियन

## हुसैनाबाद में होगा स्टेडियम का निर्माण: सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** सांसद खेल स्पर्धा फुटबॉल टूर्नामेंट के जोन-3 का प्रखंड वार सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबला सोमवार को हुसैनाबाद के कर्पूरी मैदान में किया गया। मुख्य अतिथि सह पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, भाजपा के वरीय नेता बिनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह,रामप्रवेश सिंह, प्रफुल्ल सिंह,सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, श्रवण अग्रवाल, रंजीत पासवान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फुटबॉल को किक मारकर मैच की शुरूआत की। पहला सेमीफाइनल मैच हुसैनाबाद एवं हैदरनगर प्रखंड के बीच खेला गया। इसमें हुसैनाबाद की टीम विजयी हुई। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मोहम्मदगंज एवम पिपरा प्रखंड के बीच खेला गया। जिसमें मोहम्मद गंज महुगांवा की टीम विजयी रही। इसके बाद जोन-3 क्षेत्र का फाइनल मैच हुसैनाबाद एवं मोहम्मद गंज टीम के बीच खेला गया। जिसमें हुसैनाबाद की टीम 2-0 से विजयी रही। सांसद ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर उत्साहवर्द्धन किया। इस क्रम में सांसद ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत इसी तरह के खेलों का आयोजन करने और प्रतिभाओं को निखरने का मौका देने का है। साथ ही इस तरह के खेलों का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक खेल स्टेडियम का निर्माण कराया जायेगा।



**मौके पर इनकी रही मौजूदगी**

आयोजन के मौके पर रामेश्वर राम,राजेश कर्ण,सोमेश सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, शिव मिश्रा,प्रशांत सिंह, राजीव सिंह उर्फ छोटू सिंह, दशरथ यादव समेत काफी संख्या मे खेल प्रेमी दर्शक मौजूद थे।

## बाइचुंग भूटिया जैसा फुटबॉलर बनें स्थानीय खिलाड़ी : आशीष सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा के द्वारा रविवार को पोची पंचायत के ताबर, हलुमाड और पोंची के खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल का वितरण किया गया। इस दौरान श्री सिन्हा ने कहा कि मैं हमेशा से स्थानीय खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया है आगे भी इनको खेल सामग्री मुहैया कराता रहूंगा, मैं चाहता हूं कि स्थानीय खिलाड़ी भी वाचिंग भुटिया जैसा फुटबॉलर बने और अपने गांव समाज का नाम रोशन करें। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, पाकी विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अजय उरांव, सत्येंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, लाल बिहारी सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।



## तीन आरोपित अभी भी फरार, एसएसपी ने कहा- जल्द होंगे सलाखों के पीछे

# कलेक्शन एजेंट से 10 लाख के लूटकांड का मास्टर माइंड मुन्ना पांडेय गिरफ्तार

**एसएसपी संजीव कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शराब दुकान के कलेक्शन एजेंट से लूटपाट की घटना को अंजाम देने के मामले में धनबाद पुलिस ने मुख्य आरोपी मुन्ना पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है। वह धनसार थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसके पास से लूट के एक लाख 53 हजार रूपये भी बरामद किए गए है। इसकी जानकारी एसएसपी संजीव कुमार ने दी। वे सोमवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



लूटकांड में गिरफ्तार आरोपित की जानकारी देते एसएसपी संजीव कुमार व अन्य पुलिस अधिकारी।

उन्होंने बताया कि विगत 21 अगस्त को धनबाद थाना क्षेत्र में अपराधियों ने शराब दुकानों में बिक्री के पैसे (सेल) का कलेक्शन करने वाले एजेंट सह सरायढेला सुगियाडीह निवासी पुन्नू प्रसाद से 10 लाख रुपये नकद लूट लिये थे। अपराधियों ने हीरापुर के पेट्रोल पंप के पास घटना को अंजाम दिया गया था। थाने में शिकायत दर्ज होने के बाद से ही पुलिस लूटेरों की तलाश में थी। इसी बीच गुप्त सूचना पर लूटकांड में मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हालांकि लूटकांड में शामिल तीन अन्य अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। एसएसपी ने बताया कि फरार बाकि तीनों आरोपित भी जल्द ही पुलिस की गिरफ्तार में होंगें। साथ ही बताया कि मुन्ना पांडेय का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। धनबाद के अलावे अन्य जिलों में भी उसके विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** बोलेरो और बाइक की सीधी टक्कर में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा तेनुघाट शिविर संख्या दो के समीप हुई। मृतक की पहचान सीताराम महतो के रूप में हुई है। वह चतरो के चट्टी का रहने वाला था। इसकी जानकारी तेनुघाट ओपी प्रभारी सुनील कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि सीताराम महतो अपने बेटे राजेश महतो और बहु पुष्पा कुमारी के साथ बाइक से जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार बोलेरो से टक्कर हो गई। जिससे तीनों बाइक सवार घायल हो गए। इसमें सीताराम महतो की हालत गंभीर देख बेहतर इलाजे के लिए गोमिया ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, राजेश महतो एवं पुष्पा देवी को अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बोलेरो को जब्त कर लिया है।


### कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा
पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा, पिन–835302
ई-मेल: mdmloh@rediffmail.com

**आवश्यक सूचना**

**जिले के सरकारी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में आवश्यकता से अधिक (Surplus) शिक्षकों का विद्यालयवार विवरण प्रकाशित करने के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना।**

विभागीय संकल्प ज्ञापांक 2093 दिनांक 06.08.2019 यथा संशोधित अधिसूचना ज्ञापांक 1556 दिनांक 08.06.2022 के आलोक में कार्रवाई से सम्बन्धित मानक संचालन प्रक्रिया के अन्तर्गत जिले के सरकारी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में आवश्यकता से अधिक (Surplus) शिक्षकों का विद्यालयवार विवरणी जिले के अधिकारिक बेवसाईट www.lohardaga.nic.in पर प्रकाशित करते हुए सम्बन्धित शिक्षकों एवं अन्य से सम्बन्धित विवरण के संदर्भ में दावा/आपत्ति की मॉंग की जाती है। सभी सम्बन्धित शिक्षक एवं अन्य इसके सम्बन्ध में अपना दावा/आपत्ति साक्ष्य सहित विद्यालय के प्र0अ0/प्र0प्र0अ0 के माध्यम से दिनांक 15.09.2022 तक हार्ड कॉपी में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार का दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सभी सम्बन्धित विद्यालय के प्र0अ0/प्र0प्र0अ0 प्रकाशित सूची में से अपने विद्यालय की सूची को अलग कर पदस्थापित शिक्षकों के अवलोकन हेतु उपलब्ध रखेंगे तथा सम्बन्धित सूची की जाँच अपने स्तर से करेंगे। यदि कोई त्रुटि/विसंगति हो या किसी शिक्षक/शिक्षिका का नाम छूट गया हो तो अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को लिखित रुप से निर्धारित अवधि के अन्दर सूचित करेंगे।

त्रुटि सुधार के सम्बन्ध में निम्नलिखित प्रपत्र में आवेदन दिया जा सकेगा।

| आपत्तिकर्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची में क्र0सं0 | जिस कॉलम में त्रुटि है, उसकी संख्या | त्रुटि का विवरण | सुधार का साक्ष्य सहित विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

आपत्तिकर्ता का हस्ताक्षर — विद्यालय के प्र0अ0/प्र0प्र0अ0 का हस्ताक्षर

जिला शिक्षा अधीक्षक,
लोहरदगा।

PR.NO.277618 Lohardaga(22-23):D



### कार्यालय: जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष– 2022–23 में सरकार के सचिव, कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड रॉंची द्वारा रा0 संख्या 10 दिनांक 21/06/2022 एवं रा0 संख्या 16 दिनांक 01/08/2022 के आलोक में विभिन्न योजनाओं हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। योजना की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का विवरणी | भौतिक लक्ष्य | ईकाइ लागत (रू0 में) | अनुदान की राशि प्रति ईकाइ (रू0 में) | लाभुक का अंशदान (रू0 में) | आवश्यक कागजात |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मत्स्य प्रसार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना | केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट | 20 | 1600.00 | 1200.00 | 400.00 | आवेदन पत्र में अंकित चयन हेतु अर्हताएं एवं कागजातों को संलग्न करना आवश्यक होगा। |
| 2 | मत्स्य प्रसार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना | मत्स्य मित्र/मत्स्य पालक/केज मित्र/केज मत्स्य पालक को पुरस्कार सम्मान | 02 | 30000.00 | 30000.00 | अनुदान के अतिरिक्त शेष राशि लाभुक का अंशदान होगा | |
| 3 | मत्स्य प्रसार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन | 01 एकड़ | 160000.00 (प्रति एकड़) | महिला/अनु0 जाति/अनु0 जनजाति के लिए मो0 128000.00 तथा सामान्य/अन्य के लिए मो0 112000.00 | महिला/अनु0 जाति/अनु0 जनजाति के लिए 32000 तथा सामान्य/अन्य के लिए 48000.00 | |
| 4 | तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जिर्णोद्धार योजना | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिए मोटरचालित नाव | 01 | 445000.00 | 400500.00 | 44500.00 | |
| 5 | तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जिर्णोद्धार योजना | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिए नाव | 03 | 33000.00 | अधिकतम 30000.00 | 3000.00 | |
| 6 | तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जिर्णोद्धार योजना | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिए गिल नेट | 08 | 3190 | 2871.00 | 319.00 | |

उपरोक्त योजनान्तर्गत कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम **तिथि 23/09/2022** है एवं योजना से संबंधित चयन हेतु अर्हताएं एवं अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी

PR 277530 Fish(22-23).D



### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 06 वर्ष 2022–23**

1. विभाग का नाम :– जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखंड सरकार, रॉंची।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र की विक्री की तिथि :– 19.09.2022 से 24.09.2022 तक(3:00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एंव समय :– 27.09.2022 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 27.09.2022 को 3:30 बजे अपराहन्
6. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला। (2) सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई अनुमंडल, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एंव निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय परिसर, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
8. परिमाण विपत्र का मूल्य :– राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक, गुमला में भुगतेय हो, मान्य होगा।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखंड | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदा दाता की समुचित श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of (3+3) = 6 Room Shop with 5' 0" wide verandah outside Albert Ekka Stadium, Jaspur Road Gumla Block – Gumla, District - Gumla. | गुमला | 18,44,400.00 | 37,000.00 | 5000.00 | चार माह | श्रेणी–03 |
| 2 | Construction of (3+3) = 6 Room Shop with 7' 0" wide Verandah with Stair outside Stadium near Main Gate, Jaspur Road Gumla Block – Gumla, District - Gumla. | गुमला | 33,93,900.00 | 68,000.00 | 5000.00 | छः माह | श्रेणी–03 |
| 3 | Construction of Boundary Wall South-East, Near Referral Hospital Konbir, Basia under Block – Basia Dist- Gumla. | गुमला | 23,44,300.00 | 47,000.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 4 | Construction of Boundary Wall North-East, Near Referral Hospital Konbir, Basia under Block – Basia Dist- Gumla. | गुमला | 24,52,800.00 | 50,000.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 5 | Construction of Boundary Wall Front Side Near Referral Hospital Konbir, Basia under Block – Basia Dist- Gumla. | गुमला | 20,63,900.00 | 42,000.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 6 | Renovation of Women Inter Collage Hostal under Block – Gumla Dist- Gumla. | गुमला | 18,75,700.00 | 38,000.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 7 | Construction of 05 Unit Bathroom at Womens Inter Collage Campus, Gumla under Block – Gumla Dist- Gumla. | गुमला | 4,88,800.00 | 10,000.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 8 | Construction of 05 Unit Toilet at Womens Inter Collage Campus, Gumla under Block – Gumla Dist- Gumla. | गुमला | 4,91,200.00 | 10,000.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |

**निविदा की शर्तें** :– 1. बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता से निर्गत हुआ हो तथा बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता अवधि निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह तक का हो, मान्य होगा।

2. निविदा में 10% न्युनतम दर से अधिक न्युनतम दर उद्धृत करने पर प्राक्कलित राशि का 20% अथवा 30% अतिरिक्त जमा राशि का डाकघर सावधी जमा पासबुक/बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

**जो निम्न है:**– 1. 10% से 20 प्रतिशत कम दर की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत राशि देय होगा।

10. निविदा से संबंधित सभी सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट पर देखा जा सकता है।


E-mial ID – eemidgum@gmail.com.

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

PR277591 (Minor Irrigation)22-23*D


**महत्वपूर्ण न्यूज**

## सिंदरी बवाल में घायल भौरा ओपी प्रभारी की स्थिति गंभीर, एयर एंबुलेंस से भेजा गया दिल्ली एम्स



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सिंदरी बवाल में घायल हुए भौरा के ओपी प्रभारी हिमांशु की स्थिति गंभीर हो गई है। उन्हें सोमवार को दुगार्पुर मिशन अस्पताल से एयर एंबुलेंस के जरिए दिल्ली एम्स रेफर कर दिया गया। इसके लिए सीएम हेमंत सोरेन ने धनबाद एसएसपी के पहल पर निर्देश दिया था। एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि हिमांशु के इलाज का सारा खर्च राज्य सरकार उठा रही है। दिल्ली एम्स में सीआरपीएफ का एक जवान पहले से मौजूद है जो दिल्ली एयरपोर्ट पर एयर एंबुलेंस उतरते ही लाइजनिंग कर हिमांशु को अस्पताल में भर्ती करवाएगा। हिमांशु के साथ उनका भाई भी एयर एंबुलेंस में जा रहा है। एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि जितने भी नामजद आरोपित हैं उन्हें किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस लगातार छापामारी कर रही है मगर अभी तक इस मामले में सिर्फ चार लोग ही गिरफ्तार हो पाए हैं। बाकि आरोपी फरार हैं।

## चंदनकियारी में भ्रष्टाचार का बोलबाला : उमाकांत रजक



**चंदनकियारी (आजाद सिपाही)।** आजसू के चंदनकियारी स्थित पार्टी कार्यालय में 15 सितंबर को टुंडी के राजगंज में आयोजित आजसू के प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश महतो और संचालन बाटुल राय ने किया। बैठक में पूर्व मंत्री उमाकांत रजक भी शामिल थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चंदनकियारी में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सरकारी एवं अन्य कार्यालयों में जनहित के कार्य नहीं हो रहे हैं। सभी जगह लूट मची है। कहा कि चंदनकियारी के गांव-गांव की समस्या से अवगत हूं। जब तक चंदनकियारी के हर गांव से लेकर गली-गली का विकास और बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल जाता, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। इस मौके पर केंद्रीय सचिव दुर्गा चरण महतो, बधन शर्मा, भोलानाथ गोप, केंद्रीय सदस्य महादेव माहथा, राजेश भगत, जिला प्रधान सचिव तपन सिंह चौधरी, अशोक महतो, प्रकाश शर्मा, शिबु महतो, तपन रजवार,बाटुल राय, राजीव रंजन झा, राजकुमार सिंह, मंतोष मिश्रा, विकास सिंह, कुलदीप ठाकुर, सुदामा सिंह, मथुर गोप, मिथिलेश महतो, बबलू महतो, दिनेश मोदी, सपन महतो, मिथुन महतो, गणेश दास, अर्जुन महतो, संजय गोप, रंजीत गोप आदि उपस्थित थे।

## रवि कुमार का जेइइ एडवांस में बेहतर प्रदर्शन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** हाल ही में जारी जेइइ एडवांस-22 के परिणाम के अनुसार बोकारो स्टील प्लांट द्वारा संचालित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल-2 सी के विद्यार्थी रवि कुमार ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। रवि को जेइइ एडवांस-22 में 99 पर्सेंटाइल प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि रवि कुमार एवं अन्य बच्चों को सीबीएसई की बारहवीं की परीक्षा में 92.6 फीसदी अंक प्राप्त करने पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश द्वारा सम्मानित किया गया था।

## फुटपाथी दुकानदारों की गुहार पर रागिनी सिंह ने रेल, निगम व डीसी को लिखा पत्र

**15 दिनों में अवैध कब्जाधारी फुटपाथ दुकानदारों को हटने का रेलवे व निगम ने दिया है फरमान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद रेल प्रशासन ने डीआरएम कार्यालय के समीप अंबेडकर चौक से रेलवे स्टेशन रोड होते हुए श्रमिक चौक तक सड़क के दोनों किनारो पर दुकान लगाने वाले 176 फुटपाथ दुकानदारों को 15 दिनों में अपनी दुकान हटा लेने का नोटिस जारी किया है। चेतावनी दी गई है कि 23 सितंबर तक अवैध दुकानें और अन्य निर्माण नहीं हटाए गए तो अगले दिन जबरन हटा दिया जाएगा। रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग की ओर से जारी नोटिस से फुटपाथ दुकानदारों में भय व चिंता का माहौल है। उक्त मामले को लेकर रोजी-रोटी रोजगार समिति के बैनर तले रामनाथ सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों फुटपाथ दुकानदारों ने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह से सिंह मेंशन स्थित आवासीय कार्यालय में जाकर मुलाकात कर स्थिति से अवगत कराया। बताया



कि त्योहारों का समय निकट है। फुटपाथ दुकानदारों के लिए यही दुकान एकमात्र जीविका का साधन है। दुकानें टूट जाने से बच्चों व परिवार का भविष्य अधर में लटक जाएगा। केंद्र सरकार ने स्ट्रीट वेंडर को सुरक्षित करने के लिए फुटपाथ विक्रेता जीविका संरक्षण एवं फुटपाथ विक्रय विनमियन 2014 बनाया है। नगर निगम ने पहचान पत्र एवं वेंडिंग सर्टिफिकेट भी निर्गत किया है। बावजूद इसके रेलवे द्वारा नोटिस देकर दुकानें हटवाकर रोजी रोजगार छीनने का प्रयास कर रही है। इस पर रागिनी सिंह ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह इस मामले में धनबाद के डीसी एवं डीआरएम से बात कर समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगी। साथ ही रेल मंडल प्रबंधक धनबाद को स्टेशन रोड के 176 दुकानदारों की समस्या के निराकरण को लेकर एक पत्र लिखकर पूजा और त्योहारों को देखते हुए उन्हे न हटाए जाने की मांग की है। साथ ही फोन कर सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार को भी वास्तु स्थिति से अवगत कराया गया। दूसरी ओर, धनबाद नगर निगम द्वारा सरायढेला के फुटपाथ दुकानदारों को भी कब्जा हटाने का निर्देश दिया गया है। इसे लेकर सरायढेला फुटपाथ दुकानदारों ने भाजपा नेत्री रागिनी सिंह से आग्रह किया है कि वह इस मामले में नगर निगम प्रशासन से बात करें और उनके रोजी रोजगार की दिशा में सार्थक पहल करें। बताया की वे लोग कोरोना काल से ही आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। ऐसे में इनका रोजगार छीन जाने से परिवार के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इस पर रागिनी सिंह ने जल्द ही नगर निगम प्रशासन से इस बाबत बात कर समस्या के निदान की बात कही। धनबाद के डीसी संदीप कुमार सिंह को भी पत्र लिखकर पूजा त्योहारों को लेकर उन्हे न हटाए जाने की अपील की है।

## झरिया पुलिस ने पीडीएस का अनाज लदे टोटो सहित तस्कर को दबोचा

**झरिया/भगतडीह (आजाद सिपाही)।** जिला पुलिस प्रशासन की लाख सख्ती के बावजूद पीडीएस की तस्करी बदस्तूर जारी है। ताजा मामला सोमवार को झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग स्थित भगतडीह के समीप देखने को मिली। झरिया पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापामारी कर एक टोटो पर लदे पीडीएस के खाद्यान्न को जब्त करने के साथ ही सतीश नामक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं खबर पाकर झरिया सीओ सह



प्रभारी एमओ परमेश्वर कुशवाहा ने सतीश के कोयरिबांध सब्जी पट्टी स्थित घर व दुकान में छापामारी की है। जानकारी के अनुसार वर्तमान समय में अवैध धंधेबाजों ने अपने कार्य का प्रारूप बदला है। स्कूटी के माध्यम से अनाज की तस्करी का खेल खेल रहे है। सूत्रों की माने तो कुख्यात खाद्यान्न तस्कर मुन्ना कुछ ऊंचे ओहदेदारों व चंद भ्रष्ट नेताओं के गठजोड़ से झरिया के कोयरीबांध, मिश्रा पाड़ा, राजबाड़ी रोड़, चौथाई कुल्ही, ऊपर कुल्ही, शमशेर नगर, घनुडीह, तिसरा, भागा आदि इलाकों से सरकारी अनाज का अवैध खेल खुलेआम खेल रहा है। अवैध कारोबारी 10 रुपये प्रतिकिलो चावल सरकारी दुकानों से खरीद कर उसे खुदरा बाजारों में 35 की दर पर बेच देते है।

## पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो के स्कूली बस के धक्के से छात्र की मौत



**महुदा (आजाद सिपाही)।** महुदा थाना स्थित पांडेडीह वाशरी रेलवे पुल के नजदीक स्कूल बस की चपेट में आने से एक छात्र की मौत हो गई। उसकी पहचान मासुम रज्जा (15) के रूप में हुई है। वह रवि महतो विद्यालय के कक्षा 8वीं का छात्र था। इसी हादसे में एक अन्य छात्र घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक सोमवार की दोपर दो बजे विद्यालय की छुट्टी के बाद मासुम रज्जा और उसका साथी रोहित कुमार सड़क से जा रहे थे, तभी उक्त विद्यालय के बस की चपेट में आ गये। दोनों घायलों को धनबाद के अस्पताल में ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मासूम रज्जा की मौत हो गई। जबकि रोहित की स्थित नाजुक बताई जा रही हैं। उधर, मृतक के परिजनों ने विद्यालय के संस्थापक पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो के आवास पर मुवावजे की मांग की।

## शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले 400 शिक्षक सम्मानित

# शिक्षक देश व समाज के भविष्य निर्माता, इनको सम्मान देना सभी का कर्तव्य : पूर्णिमा सिंह

**प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन धनबाद ने किया शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड धनबाद की ओर से सोमवार को लिंडसे क्लब में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जहां शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले 400 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह ने खुद 100 शिक्षकों को सम्मानित किया। कहा कि शिक्षक देश और समाज के भविष्य निमार्ता हैं। इनके योगदान को सम्मान देना





शिक्षकों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह व अन्य शिक्षकगण।

हम सभी का कर्तव्य है। वहीं एसोसिएशन के संरक्षक एसके गुहा माउंट ब्रेशिया स्कूल ने 50 शिक्षको, प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश गिरी ने 100 शिक्षकों, महासचिव प्रवीण दूबे ने 100 शिक्षकों और जिलाध्यक्ष केडी चौधरी ने 50 शिक्षकों को सम्मानित किया। सभी शिक्षकों को सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्राइवेट स्कूल में कार्यरत सभी प्रखंड के शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अपने स्कूल में अच्छी शिक्षा देने, नियमावली का पालन करने और अच्छा रिजल्ट देने, विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर विजय दूबे, संजय चौबे, केके ठाकुर, एमके शर्मा, सुमन घोष, तापस बनर्जी, नीरज झा, पीयूष सरकार, बिट्टू चौधरी, इंदू शेखर झा, बसंत लाल गुप्ता, विजय महतो, प्रकाश बर्मा, बीके उपाध्याय, सुदेश कुमार, बिना रिटोलिया, प्रशांत सिंह, योगेश कुमार, रंजीत महतो, अभिषेक आनंद, प्रेम कुमार आदि मौजूद थे। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में ओरिएंट पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अभिषेक आनंद ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## कटक में नकली दवा कारोबार का मामला

# नकली दवा जब्ती के मामले में दो होल सेलर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कटक से दो मेडीसिन होलसेलर विक्रेताओं को गिरफ्तार किया गया। पुरी घाट थाना पुलिस दोनों आरोपियों को ड्रग गोडाउन लाकर जांच कर रही है। घटना में और कौन कौन शामिल है, उस दिशा में जांच चल रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ दिन पहले ड्रग कंट्रोल टीम को कटक में विभिन्न जगहों पर नकली दवा के लेन-देन की सूचना मिली थी। इसके बाद उन्होंने उक्त जगहों पर छापेमारी की। इस छापेमारी में भारी मात्रा में नकली दवा बरामद हुई। वह एक नामी कंपनी की नकली दवाएं बेच रहा था। घटना के सामने आने के बाद कटक जिला ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट एसोसिएशन ने दो होलसेलर विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की है। यूनियन ने दोनों व्यापारियों की सदस्यता रद्द कर दी और अब उन दो होलसेलर विक्रेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह को मिला ब्रह्मर्षि शिरोमणि सम्मान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महंत नारायण दास विश्वविद्यालय चंदौली समस्तीपुर में ब्रह्मर्षि एकता मंच द्वारा आयोजित ब्रह्मर्षि शिरोमणि सम्मान समारोह में उपस्थित रहा एवं कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान पूर्व विधायक दुर्गा प्रसाद सिंह, पूर्व पुलिस उपाधीक्षक सुनील कुंवर, वरिष्ठ साहित्यकार चांद मुसाफिर, अभिनेता अमिय कश्यप एवं मनोहर सिंह ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में एक सौ एक ब्रह्मर्षियों को ब्रह्मर्षि शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। ब्रह्मर्षि शिरोमणि सम्मान समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में डॉ उमेशकांत चौधरी, वरिष्ठ साहित्यकार ईश्वर करुण, बैद्यनाथ चौधरी, प्रो अवधेश झा, सुमित भूषण, आयुष कुमार, राजीव कुमार, निशा झा, साची सिंह भूमिहार, मणिकांत चौधरी, ललन प्रसाद शामिल थे।

## लगा था जाम, वक्त पर सर्जरी करने के लिए कार छोड़ दी

# बेंगलुरु में मरीज को बचाने के लिए डॉक्टर 3 किमी दौड़ पहुंचे हॉस्पिटल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में डॉक्टर ने अपने मरीज की जान बचाने के लिए ऐसा कदम उठाया, जो दूसरों के लिए मिसाल बन गया है। ये डॉक्टर हैं मणिपाल हॉस्पिटल में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के सर्जन डॉ गोविंद नंदकुमार। जो 30 अगस्त को एक अर्जेंट लेप्रोस्कोपिक गॉलब्लैडर की सर्जरी करने जा रहे थे, लेकिन वे सरजापुर-मराठल्ली पर जाम में फंस गये। डॉ नंदकुमार ने ट्रैफिक देख कर सोचा कि देर होने से महिला की जान को खतरा हो सकता है, इसलिए उन्होंने कार वहीं छोड़ दी और सर्जरी करने के लिए तीन किलोमीटर तक दौड़ लगा कर हॉस्पिटल पहुंचे। इसका वीडियो अब वायरल हो रहा है।

डॉ नंद कुमार ने बताया कि वे सेंट्रल बेंगलुरु से मणिपाल अस्पताल, सरजापुर के लिए डेली ट्रैवल करते हैं। उस दिन भी वे टाइम से पहले घर से निकले। उनकी टीम सर्जरी के लिए पूरी तरह से तैयार थी। हैवी ट्रैफिक को देखते हुए उन्होंने कार को ड्राइवर के साथ छोड़ने का फैसला किया और बिना सोचे-समझे अस्पताल की ओर दौड़ लगा दी।

डॉक्टर नंदकुमार की टीम जो मरीज को एनेस्थीसिया देने के लिए तैयार थी, उनके ऑपरेशन थिएटर में पहुंचते ही हरकत में आ गई। बिना किसी देरी के डॉक्टर ने सर्जिकल ड्रेस पहना और ऑपरेशन किया। जो सफल रहा और महिला मरीज को समय पर छुट्टी दे दी गयी।

डॉक्टर नंद कुमार ने दौड़ने का एक शॉर्ट वीडियो भी बनाया था, जिसे उन्होंने सोमवार को शेयर किया है। उन्होंने बताया कि- यह पहली बार नहीं है जब मुझे इस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा है। बेंगलुरु के कई हिस्सों में कई बार पैदल यात्रा करनी पड़ती है, कभी-कभी रेलवे लाइनों को पार करना पड़ता है।

# पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, खोरधारोड की स्पॉट ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, खोरधारोड ने बच्चों की छिपी प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खोरधारोड मंडल के अराजपत्रित रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए स्पॉट ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया है। प्रतियोगिता का आयोजन पांच रेलवे स्टेशनों पर अर्थात खोरधारोड, कटक, भद्रक, अनुगुल और पलासा रेलवे स्टेशनों के विभिन्न केंद्रों पर किया गया था। प्रतियोगिता में कुल 276 रेलवे बच्चों ने भाग लिया। पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा शुभ लक्ष्मी जेना प्रतियोगिता के दौरान उत्कल पब्लिक स्कूल, खोरधारोड में उपस्थित रहीं और सभी प्रतिभागियों को उपहार दिये और कहा कि बच्चों को न केवल शिक्षा में बल्कि विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी खुद को विकसित करना चाहिए। पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्ष सीमा पंवार, सचिव पल्लवी चौहान और अन्य सदस्यों ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया।

# 115 शहरों में बीएसएच होम अप्लायंसेज का ऑल-इंडिया फ्री सर्विस कैंप शुरू

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** यूरोप का सबसे बड़ा होम अप्लायंसेज निर्माता बीएसएच होम अप्लायंसेज 12 से 17 सितंबर के बीच भारत के 115 शहरों में ऑल-इंडिया फ्री सर्विस कैंप (एफएससी) का आयोजन कर रहा है। यह फ्री सर्विस कैंप राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पंजाब, गुजरात, तमिल नाडु और कर्नाटक आदि राज्यों के मुख्य शहरों में लगाया गया है। इस कैंप के दौरान ग्राहकों को एक्सटेंडेड वॉरंटी पर 20 प्रतिशत की छूट, स्पेयर पार्ट्स, एक्सेसरीज और कंज्यूमेबल्स पर 10 प्रतिशत की छूट तथा विजिट एवं लेबर शुल्क में पूरी छूट मिलेगी। फ्री सर्विस कैंप की अवधि में सभी फायदे प्राप्त करने के लिए ग्राहकों को 1800-266-1880 पर कॉल करके या service.in@bosch-home.com पर मेल कर अपना प्री-रजिस्ट्रेशन करावाना आवश्यक है।

# वायुसेना भुवनेश्वर बाली यात्रा ग्राउंड में एयर शो करेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** वायुसेना भुवनेश्वर बाली यात्रा ग्राउंड में एयर शो करेगी। कुआखाई नदी के तट पर 16 तारीख को होने वाले सूर्यकियरण शो की तैयारी शुरू हो गयी है। इसके लिए पुलिस कमिश्नर और डीसीपी ने जमीनी स्थिति का जायजा लिया है। प्रदर्शनी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक व्यवस्था केसै किया जाए उसको लेकर जॉच कर रहे हैं।

हालांकि स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव के अवसर पर वायुसेना सूर्यकिरण एयर शो के लिए इंडक्शन टीम सोमवार को भुवनेश्वर पहुंचेगा। एन-32 विमान में इंडक्शन टीम पहुंचेगा। 13 तारीख को शो में 11 विमान हिस्सा लेंगे। इस शो में 9 हॉक विमान हिस्सा लेंगे और 2 स्टैंड बाई रहेंगे ।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातु, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**